सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार,08 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 331, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## इंडिगो ने अब तक 610 करोड़ के रिफंड की प्रक्रिया पूरी की: सरकार

इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है। } 14

## प्रधानमंत्री आज लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा शुरू करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। } 16

### संक्षेप

## कार-ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में रविवार को एक कार और ट्रक की टक्कर में चार पुरुषों और 17 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना दुलदुला थाना क्षेत्र के पतराटोली गांव के पास तड़के उस समय हुई, जब कार सवार लोग मनोरा के पास एक मेले में ऑर्केस्ट्रा शो देखने के बाद अपने पैतृक स्थान खटंगा लौट रहे थे। दुलदुला थाना प्रभारी केके साहू ने बताया, कार और ट्रक के बीच आमने-सामने की हुई टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को इस दुर्घटना की सूचना दी।

## इजराइल और भारत के बीच सहयोग के अवसर

यरुशलम। इजराइली अधिकारी ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना को बेहतरीन करार दिया और कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध बेहद मजबूत हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के अनंत अवसर मौजूद हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी। विदेश मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के पास साथ मिलकर काम करने के अनंत अवसर हैं। इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल। पहले चरण के लिए हम यही चाहते हैं कि ये दोनों देश एक बड़े ढांचे का हिस्सा हों। आईएमईसी, तीन क्षेत्रों में संपर्क, व्यापार और स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य वाली एक परिवर्तनकारी पहल है।

## पंजाब में हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पांच पिस्तौल बरामद की गई हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी अपने वांछित सहयोगी सैफली सिंह के साथ मिलकर पाकिस्तान स्थित एक आका के निर्देश पर हथियारों की खेप प्राप्त कर रहा था और पंजाब में अपराधियों और गैंगस्टर को इनकी आपूर्ति कर रहा था। अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है।

# साइबर अपराध में चीन से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसका कथित तौर पर चीन से संदिग्ध संबंध है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस गिरोह ने ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर एक वरिष्ठ नागरिक से कथित तौर पर 33 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। पुलिस ने बताया कि 61 वर्षीय एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि ऑनलाइन निवेश की आड़ में उनके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि पैसा कई खातों के माध्यम से अंततः एक फर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बैंक खातों में पहुंचा। उन्होंने बताया कि फर्जी कंपनी से जुड़े दो लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी शिवम सिंह और दिल्ली निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया, लक्ष्य को 19 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने सह-आरोपी शुभम और अन्य के निर्देश पर एक कंपनी का खाता खोलने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि उसने बैंक खाते बनाए और सिम कार्ड खरीदे, ...शेष पृष्ठ 14 पर

> फर्जी कंपनी से जुड़े दो लोगों में फैजाबाद निवासी शिवम सिंह और दिल्ली निवासी लक्ष्य

# विशाल गीता पाठ समारोह में लाखों लोग हुए शामिल

## कोलकाता में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- सनातन एकता ही इस देश और दुनिया के लिए शांति का सबसे बड़ा जरिया है

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में नई बाबरी मस्जिद विवाद के बीच कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में सामूहिक भगवद गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस गीता पाठ में लाखों श्रद्धालुओं, साधुओं और साध्वियों ने हिस्सा लिया। गीता पाठ में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया। सनातन संस्कृति संसद द्वारा 'लोक्खो कंठे गीता पाठ' का आयोजन किए जाने पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, आज पश्चिम बंगाल की पवित्र धरती कोलकाता में 5 लाख लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया।

जोश और आस्था का सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। हम पश्चिम बंगाल और कोलकाता के लोगों, भारत के लोगों का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। सनातन एकता ही इस देश और दुनिया के लिए शांति का सबसे बड़ा जरिया है। भारत में हमें 'सनातनी' चाहिए, 'तनातनी' नहीं। भारत में हमें 'भगवा-ए-हिंद' चाहिए, 'गजवा-ए-हिंद' नहीं। पंच लाखो कोंठे गीता पाठ (एक साथ पांच लाख गीता पाठ) नामक इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कृति संसद द्वारा किया गया जो विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों के भिक्षुओं और आध्यात्मिक नेताओं का एक समूह है। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं सहित उत्साही भीड़ ने शंखनाद और जयघोष के बीच भगवान कृष्ण का नाम जपते हुए जयकारे लगाए। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने सभा को संबोधित करते हुए भगवद् गीता का पाठ किया तथा शांति और अहिंसा की बात की। प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा कि लाखों की संख्या में लोगों का एकत्रित होना स्वतःस्फूर्त था और इसमें किसी राजनीतिक दल की कोई भूमिका नहीं थी। प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा, प्रशासन के एक वर्ग के असहयोग के बावजूद पांच लाख से अधिक लोग प्रेम और भक्ति के कारण भगवद् गीता का पाठ करने और सनातन हिंदू धर्म को बचाने के लिए स्वेच्छा से आए। पॉल ने कहा, गीता केवल हिंदुओं के लिए नहीं है, यह भारत के सभी 140 करोड़ लोगों के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गोवा के नाइट क्लब में लगी आग, 25 की मौत

## सरकार सख्त, चार गिरफ्तार, मृतकों में चार पर्यटक भी शामिल

एजेंसी



पणजी। उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद भीषण आग लग जाने से 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के दो मालिकों, उसके प्रबंधक और कार्यक्रम आयोजकों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की और अरपोरा-नागोवा पंचायत के सरपंच को हिरासत में लिया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने नाइट क्लब में लगी आग की घटना की रविवार को मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिए। यह नाइट क्लब राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है। यह पार्टी स्थल पिछले साल ही खुला था। मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि शेष सात की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने अरपोरा-नागोवा पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर सहित चार को हिरासत में लिया, जिन्होंने 2013 में परिसर के लिए व्यापार लाइसेंस जारी किया था। रेडकर ने कहा कि क्लब का संचालन सौरव लूथरा द्वारा किया जाता था, जिनका अपने साथी के साथ विवाद था। रेडकर ने कहा, उनके बीच विवाद था और उन्होंने एक-दूसरे के खिलाफ पंचायत में शिकायत दर्ज कराई थी। हमने परिसर का निरीक्षण किया और पाया कि उनके पास क्लब निर्माण की अनुमति नहीं थी। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लोग पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के भूतल पर फंस गए थे जिसके कारण अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई। एक ग्राम अधिकारी ने दावा किया कि निर्माण अनधिकृत था, लेकिन क्लब को ढहाए जाने के नोटिस पर एक उच्च प्राधिकारी ने रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प व्यक्त किया है जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति ...शेष पृष्ठ 14 पर

> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर जताया शोक

**एक दशक में कब कहां किस नाइटक्लब में लगी आग :** मार्च ,2025 में उत्तर मैसेडोनिया के एक नाइट क्लब में लगी भीषण आग से 62 लोगों की मौत हुई थी। अक्टूबर 2015 में रोमानिया के बुखारेस्ट स्थित कोलेक्टिव नाइट क्लब में आग लगने से 64 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दिसंबर 2016 में कैलिफोर्निया के ओकलैंड में घोस्ट शिप गोदाम में लगी आग में 36 लोगों की जान चली गई। ओकलैंड के इतिहास की सबसे भीषण आग एक इलेक्ट्रॉनिक संगीत और नृत्य पार्टी के दौरान लगी थी। जनवरी 2022 में कैमरून के याओंडे स्थित एक नाइट क्लब में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई। क्लब में शैंपेन परोसे जाने के दौरान जलाए गए पटाखों के कारण आग लगी। जनवरी 2022 में इंडोनेशिया के पश्चिमी पापुआ प्रांत के सोरोंग नाइट क्लब में आग लगने से 19 लोगों की मौत हो गई। क्लब को इमारत के अंदर दो समूहों के बीच झड़प के कारण जला दिया गया था। अगस्त 2022 में बैंकॉक, थाईलैंड के माउंटेन बी नाइट क्लब में आग लगने से 23 लोगों की जलकर मौत। संभवतः शॉर्ट सर्किट या विद्युत प्रणाली में किसी समस्या के कारण आग लगी।

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के लिए खेल मंत्रालय ने बनायी चयन समिति

एजेंसी



नई दिल्ली। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने वर्ष 2025 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, द्रोणाचार्य और अर्जुन पुरस्कारों के चयन हेतु नई समिति का गठन किया है।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा समिति के अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने साल 2025 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार के लिए चयन समिति के गठन की घोषणा कर दी है। यह समिति खिलाड़ियों और कोचों के नामों की अनुशंसा संबंधित पुरस्कार योजनाओं के अनुसार करेगी। जारी आदेश के अनुसार, समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा करेंगे। समिति में खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों, खिलाड़ियों, कोचों और खेल पत्रकारों को शामिल किया गया है। समिति के प्रमुख सदस्य इस प्रकार हैं- जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा (अध्यक्ष),झूलन गोस्वामी (क्रिकेट),एम. एम. सोमैया (हॉकी), अपर्णा पॉपट (बैडमिंटन),विजय लोकपल्ली (खेल पत्रकार),हेमंत रस्तोगी (खेल पत्रकार),एच. एन. गिरीशा (पैरा स्पोर्ट्स विशेषज्ञ),गगन नारंग (निशानेबाज, ओलंपियन), देवेंद्र कुमार राठौर (जिम्नास्टिक्स, द्रोणाचार्य अवार्डी),सीईओ, टॉप्स झ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, ईडी (टीम्स) झ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, डॉ. शभित जैन, संयुक्त सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (सदस्य सचिव) खेल मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता, डियरनेस अलाउंस और आवास की सुविधाएं केंद्र सरकार के ग्रुप 'ए' अधिकारियों के नियमों के अनुसार उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं अमेरिकी उप विदेश मंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिका की उप विदेश मंत्री (राजनीति मामलें)एलिसन हुकर द्विपक्षीय रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को नयी दिल्ली पहुंचीं।

हुकर की नयी दिल्ली और बेंगलुरु की यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया है, जिसमें भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क भी शामिल है। अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि उप विदेश मंत्री हुकर की यात्रा, मजबूत अमेरिका-भारत साझेदारी और स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है। बयान के मुताबिक, हुकर की 7-11 दिसंबर की यात्रा का उद्देश्य अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना, अमेरिकी निर्यात बढ़ाने सहित आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को प्रगाढ़ करना तथा कृत्रिम मेधा और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देना है। दूतावास ने कहा कि नयी दिल्ली में उप विदेश मंत्री हुकर वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगी, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ विदेश कार्यालय में परामर्श भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि बेंगलुरु में, हुकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय का दौरा करेंगी। वह भारत के गतिशील अंतरिक्ष, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों का नेतृत्व करने वालों से मिलेंगी, ताकि अमेरिका-भारत अनुसंधान साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके और विस्तारित सहयोग के अवसरों का पता लगाया जा सके। अमेरिकी उप मंत्री की यह यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शिखर वार्ता के दो दिन बाद हो रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर में सेना और नागरिकों में समन्वय अविश्वसनीय था

## रक्षामंत्री ने किया देश के विभिन्न हिस्सों में बीआरओ की पूरी हुई 125 बुनियादी ढांचा का उद्घाटन

एजेंसी



लेह। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बल और भी बहुत कुछ कर सकते थे लेकिन उन्होंने जानबूझकर संयमित और संतुलित प्रतिक्रिया का विकल्प चुना।

सिंह ने कहा कि मई में हुए ऑपरेशन ने भारतीय सेना की क्षमता और अनुशासन को रेखांकित किया, जिन्होंने बिना तनाव बढ़ाये आतंकी खतरों को बेअसर कर दिया। रक्षामंत्री सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमने अपने सशस्त्र बलों, नागरिक प्रशासन और सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के बीच जो समन्वय देखा, वह अविश्वसनीय था। मैं लद्दाख और सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रत्येक नागरिक के प्रति हमारे सशस्त्र बलों को अपना समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। सिंह ने कहा कि यह समन्वय ही हमारी पहचान है। हमारा आपसी बंधन ही हमें दुनिया में सबसे अलग पहचान देता है। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सात मई को शुरू किया गया था, जिसका लक्ष्य पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाना था। यह अभियान जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को किये गए उस हमले का बदला लेने के लिए शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे और इस हमले में जान गंवाने वालों में से अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने कहा, कुछ ही महीने पहले, हमने देखा कि कैसे पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के जवाब में, हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और दुनिया जानती है कि उन्होंने आतंकवादियों के साथ क्या किया। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, बेशक, अगर हम चाहते तो और भी बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन हमारे बलों ने ना केवल वीरता, बल्कि संयम का भी परिचय दिया और केवल वही किया जो जरूरी था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इतना बड़ा ऑपरेशन मजबूत कनेक्टिविटी के कारण ही संभव हो पाया। सिंह ने कहा, हमारे सशस्त्र बल समय पर रसद पहुंचाने में सक्षम थे। सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ संपर्क भी बनाए रखा गया, जिससे ऑपरेशन सिंदूर को ऐतिहासिक सफलता मिली। रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुरक्षा को कई तरह ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- योगी के नेतृत्व में स्टार्टअप इंडिया की नयी धड़कन बना यूपी (पृष्ठ-02)
- कांग्रेस प्रवक्ता के लिए हुआ प्रतिभागियों का साक्षात्कार (पृष्ठ-02)
- एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की चाल (पृष्ठ-14)
- सरसों तेल-तिलहन में गिरावट, पामोलीन में सुधार (पृष्ठ-14)
- कंपनियों की पूंजी 72285 करोड़ रुपये बढ़ी (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान के कई शहरों में घने कोहरे का अलर्ट

# भीषण सर्दी से ठिठुरा उत्तर भारत

विशेष संवाददाता



नयी दिल्ली/लखनऊ। उत्तर भारत रविवार को भीषण सर्दी की चपेट में रहा। पहाड़ी राज्यों, विशेषकर हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में हो रही भारी बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन और शीतलहर बढ़ा दी है। दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश की चेतावनी है जबकि दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान के कई शहरों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में निरंतर बर्फबारी हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला गया है, जिसके परिणामस्वरूप मैदानी क्षेत्रों की ओर ठंडी, बर्फीली हवाओं का प्रवाह बढ़ गया है। पहाड़ों पर हल्के हिमपात, लगातार खिल रही धूप व मैदानों में घने कोहरे के बीच हिमाचल में पर्यटन कारोबार बढ़ने लगा है। लेह में स्कूलों की छुट्टियों का एलान हो गया है। कश्मीर में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है, जिससे नदी और झरने जम गए हैं। तापमान में गिरावट के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की आशंका जताई है। वही, लेह में स्कूलों की छुट्टियों का एलान हो गया है। पंजाब, दिल्ली और हरियाणा में कड़ाके की ठंड और कई स्थानों पर शीतलहर की गंभीर स्थिति बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए शीतलहर और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश भी कड़ाके की सर्दी की गिरफ्त में है। यहाँ के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे है, जिससे लोगों को ठिठुरन भरी सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाकों की बर्फबारी ने पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ा दी है, और मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति आने वाले दिनों में और गंभीर हो सकती है। मनाली-लेह मार्ग रविवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कार का टायर फटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

जिला संवाददाता

गोंडा। जिले में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गये।

पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रमोद गुप्ता के बेटे नितिन की शादी में शामिल होने के लिए उनकी बेटी नेहा (28), दामाद अक्षत अग्रवाल (35), नाती अनाया (तीन), दामाद की मां नीता अग्रवाल (55) और साढ़ू का बेटा आशू अग्रवाल (34) आए थे और कार्यक्रम में शामिल होकर वे सभी बेंगलूरू वापस जा रहे थे तथा बेटा नितिन सभी को छोड़ने के लिए कार से अयोध्या हवाई अड्डे जा रहा था। रास्ते में गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला मोड़ के पास अचानक कार का टायर फट गया जिससे बेकाबू कार सामने से आ रही उत्तराखंड परिवहन की बस से टकरा गई। अधिकारियों के मुताबिक, हादसे में अक्षत, आशू और नीता की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठे तीन लोग दरवाजा टूटने पर बाहर गिर पड़े और आगे बैठे लोग दो एयरबैग के खुलने की वजह से बच गए। नितिन और नेहा को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है तथा अनाया को मामूली चोटें आई हैं। गोंडा मेडिकल कॉलेज के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीएन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अवैध शराब माफियाओं पर योगी आदित्यनाथ सरकार का चला चाबुक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अवैध शराब और मादक द्रव्यों के खिलाफ अपना अब तक का सबसे सबसे व्यापक और असरदार अभियान चलाकर शराब माफियाओं को सख्त संदेश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट कर दिया

- **विशेष अभियानों द्वारा उत्तर प्रदेश में अंतर्राज्यीय गिरोह ध्वस्त**
- **रामपुर, बरेली, लखीमपुर खीरी में अवैध शराब की सबसे ज्यादा बरामदगी, प्रदेश में 18.5 लाख लीटर अवैध शराब बरामद**

है कि अवैध शराब माफिया के लिए प्रदेश में न तो जगह है और न ही कोई ढिलाई। सख्त नीति, संयुक्त प्रवर्तन तंत्र और लगातार निगरानी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को और मजबूत करते हुए जनसुरक्षा को केंद्र में रखा है।

आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025झ26 में अक्टूबर 2025 तक शराब तस्करों के खिलाफ कुल 70,017 मामले दर्ज किए और 18.5 लाख लीटर अवैध शराब बरामद की। अवैध शराब की बिक्री से जुड़े



13,243 लोगों को पकड़ा गया और 2,464 आरोपियों को जेल भेजा गया। आबकारी विभाग का अभियान इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार इस पूरे नेटवर्क को उखाड़ फेंकने की दिशा में कड़ाई बरत रही है। नवंबर 2025 में भी अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध सरकार का अभियान जारी रहा और सिर्फ एक माह में 10,002 अभियोग दर्ज करने के साथ 2.35 लाख लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गई।

त्योहारों और विशेष अवसरों पर अवैध शराब की मांग बढ़ने की आशंका को देखते हुए सरकार ने वर्ष 2025झ26 में अक्टूबर तक 5 विशेष छापेमारी अभियान चलाए। अभियान का छठा चरण 17 नवंबर से आरंभ हुआ है जो 16 दिसंबर तक जारी रहेगा। इन अभियानों के दौरान 20,590 मामले दर्ज किए गए और 5.2 लाख लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गई। अभियान के दौरान 3,976 गिरफ्तारियां और 657 आरोपियों को जेल भेजा गया। आबकारी विभाग की टीम ने 23 तस्करी वाहन भी जब्त किए। अवैध शराब कारोबार के खिलाफ योगी आदित्यनाथ सरकार की संगठित, रणनीतिक और सख्त कार्रवाई एक मिसाल बन गई है।

आबकारी विभाग द्वारा अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच अंतरराज्यीय तस्करी के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियानों में प्रदेश ने बड़ी सफलताएं अर्जित की है। इस अवधि में सोनभद्र में 18,491 लीटर, मथुरा में 9,913 लीटर, लखनऊ में 7,247 लीटर, बलिया में 6,152 लीटर, और आजमगढ़ में 4,958 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। बरामदगी की मात्रा और अभियोगों की गंभीरता साफ दशार्ती है कि अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय गिरोहों पर इस बार की कार्रवाई सबसे प्रभावी रही।

आबकारी विभाग द्वारा कई जिलों में एक ही अभियान में बड़ी मात्रा में शराब पकड़े जाने से यह भी स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ सरकार की आक्रामक रणनीति से सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी की गतिविधियों पर लगाम लगा है। अक्टूबर 2025 तक चले छापेमारी अभियानों में सबसे अधिक शराब की बरामदगी रामपुर जिले से हुई है। यहां से कुल 62,950 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई। वहीं बरेली में 59,451 लीटर, लखीमपुर खीरी से 55,697 लीटर, झांसी में 45,080 लीटर और हरदोई में 45,053 लीटर शराब जब्त हुई। जो इन जिलों में चलाए गए सघन अभियानों की सफलता को रेखांकित करती है। इन जिलों में दर्ज अभियोगों की संख्या भी उल्लेखनीय रही। लखीमपुर खीरी में 2,480, रामपुर में 1,677, बरेली में 1,646 अभियोग दर्ज किए गए। इन अभियानों में तस्करी में उपयोग हुए वाहनों की भी बड़ी संख्या में जब्ती हुई जिससे अवैध शराब कारोबार की कमर टूट गई।

# सड़क परिवहन ढांचे का किया जा रहा है आधुनिकीकरण

## यूपी परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय की कई योजनाओं को मिली स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा, आधुनिक परिवहन ढांचे और तकनीकी सुदृढ़ीकरण को गति देने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। यूपी परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की कई महत्त्वपूर्ण पूंजीगत एवं राजस्व योजनाओं के प्रस्ताव को मुख्य सचिव

- **प्रदेश में सड़क परिवहन होगा और सुरक्षित**
- **इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस, सीसीटीवी नेटवर्क के जरिये पुख्ता होगी सुरक्षा**
- **इंटरसेप्टर वाहनों की होगी खरीद, यातायात जागरूकता पर रहेगा विशेष जोर**

की बैठक में स्वीकृति मिली है। इन योजनाओं के तहत अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइसेस, सीसीटीवी नेटवर्क का विस्तार, बीटीटीई इकाइयों के लिए उपकरण, के-इन-मोशन सेंसर, इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद और यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

यूपी परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय की ओर से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं में कमी




लाने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य सचिव की बैठक में जरूरी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत राजधानी, लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के लिए 4.96 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृति दी गई है। साथ ही मुरादाबाद और बलिया जनपद में प्रमुख चौराहों पर इंटीग्रेटेड सीसीटीवी इंस्टालेशन के लिए लगभग 3.10 करोड़ रुपये की राशि को स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही बीटीटीई ईकाइयों के लिए ट्रक सिमुलेटर और अन्य तकनीकी उपकरणों की खरीद के लिए 1.28 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। इसके अलावा बीटीटीई हांसी इकाई के लिए वाहन खरीद को भी मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से राज्य के 25 हाई-रिस्क वाले जिलों में डीआरएससी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस लगाने की योजना तेजगति से आगे बढ़ाई जा रही है। परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय की ओर से हाई-रिस्क वाले जिलों में 1करोड़ प्रति जनपद की दर से 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिले की दर से अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की राशि को भी मंजूरी दी गई है। समीक्षा बैठक में परिवहन विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में इंटरसेप्टर वाहनों एवं अन्य उपकरणों के लिए 19.95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से लगभग 17.15 करोड़ रुपये से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद की जा चुकी है। साथ ही उन्होंने बताया कि 18 के-इन-मोशन सेंसरों के लिए 14.05 करोड़ रुपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। विभाग ने सेंसरों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्लेटफार्म और अतिरिक्त संरचना निर्माण के लिए भी नए प्रस्ताव भेजे हैं।

प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार, ई-चालान प्रणाली, साइनेज बोर्ड, इंटरनेट सेवाएं, उपकरणों की मरम्मत, मोबाइल रिचार्ज और अभियानों के संचालन के लिए 2.10 करोड़ से अधिक की राजस्व योजनओं को मंजूरी मिली है। इसके साथ ही यातायात निदेशालय द्वारा 25 करोड़ रुपये की लागत से 4,500 आयरन बैरियर, 4,525 फोल्डिंग बैरियर, 7,200 सेफ्टी हेलमेट, 8,000 फ्लोरोसेन्ट जैकेट, 270 ब्रेथ एनालाइजर, 85 स्पीड लेजर गन, 15 चार-पहिया एवं 62 दो-पहिया इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद भी की जाएगी। इसमें सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाले अन्य जरूरी आधुनिक उपकरणों की खरीद भी शामिल हैं। यूपी परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय प्रदेश में सड़क सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग और यातायात प्रबंधन को अत्याधुनिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जो प्रदेश में सड़क दुर्घटना के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाने के साथ, लोगों को सुरक्षित परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध करवाएगा।

# सोलर बूम : योगी आदित्यनाथ सरकार ने रचा इतिहास तीन लाख इंस्टॉलेशन का रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और स्पष्ट नीति निर्देशन का ही परिणाम है कि राज्य में सौर ऊर्जा के तीन लाख इंस्टॉलेशन (3,00654) का

- **1038.27 मेगावॉट क्षमता ने बढ़ायी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की रफ्तार**
- **2074.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत**
- **गांवों से शहरों तक सोलर रूफटॉप ने बदली उपभोक्ताओं की आर्थिक तस्वीर**

लक्ष्य पार कर लिया है। उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जो उपलब्धि हासिल की है वह ऐतिहासिक है।

यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी सौर राज्यों में शामिल करती है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस मामले में गुजरात और महाराष्ट्र ही उत्तर प्रदेश से आगे हैं । आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 983915 आवेदनों में से 300654 इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। राज्य में सौर ऊर्जा की कुल इंस्टॉलेशन क्षमता 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है जिससे लाखों परिवारों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार अब तक 2074.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी कर चुकी है जिसने उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है।

पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सोलर रूफटॉप



की पहुंच बढ़ाने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया डिजिटल मॉनिटरिंग और समयबद्ध इंस्टॉलेशन पर विशेष जोर दिया गया है।

पीएम सूर्यघर योजना और राज्य की नई सौर नीति के जरिए बड़े पैमाने पर अवसंरचना तैयार की गई जिसने ऊर्जा क्षेत्र में विश्वास और सरलता का नया माहौल बनाया है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा की यह तेज प्रगति आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। मौजूदा 1038.27 मेगावॉट क्षमता न सिर्फ बिजली की मांग को संतुलित कर रही है बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। इसका लाभ उद्योगों कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को समान रूप से मिल रहा है जिससे प्रदेश की आर्थिक गति और तेज हो रही है। इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। सोलर इंस्टॉलेशन से गांवों में बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है। कई परिवार अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड को बेचकर सालाना आय भी बढ़ा रहे हैं। यही वजह है कि सौर ऊर्जा के लिए आवेदन संख्या लगातार बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी बाजारों में तेजी से उभर रहा है। सरकारी आंकड़ों और जमीनी स्थितियों से यह स्पष्ट होता है कि योगी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में गति और पारदर्शिता दोनों को प्राथमिकता दी है।

# सहायक अध्यापक की परीक्षा दिसंबर व जनवरी में होगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार प्रदान करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता लगातार साकार हो रही है। इसी कड़ी में लोक सेवा आयोग द्वारा दिसंबर और जनवरी माह में सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के माध्यम से 15 विषयों में कुल 7466 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह परीक्षा, योगी सरकार के मिशन रोजगार के माध्यम से युवाओं के सपनों को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के तहत परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने की व्यापक तैयारी की गई है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन जनपदों में परीक्षा केंद्र हैं, वहां के जिलाधिकारी स्वयं व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रवेश के समय

- **15 विषयों के 7466 पदों के लिए होगी भर्ती परीक्षा**
- **परीक्षा को पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए की जा रहीं व्यापक तैयारियां**

बायोमेट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग की कड़ाई, पूर्णतः क्रियाशील सीसीटीवी कैमरे, एलआईयू और एसटीएफ की निगरानी टीमों की सक्रिय उपस्थिति के साथ ही संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता सुनिश्चित की जाएगी। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने हेतु कलर एवं कोड आधारित एसएमएस प्रणाली लागू होगी। ट्रेजरी से गोपनीय सामग्री की निकासी और परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंच सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित समय पर की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी समय से पूर्ण कर लिया गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सरकारी सेवाओं में 8.5 लाख से अधिक नियुक्तियां प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पारदर्शी, त्वरित और तकनीक-आधारित भर्ती व्यवस्था से युवाओं को व्यापक अवसर मिल रहे हैं। साथ ही, राज्य में बढ़ते निवेश के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हुए हैं।

# मुख्य सचिव एसपी गोयल को प्रतीकात्मक झंडा लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया

**लखनऊ।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के पावन अवसर पर मुख्य सचिव एस.पी.गोयल को सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उप्र के निदेशक ब्रिगेडियर अतुल कुमार एस. एम. (अ. प्रा.) ने प्रतीकात्मक झंडा लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं का साहस,

- **सैनिक कल्याण निधि में योगदान देने की अपील**

शौर्य, त्याग, बलिदान तथा निःस्वार्थ भाव से सेवा करने का स्वर्णिम इतिहास रहा है।

सशस्त्र सेनाएं कठिन परिस्थितियों और दुर्गम स्थानों पर न केवल राष्ट्र की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखण्डता को बनाए रखने, अपितु देश की आन्तरिक कठिनाइयों व दैवीय आपदाओं के



समय लोगों की जीवन रक्षा करने तथा उन्हें राहत पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न करती हैं। इस पुनीत अवसर पर उन्होंने देश की सशस्त्र सेनाओं के सभी सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उप्र के अतिरिक्त निदेशक कर्नल शैलेंद्र उत्तम (अ. प्रा.), कर्नल बलराम तिवारी तथा विंग कमांडर परमिंदर कौर (अ. प्रा.) उपस्थित रहीं।

## बाबर के नाम पर बनी हर मस्जिद का विरोध होगा

**झांसी।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को चेतावनी दी कि मुगल बादशाह बाबर के नाम पर किए गए किसी भी निर्माण का कड़ा विरोध किया जाएगा। मौर्य की यह प्रतिक्रिया तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के बाद आई है। उन्होंने कहा कि मस्जिद बनाने का कोई विरोध नहीं है मगर बाबर के नाम पर कोई मस्जिद बनाएगा तो उसका विरोध होगा। प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। यहां एक समीक्षा बैठक में शामिल होने आए मौर्य ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, बिहार में हुई करारी हार के बाद सपा प्रमुख का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और वह मुंगेरीलाल जैसे सपने देखने लगे हैं।

# मतदाताओं के गणना प्रपत्र को थर्ड ऑप्शन में कर दिया सबमिट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है कि अमेठी गौरीगंज विधान सभा, गोण्डा करनैलगंज विधानसभा, प्रयागराज कोरांव विधान सभा, शामली

- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर एसआईआर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की उठायी मांग**

में बीएलओ द्वारा अधिकांश मतदाताओं के गणना प्रपत्र को थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया गया है।

जबकि मतदाताओं ने 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम या अपने माता-पिता आदि रिलेटिव का नाम दर्ज होने का पूर्ण विवरण सही ढंग से भर कर बीएलओ के पास जमा कर दिया है, मिजार्पुर व बागपत में 2003 मतदाता सूची से मतदाताओं के लापता होने सम्बन्धी शिकायतों को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही किया जाए जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को केके श्रीवास्तव और राधेश्याम सिंह ने यह ज्ञापन सौपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अमेठी, गौरीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 389 मतदेय स्थलों में से 110 मतदेय स्थलों के 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया गया है, जबकि अधिकांश मतदाताओं ने गणना प्रपत्र में 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपना नाम या अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी आदि रिलेटिव का नाम पूर्ण विवरण सहित सही ढंग से भर कर गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा कर दिया है। अमेठी, गौरीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 322 में मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओ ऐप में क्यू आर स्कैन करने पर जिस मतदाता का गणना प्रपत्र होता है उसकी जगह पर किसी और मतदाता का विवरण दिखलाई देता है।

गोण्डा, करनैलगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 5, 95, 97, 99, 101, 102, 106, 113, 123, 126, 127, 164, 172, 173, 190, 195, 196, 197, 201, 202, 204, 208, 210, 211, 223, 246, 285, 289, 290, 359, 361, 364, 365, 370, 371, 373 में 50 प्रतिशत से लेकर 79 प्रतिशत तक मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया गया है, जबकि अधिकांश मतदाताओं द्वारा 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपना नाम या अपने माता-पिता आदि रिलेटिव का नाम दर्ज होने का विवरण सही ढंग से भरकर बीएलओ के पास जमा कर दिया है, ऐसे मतदाताओं को अनावश्यक रूप से नोटिस देकर उनसे दस्तावेज देने के लिए कहा जायेगा।प्रयागराज, कोरांव विधान सभा में अधिकांश मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया गया है, जबकि मतदाताओं ने 2003 की मतदाता सूची में दर्ज अपना नाम व अपने माता-पिता आदि रिलेटिव का नाम सही ढंग से भर कर बीएलओ के पास जमा कर दिया गया था।शामली, थाना भवन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल संख्या 142 से 151 तक में गणना प्रपत्र का वितरण कार्य अधूरा है। सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र नहीं दिया गया है और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपरोक्त मतदेय स्थलों पर बंद कर दी गई हैं, जिससे मतदाताओं को कठिनाई का सामना करना पड रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्टार्टअप इंडिया की नयी धड़कन बना यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज स्टार्टअप इंडिया की नई धड़कन बनकर उभर रहा है। प्रदेश सरकार के संकल्पित प्रयासों और उद्योग अनुकूल

- **सरकारी नीतियों से आईटी सेक्टर में त्वरित वृद्धि से स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिला नया आयाम**
- **18568 सक्रिय स्टार्टअप के साथ युवाओं को जॉब क्रिएटर बनाने में जुटी प्रदेश सरकार**

नीतियों ने राज्य में एक नई स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दिया है। पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप इकोसिस्टम में गुणात्मक और परिमाणात्मक वृद्धि देखने को मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के मामले में उत्तर प्रदेश, देश में अपना विशेष स्थान रखता है।

यह बदलाव न केवल प्रदेश की आर्थिक प्रगति को रफ्तार दे रहा है बल्कि युवा ऊर्जा को सही दिशा भी प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का विजन, प्रदेश के युवाओं को जॉब सीकर से, जॉब क्रिएटर बनाना है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में स्टार्टअप की मौजूदगी है, जो एग्री-टेक, एआई, ड्रोन और फिनटेक आदि क्षेत्र से हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार के समर्थन से उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश में 18568 स्टार्टअप सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यह संख्या इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब उद्यमिता का मजबूत गढ़ बन चुका है। इन स्टार्टअप्स में से लगभग आठ हजार स्टार्टअप्स का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। सरकार की नीतियों में यह दृष्टिकोण साफ झलकती है। स्टार्टअप नीति ने युवाओं को न केवल उद्यम आरंभ करने का अवसर दिया है बल्कि उन्हें आवश्यक मेंटरशिप, वित्तीय सहयोग और तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध




कराया है। इनक्यूबेशन सेंटरों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि ने नए उद्यमियों को जमीन स्तर से लेकर उद्योग स्थापना को मजबूत आधार दिया है। प्रदेश के कई विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थान नवाचार के केंद्र बन चुके हैं। यहां से निकलने वाले नए विचार और प्रयोग पूरे देश के स्टार्टअप परिदृश्य में अपनी पहचान बना रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार की आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स संबंधी नीतियों ने भी स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दी है। प्रदेश में आईटी सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर जैसे शहर अब आईटी और टेक आधारित स्टार्टअप के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। सरकार द्वारा आईटी पार्कों का विकास तेज गति से किया जा रहा है। यही कारण है कि विश्व की कई बड़ी कंपनियां भी उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए उपयुक्त स्थान मान रही हैं। स्टार्टअप सेक्टर के विशेषज्ञ रजत श्रीवास्तव का कहना है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की प्रभावी और ठोस स्टार्टअप नीति के कारण स्टार्टअप इको सिस्टम तेजी से सुदृढ़ हो रहा है। इनका कहना है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप का बहुत बड़ा केंद्र बनेगा।

आज उत्तर प्रदेश में सरकार की पारदर्शी नीतियां मजबूत कानून-व्यवस्था और उद्योग अनुकूल वातावरण के कारण उद्यमिता एक नई ऊंचाई पर पहुंच रही हैं। महिला उद्यमियों की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब नवाचार और उद्यमिता का विस्तार हो रहा है जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की नई पहचान एक विकसित नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित हो रही है। जहां युवा अपने सपनों को जमीन पर उतार रहे हैं और उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे है।

# कांग्रेस प्रवक्ता के लिए हुआ प्रतिभागियों का साक्षात्कार

**लखनऊ।** राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग द्वारा पूरे देश में प्रवक्ता/पैनलिस्ट /रिसर्च कोऑर्डिनेटर/पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर के लिए बेहतर प्रतिभाओं को खोजने के लिए एक टैलेंट हंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में रविवार को प्रदेश के सभी 6 जोन में प्रतिभागियों का साक्षात्कार आयोजित हुआ। विदित हो कि पूरे प्रदेश में 602 लोगों ने आवेदन किया था। साक्षात्कार दो चरणों में संपन्न होना था जिसके तहत आज प्रथम चरण में प्रयाग जोन के जिलों के प्रतिभागियों का साक्षात्कार प्रयागराज, पूर्वांचल जोन के जिलों के प्रतिभागियों का गोरखपुर, ब्रज जोन के जिलों के प्रतिभागियों का आगरा, पश्चिमी जोन के प्रतिभागियों का मेरठ एवं बुंदेलखंड जोन के प्रतिभागियों का साक्षात्कार कानपुर में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन, यूपी टैलेंट हंट प्रोग्राम के कन्वीनर मनीष हिंदवी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसी अनुक्रम में अवध जोन के जिले लखनऊ, उन्नाव, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई एवं रायबरेली के प्रतिभागियों का साक्षात्कार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में निर्णायक मंडल के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार कुमार भावेश, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय एवं सचिन रावत द्वारा साक्षात्कार संपन्न कराया गया। हिंदवी ने बताया कि प्रदेश के सभी 6 जोन (अवध, प्रयाग, पूर्वी, पश्चिमी, ब्रज एवं बुंदेलखंड) के सभी प्रथम चरण में चुने गए प्रतिभागियों सूचना देकर जल्द ही उन्हें दूसरे एवं अंतिम चरण के साक्षात्कार के लिए राजधानी लखनऊ आमंत्रित किया जाएगा।

# मेडिकल चौराहा मेट्रो स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वार में होगा बदलाव

## झण्डे वाला पार्क में बनेगा अमीनाबाद मेट्रो स्टेशन, मेट्रो फेज-1बी के लिए चिन्हित भूमि की एनओसी जारी करें विभाग

आशीष मौर्य (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना फेज-1बी के निर्माण के लिये डिपो व स्टेशन निर्माण के लिये आवश्यक भूमि चिह्नित भूमि हस्तानांतरण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। मेट्रो रूट पर निर्माण कार्य के लिए तथा एलिवेटेड सेक्शन पर मध्य मार्ग पिलर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने निर्देश प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन ने निर्देश दिए हैं। चारबाग से बसंतकुंज के बीच करीब 11.16 किमी रूट पर बारह स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। सेकेंड फेज पर करीब 5800 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह काम पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मनोज कुमार, विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें यूएमआरसी की ओर से परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। अवगत कराया गया कि लखनऊ मेट्रो परियोजना के फेज-1बी में एक डिपो, ऐलिवेटेड एवं भूमिगत सेक्शन के लिए सिविल कार्य की निविदा आदि प्रक्रिया में है। बैठक में फैसला लिया गया कि मेट्रो डिपो के लिए हरदोई रोड स्थित वसंतकुंज परियोजना में 18 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। इस भूमि पर स्थित मछली मंडी को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित किया जाएगा। इसके के लिए मंडी परिषद, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को निर्देश दिया गया। वहीं इस भूमि पर प्रचलित याद-विवाद के निस्तारण एवं समाधान के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए गए। इस संबंध में लखनऊ विकास प्राधिकरण आगे की कार्यवाही करेगा।

कास्टिंग यार्ड के लिए 12 हेक्टेयर भूमि अस्थायी रूप से लगभग 4 वर्षों के लिए जरूरत है। इसके लिए यूपीएमएसी की से अवगत कराया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रेरणा स्थल के निकट 12 हेक्टेयर भूमि रिक्त पड़ी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि यही चिन्हित भूमि अथवा जाँच कर अन्य उपयुक्त भूमि उपलब्ध करायें। मेट्रो रूट पर निर्माण कार्य के लिए तथा एलिवेटेड सेक्शन पर मध्य मार्ग पिलर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सम्पूर्ण मेट्रो रूट पर मार्ग के राइट ऑफ वे की भूमि का उपयोग इन्ट्री/एक्जिट निर्माण एवं अन्य निर्माण की अनुमति ली जानी है। इस सम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग की ओर से मार्ग अधिकार के लिये संयुक्त स्थलीय निरीक्षण करके अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने की बात कही है।

### कहां और किस मेट्रो स्टेशन के लिए चिन्हित हुई भूमि

चारबाग मेट्रो स्टेशन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की 823 वर्गमीटर भूमि स्थायी रूप से तथा लोक निर्माण निर्माण विभाग की मार्ग की भूमि की अस्थायी रूप से चिह्नित की गई है। निर्देशित किया गया कि शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाये। गौतमबुद्ध मार्ग मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित गौतमबुद्ध मार्ग स्टेशन हेतु नगर निगम के गोस्वामी तुलसीदास पार्क की सम्पूर्ण भूमि स्थायी एवं अस्थायी रूप से ली जाएगी। साथ ही वैदिक कन्या विद्यालय, बेसिक शिक्षा परिषद की 235 वर्गमीटर भूमि, तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण की 213 वर्गमीटर भूमि का उपयोग भी किया जायेगा। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग मेट्रो के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें।

अमीनाबाद मेट्रो स्टेशन के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की 276 वर्गमीटर भूमि तथा नगर निगम के झण्डे वाला पार्क की सम्पूर्ण भूमि की स्थाई एवं अस्थाई रूप से जाएगी। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग मेट्रो के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें।

प्रस्तावित पाण्डेगंज स्टेशन के लिए नगर निगम की 155 वर्गमीटर भूमि तथा 373 वर्गमीटर निजी स्वामित्व की भूमि की जरूरत होगी। निजी स्वामित्व की भूमि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी भूमि के अभिलेखों का सत्यापन कर स्वामित्व निर्धारण करें, जिससे कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जा सके। सिटी स्टेशन मेट्रो स्टेशन के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की 17060 वर्गमीटर वर्गमी भूमि दिए जाने को कहा गया है। इसके लिए परिषद के अधिकारी की ओर से बताया गया कि औपचारिक कायार्नुमति जारी करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

मेडिकल चौराहा मेट्रो स्टेशन के प्रवेश/निकास द्वार के लिए रजिस्ट्रार केजीएमयू तथा अधीक्षण अभियंता केजीएमयू की ओर से कहा गया है कि प्रवेश/निकास द्वार प्लान में कुछ परिवर्तन करके अधिक सुगम तरीके से क्रियान्वित किया जाये। मेट्रो, केजीएमयू एवं नगर निगम के अधिकारियों की ओर से संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर एक उपयुक्त समाधान निकालने पर सहमति बनी है। इस मेट्रो स्टेशन के लिए चौराहे पर स्थित मदरसा जो नजूल भूमि बताया गया है, की भूमि जिस पर भवन स्थित नहीं है, को चिह्नित किया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी स्तर से जाँच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। समिति की ओर से जांच कर भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

चौक चौराहा मेट्रो स्टेशन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के चौक स्थित पार्क की भूमि स्थाई एवं अस्थायी रूप से ली जाएगी। नगर निगम की 754 वर्गमीटर भूमि की जायेगी। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग मेट्रो के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें। मेट्रो का ठाकुरगंज स्थित मेट्रो स्टेशन के लिए नगर निगम की 183 वर्गमीटर भूमि तथा जल निगम की 1775 वर्गमीटर भूमि स्थायी रूप से ली जानी है। जल निगम ने बताया कि यह भूमि नगर निगम के स्वामित्व की है। निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विभाग मेट्रो के साथ स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करें। समस्त विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने से सम्बन्धित भूमियों के अभिलेखों का सत्यापन कर लें। जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि अपर जिलाधिकारी के स्तर के अधिकारी के माध्यम से उपरोक्त समस्त भूमियों के अभिलेखों का सत्यापन कराते हुये स्वामित्व निर्धारण की कार्यवाही शीघ्र करायें।

# जोनवार मॉडल वार्ड विकसित करेगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार रात को विस्तृत समीक्षा बैठक की। नगर आयुक्त ने शहर में स्वच्छता सुधार के लिए 24 बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जोनवार मॉडल वार्ड विकसित करने पर चर्चा की गई। किसी भी वार्ड का कचरा दूसरे वार्ड में डंप नहीं किया जाएगा। शहर के सभी अनधिकृत डंपिंग पॉइंट समाप्त किए जाएं।

बैठक में समस्त अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, चीफ इंजीनियर (सिविल एवं आरआर), जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी, अधिशासी अभियंता, एलएसए एवं एलएसजी प्रतिनिधि, तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम शामिल रही। स्वच्छता के लिए तैयार किए गए 81 सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक शौचालयों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि इनमें पेंटिंग का कार्य शेष है, जिसे तुरंत पूरा किया जाए। जिन शौचालयों की संरचना कमजोर है, उनमें ध्वस्तीकरण केवल संयुक्त निरीक्षण एवं घोषणा के बाद ही किया जाएगा। निर्देश दिए गए कि 25 दिसंबर तक शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय पूरी तरह दुरुस्त स्थिति में हों, साथ ही नगर आयुक्त स्वयं इन 81 उत्कृष्ट शौचालयों का रैंडम निरीक्षण करेंगे। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी सी एंड वेस्ट पॉइंट्स को मॉडल क्षेत्र में तत्काल साफ किया जाए। निर्देश दिए गए कि नाला एवं नाली सफाई अभियान तेज गति से चलाया जाए। स्टॉर्म वाटर ड्रेन पर हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए।

आरसी बिन शहर में जहां-जहां लगे हैं, उन्हें हटाया जाए। नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों और जोनल सेनेटरी ऑफिसर से कहा कि हाउसहोल्ड कवरेज, नए हाउस होल्ड जोड़ने का डेटा अगली सुबह तक साझा किया जाए। कितनी गाड़ियाँ बढ़ाई गई हैं, यूजर चार्ज कलेक्शन कितने बढ़े हैं इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। विद्यालयों का सर्वे कर आवश्यक मरम्मत करवाई जाए।

**वेस्ट टू वंडर मॉडल स्थापित करने के निर्देश :** नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि थ्री आर केंद्रों का सर्वे किया जाए और उन्हें क्रियान्वय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में वेस्ट टू वंडर मॉडल स्थापित करने के लिए स्थान चिन्हित कर कार्य शुरू किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग पूरी तरह से की जाए। नगर आयुक्त ने बैठक में पूर्व में साझा की गई येलो स्पॉट सूची पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इन स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिए चीफ इंजीनियर जल्द कार्य करवाएं। मंगलवार तक  जोन के येलो स्पॉट को ट्रांसफॉर्म करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने और शहर को स्वच्छ, सुंदर तथा व्यवस्थित बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# गोमती नगर में नहीं बनेंगे सेकंड इनिंग होम्स

विशेष संवाददाता (vol)

- **हाईटेंशन लाइन बनी बाधा, प्लॉट को बेचेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण**

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विराजखंड में वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रस्तावित सेकंड इनिंग होम्स अब नहीं बनेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 2023 की बोर्ड बैठक में जिस महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी दी थी, वही योजना दो साल बाद हाईटेंशन लाइन की बाधा के कारण निरस्त कर दी गई है। अब प्राधिकरण ने निर्णय लिया है कि जिस प्लॉट पर यह आवासीय परियोजना बननी थी, उसे बेचा जाएगा।

एलडीए ने कुछ समय पहले ड्रोन सर्वे कराकर वाटर बॉडी के पास स्थित 2500 वर्गमीटर का वह प्लॉट चिह्नित किया था, जहां सात मंजिला सेकेंड इनिंग होम्स बनाने की तैयारी थी। लेकिन जांच के दौरान पता चला कि प्लॉट के ठीक ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहे हैं।

सुरक्षा नियमों के अनुसार ऐसी जगह पर बहुमंजिला इमारत खड़ी करना संभव नहीं है। तकनीकी जोखिम का हवाला देते हुए एलडीए ने परियोजना को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया। गत दिनों हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को आधिकारिक रूप से निरस्त कर दिया गया।

**सात मंजिला इमारत में 8 स्टूडियो फ्लैट बनने थे :** यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई थी।

योजना के अनुसार सात मंजिला इमारत में हर फ्लोर पर 400 वर्गफुट के 8 स्टूडियो फ्लैट बनाए जाने थे। फ्लैट्स को इस तरह डिजाइन किया जाना था कि बालकनी, ड्रेसिंग रूम और बाथरूम में अधिक स्पेस मिले। परिसर में क्लब हाउस, जिम, योगा/मेडिटेशन सेंटर, फिजियोथेरेपी सेंटर, कम्युनिटी किचन, बड़ा लॉन और स्विमिंग पूल भी तैयार किया जाना था। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर में स्थायी एम्बुलेंस की सुविधा अनिवार्य की गई थी। यह फ्लैट 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को लीज पर दिए जाने थे।

एलडीए ने इन्हें फ्री-होल्ड न करने का निर्णय लिया था। तकनीकी बाधाओं और सुरक्षा मानकों के चलते एलडीए ने पूरी योजना ही खत्म कर दी। बोर्ड बैठक में प्लॉट को बाजार में बेचने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है। दो साल की योजना, भारी उम्मीदें और विस्तृत तैयारी हाईटेंशन लाइन की वजह से खत्म हो गई, और अब विराज खंड का यह प्लॉट सेकेंड इनिंग होम्स के बजाय बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

# राजाजीपुरम व्यापार मंडल का मेदांता बनायेगा कार्ड



**लखनऊ।** मेदांता हॉस्पिटल और राजाजपुरम व्यापार मंडल के संयुक्त सहयोग से एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में व्यापारियों को मिले डिस्काउंट कार्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारियों को स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई और उन्हें यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार अपने स्वास्थ्य में सुधार ला सकते हैं। इसी के साथ, मेदांता हॉस्पिटल द्वारा सभी व्यापारियों के प्रिविलेज कार्ड बनाए जाने का आश्वासन दिया गया, जिसके अंतर्गत उन्हें विभिन्न चिकित्सा सेवाओं पर 15 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। यह बैठक मेदांता हॉस्पिटल में रखी गई जिसमे संगठन के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने व्यापारियों को विशेष छूट दिया जाने की बात कही साथही डायरेक्टर कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर ऑफ न्यूरोलॉजी ने व्यापारी को संबोधित किया।

# आबकारी और अग्निशमन विभाग ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान



**लखनऊ।** जिला आबकारी अधिकारी तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा मयस्टाफ थाना विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग, रोहतास प्रेसिडेंशियल के रेस्टोरेंट बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र, बार लाइसेंस इत्यादि दस्तावेजों का परीक्षण किया गया तथा अग्नि-सुरक्षा से संबंधित उपकरणों की जांच की गई। सभी बार संचालकों को अग्नि-सुरक्षा के सभी मानकों का अक्षरशः पालन करने, सभी संबंधित उपकरणों को क्रियाशील रखने तथा फायर एग्जिट को क्लियर रखने के निर्देश दिए गए। बार, क्लब एवं रेस्टोरेंट का चेकिंग अभियान के अंतर्गत अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज, लखनऊ के द्वारा दा चेरी ट्री, फोशो, चरण प्लाजा की अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की चेकिंग की गई एवं उपस्थित स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया विवेक सिंह, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 तथा माम चंद बडगूजर फायर ऑफिसर, पीजीआई में स्टाफ द्वारा थाना सुशांत हॉफ सिटी स्थित लुलु मॉल तथा मिलेनियम पैलेस बिल्डिंग में स्थित रेस्टोरेंट बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# भिक्षामुक्त को स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की अपील की




**लखनऊ।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की स्माइल परियोजना के अंतर्गत उम्मीद संस्था द्वारा लखनऊ में भिक्षावृत्ति से मुक्ति एवं पुनर्वास के लिए संचालित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन लखनऊ एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में भिक्षा से स्वावलंबन की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एवं भारतीय टीम के चयनकर्ता आरपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रमुख सचिव, श्रम विभाग उत्तर प्रदेश एसके सुंदरम, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ अजय जैन, तथा उम्मीद संस्था के संस्थापक एवं सचिव बलबीर सिंह मान समेत अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि उम्मीद संस्था के प्रयासों से भिक्षावृत्ति छोड़ चुके व्यक्तियों में से 31 लोग नगर निगम में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत, 5 लोग चार पहिया वाहन चालक, 3 महिलाएँ ब्यूटी पार्लर में कार्यरत, तथा 1 महिला द्वारा स्वयं का स्टार्टअप प्रारम्भ किया गया है।

# सीएम ग्रिड योजना में खुदाई से दीवार ढही, मजदूर दबे

विशेष संवाददाता (vol)

- **एक की हालत गंभीर, लोहिया में चल रहा इलाज**
- **विभूति खंड में सीएनजी पंप के पास हुआ हादसा**

**लखनऊ।** विभूति खंड गोमती नगर में रविवार को सीएनजी पंप के पास सीएम ग्रिड योजना के तहत हो रही खुदाई के दौरान हादसा हो गया। गोमतीनगर बस डिपो की दीवार ढहने से तीन मजदूर चोटिल हो गए। इसमें से एक की हालत खराब है। मजदूरों को लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है।

मौके पर डॉक्टरों की देखरेख में उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक विभूतिखंड में जिस स्थान पर सीएम ग्रिड योजना का काम चल रहा है वहां काम कर रहे मजदूरों का कहना था कि दीवार पहले से झुकी थी। बताया गया कि गोमतीनगर बस डिपो ओमेक्स की तरफ से पीपीपी मॉडल में डेवलप किया जा रहा है। दीवार गिरने से तीन मजदूर चोटिल हुए हैं। इसमें सीतापुर के रहने वाले दीपू चोटिल हुए हैं। उनके पैर में चोट लगी है। मलिहाबाद के रहने वाले राम आसरे के पैर में चोट लगी है। वहीं, सीतापुर के रहने वाले फकीरे का हाथ टूटा है और कंधे में चोट लगी है। इन्हें लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है।

नगर निगम के चीफ इंजीनियर महेश वर्मा का कहना है कि मामले में रिपोर्ट लेकर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, संबंधित संस्था के ठेकेदार का कहना है कि मलबा हटाने के दौरान जर्जर दीवार गिरने से हादसा हो गया।

संस्था की तरफ से दीवार की नींव तक गड्ढा खोद दिया गया। इससे पहले से जर्जर दीवार भरभरा कर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि जरूरी सावधानी नहीं बरतने के कारण यह हादसा हुआ है। वहीं, गोमतीनगर बस डिपो के अंदर भी डेवलपमेंट का काम चल रहा है। हालांकि, ओमेक्स की तरफ से इसमें टिन शेड चार दीवारी के पहले लगाया गया था। वहीं, दीवार पहले से ही जर्जर हालात में हैं। विभूति खंड इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि सीएम ग्रिड योजना के तहत खुदाई का काम चल रहा था। रोडवेज कार्यशाला की दीवार गिर गई। तीन मजदूर घायल हैं, जिनका इलाज लोहिया संस्थान में चल रहा है। पुलिस की तरफ से जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

# बाबू बनारसी दास वार्ड में विकास कार्यों की मिली सौगात



**लखनऊ।** शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को अभियंत्रण खण्ड-1 के अंतर्गत बाबू बनारसी दास वार्ड में तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया गया है। पहली परियोजना के रूप में जौहरी मेहतर, गंढैय और हुसैनगंज क्षेत्र की विभिन्न गलियों में सी.सी. निर्माण कार्य एवं सुधार योजना का आधारशिला रखा गया। यह कार्य 15वें वित्त आयोग के तहत 25 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने तथा गलियों की जर्जर स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को त्वरित गति से पूरा करा रहा है। इसके अलावा माता सुग्गा देवी मार्ग (उदयगंज तिराहा से प्राथमिक विद्यालय तक) की जल निकासी व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह कार्य अवस्थापना मद के अंतर्गत 68.27 लाख रुपये की लागत से सम्पन्न होगा। बरसात के समय जलभराव की समस्या से जूझते इस क्षेत्र को इस परियोजना से बड़ा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था से पानी निकासी तेज और व्यवस्थित होगी, जिससे सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और उपयोगी बनी रहेंगी। पुराना किला स्थित महावीर पुरी क्षेत्र में नाले की आर.सी.सी. दीवार निर्माण से संबंधित है। इस कार्य की अनुमानित लागत 77.35 लाख रुपये है, जिसे अवस्थापना मद के अंतर्गत पूरा किया जाएगा।

# भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए आंदोलन करेगा डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ

## भ्रष्टाचार के आरोपी व संदिग्ध अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही न किये जाने से प्रदेश के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ में आक्रोश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोक निर्माण विभाग की उच्चाधिकार समिति की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपी एवं सत्यनिष्ठा संदिग्ध अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आंदोलन करेगा।

बैठक में चर्चा की गयी कि भ्रष्टाचार के आरोपी एवं सत्यनिष्ठा संदिग्ध कतिपय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए संघ द्वारा कई पत्र उच्चाधिकारियों को लिखे गये लेकिन इन अधिकारियों के विरूद्ध उच्च स्तर से कोई कार्यवाही नही की गयी। इससे प्रदेश के डिप्लोमा इंजीनियर्स में आक्रोश व्याप्त है। इन अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही न किये जाने से इनका मनोबल बढ़ रहा है जिससे अधिकारियों में भ्रष्टाचार की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। इससे विभाग एवं सरकार की छवि धूमिल हो रही है तथा प्रभावित अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता अत्यधिक मानसिक दबाव महसूस कर रहे हैं। विभिन्न भ्रष्टाचार के आरोपी एवं सत्यनिष्ठा संदिग्ध अधिकारियों के विरूद्ध उच्च स्तर पर कार्यवाही न किये जाने के कारण डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोनिवि की उच्चाधिकार समिति द्वारा इं. एनडी द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में इन अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया गया है।



इंजी. एनडी द्विवेदी (प्रदेश अध्यक्ष)
डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोनिवि

बैठक में अवगत कराया गया कि मुरादाबाद के एक अधिशासी अभियंता कुलदीप संत की सत्यनिष्ठा प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष द्वारा संदिग्ध कर दी गयी है। सहारनपुर रहने के दौरान वहां मण्डलायुक्त द्वारा कुलदीप संत को अयोग्य एवं गैर अनुभवी अभियंता मानते हुए इन्हें निर्माण खण्ड भवन सहारनपुर से हटाने तथा किसी योग्य एवं अनुभवी अधिशासी अभियंता की तैनाती किये जाने की मांग पर इन्हें सहारनपुर में पद से हटाया गया था। बता दें कि सरकार की कैबिनेट द्वारा पारित स्थानांतरण नीति के प्रस्तर-4 में स्पष्ट उल्लेख है कि संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले कार्मिकों की तैनाती संवेदनशील पदों पर कदापि न की जाय। स्थानांतरण नीति में इस स्पष्ट प्राविधान के बावजूद भी कुलदीप संत अधिशासी अभियंता को न केवल प्रांतीय खण्ड, मुरादाबाद जैसे संवेदनशील खण्ड में तैनाती की गयी, साथ ही मुरादाबाद के दो अन्य खण्डों का चार्ज भी इन्हीं के पास कई महीनों तक रखा गया था, जिसे करीब सप्ताह भर पहले हटाया गया है।

इसी प्रकार देवरिया के एक अधिशासी अभियंता अनिल जाटव पर अनाधिकृत रूप से 6 करोड़ का फर्जी बजट मांगने के गंभीर आरोप हैं। इन आरोपों चलते तत्समय के जेई और एई आज भी निलम्बित चल रहे है लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी जबकि अनिल जाटव के डोगल से ही विभाग से डिमांड की गयी थी। इसके अतिरिक्त इन्हीं अधिशासी अभियंता पर 2.5 करोड़ रुपये के 34 फर्जी सप्लाई आर्डर निर्गत करने का भी आरोप है। इन आरोपों के बावजूद न तो अनिल जाटव को हटाया गया, इसके अलावा उन्हें देवरिया के एक अन्य महत्वपूर्ण खण्ड का भी चार्ज काफी दिनों तक रखा गया।

इसी प्रकार श्रावस्ती के एक अधिशासी अभियंता सुनील कुमार पर बिना सहायक अभियंता (एई) के हस्ताक्षर किये करोड़ो रुपये के बिल पास करने एवं भुगतान करने के गंभीर आरोप हैं। इस प्रकरण पर महालेखाकार आडिट पैरा भी बनाया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ.प्र. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा भी इस अनियमितता के सम्बन्ध में पत्र लिखा गया। इसके अलावा अधिशासी अभियंता सुनील कुमार द्वारा चिकित्सा अवकाश के दौरान सरकारी वाहन को निजी आवास पर प्रयोग किया गया। सहायक अभियंता द्वारा उक्त वाहन के मासिक किराये से नियमानुसार कटौती की अनुमति मांगी गयी लेकिन अधिशासी अभियंता द्वारा कटौती न करते हुए शासकीय धन का दुरूपयोग एवं अनियमितता की गयी। इसी प्रकार इन अधिशासी अभियंता द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने अधीनस्थ दो सहायक अभियंता (एई) का 16 माह से वेतन न देने तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों का उत्पीड़न करने का भी गंभीर आरोप है।

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती द्वारा भी इनके विरूद्ध प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग लिखा गया यहां तक कि जिलाधिकारी श्रावस्ती द्वारा इन अधिशासी अभियंता सुनील कुमार का वेतन भी रोक लिया गया है लेकिन इनके विरूद्ध विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नही की गयी जबकि इनका भी वेतन आठ माह से रूका हुआ है।

# आन्दोलन के दौरान बिजली कर्मी नही करेंगे विभागीय कार्य

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के विरोध में एवं आंदोलन के फलस्वरुप की गयी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को समाप्त कराने के लिए व्यापक आंदोलन का ऐलान किया है। संघर्ष समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि आन्दोलन के दौरान बिजली कर्मी उपभोक्ताओं और किसानों की समस्यायें प्राथमिकता पर अटेण्ड करेंगे और सरकार की बिजली बिल राहत योजना में पूर्ण सहयोग करेंगे। संघर्ष समिति की लखनऊ में हुई बैठक में प्रदेश के सभी जनपदों के संघर्ष समिति के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे। इसके साथ ही संघर्ष समिति से जुड़े हुए सभी श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में बैठक में उपस्थित थे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बिजली कर्मी आगामी 8 जनवरी से 22 जनवरी तक कार्यालय समय के उपरांत बिजली आपूर्ति को छोड़कर अन्य कोई कार्य नहीं करेंगे।

# डीएम ने बीएलओ और फीडिंग कार्य का किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जनपद के सभी बूथों पर रविवार को बूथों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें बीएलओ व सुपरवाइजर बूथ पर उपस्थित रह कर गणना प्रपत्रों का कलेक्शन और फीडिंग सुनिश्चित किया गया। विशेष शिविरों के संचालन का अवलोकन करने के लिए जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा विधानसभा-173 लखनऊ पूर्व के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेठ एम आर जयपुरिया के बूथ संख्या 366, 367, 368, 369, 370, 371, 372 एवं 373, गोमती नगर स्थित मॉडर्न एकेडमी स्कूल के बूथ संख्या 380, 381, 382, 383 एवं 384 का स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात उन्होंने गोमतीनगर स्थित रिवर साइड एकेडमी के बूथ संख्या 385, 386, 387, 388, 389, 390, 391, 392, 393, 394 एवं 395 का एवं विकास भवन स्थित वीआरसी में बनाए गए फीडिंग सेंटर का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि वे फॉर्म भरने में मतदाताओं को आने वाली किसी भी शंका या संदेह का तत्काल समाधान करें।

साथ ही ईआरओ को निर्देशित किया कि सप्लाई इंस्पेक्टर, एडीओ पंचायत, कोटेदार को बीएलओ के साथ फील्ड में लगाकर गणना प्रपत्रों का कलेक्शन कराना सुनिश्चित किया जाए।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# घायल अवस्था में सड़क पर मिले बुजुर्ग की मौत

## उपनिरीक्षक ने गाड़ी नम्बर के आधार पर दर्ज करायी आलमबाग थाने में एफआईआर

संवाददाता

**आलमबाग।** आलमबाग कोतवाली इलाके में तीन पूर्व गुरुवार दोपहर सड़क पर घायल अवस्था में पड़े बुजुर्ग की अस्पताल में मौत की पुष्टि होने पर थाने पर तैनात उपनिरीक्षक ने जांच के बाद दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी नंबर आधार पर शनिवार को स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे एफआईआर दर्ज कराया है वहीं मृतक बुजुर्ग का पहचान नहीं हो सकी है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि गुरुवार दोपहर आलमबाग चौराहे पर एक चोटिल 60 वर्षीय बुजुर्ग के पड़े होने की सूचना मिली थी जिसपर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक धीरज यादव ने चोटिल बुजुर्ग को त्वरित एम्बुलेंस से इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया था। मृतक बुजुर्ग का काफी पहचान कराने का कोशिश किया गया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। आसपास लगे कैमरों खंगालने पर जानकारी चारपहिया वाहन संख्या यूपी 35 बीपी 8889 की टक्कर से बुजुर्ग चोटिल होने की पुष्टि हुई है। जिससे उसकी मौत हो गई थी। जिसके चलते थाने मे तैनात उपनिरीक्षक धीरज यादव ने गाड़ी नंबर आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है।

## पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने दलित पर किया जानलेवा हमला

**माल।** राजधानी के माल थाना क्षेत्र के मसीढा रतन गांव निवासी चंद्रसेन पासी शनिवार को अपने साथी आकाश को उसके गांव बीरपुर छोड़कर रात लगभग नौ बजेअपने गांव वापस लौट रहा था। चंद्र सेन का आरोप है कि रास्ते में उसके गांव के ही रहने वाले चंद्र प्रताप व शेखर सिंह अपने अज्ञात10/12 साथियों के साथ स्कॉर्पियो, डिजायर कार और दो पहियों से रास्ते में झीनगी नाले के पास गाड़ा बंदी कर खड़े थे।देखते ही एक राउंड गोली चला दी। जब मैं बचकर भागने लगा तोअपनी गाड़ियों और बाईकों से पीछा कर दौड़ा लिया, तो मैंने अपनी कार को खेतों में उतार कर पैदल भागने लगा तो शेखर सिंह ने फिर फायर झोंक दिया जिससे मैं गिर गया। तब सभी लोग असलहों के बटो और लात घूसों से मारने पीटने लगे। चिल्ल पुकार सुन राहगीरों की भीड़ जुटने लगी तो सभी लोग भाग निकले मेरी कार को भी तोड़ डाला। जाते समय जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि आज तो बच गये, जो अकेले कहीं मिल गये तो जान से मार डालेंगे। पीड़ित ने रात में ही थाने पहुंचकर तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने रविवार शाम को मुकदमा दर्ज किया।घायल को मेडिकल के लिए भेजा।

## रिवर फ्रंट पर ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे सिपाही की मौत

**लखनऊ।** हजरतगंज थाना क्षेत्र के रिवर फ्रंट पर ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पीएसी सिपाही बब्लू राणा ( 28 ) की केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई। मूल रूप से उन्नाव जनपद के औरास निवासी बब्लू राणा पीएसी 32वीं बटालियन के ह्यबीह्ण दल में तैनात थे। शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे वे मोटरसाइकिल से किसी कार्य से जा रहे थे। बोट क्लब के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछलने से वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां दो दिन तक चले इलाज के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद वे अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए।

## डॉक्टर के मकान में इनवर्टर शार्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता



**आलमबाग।** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले एक चिकित्सक के मकान के प्रथम तल पर रखे इनवर्टर में रविवार दोपहर अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई और छत से धुएं की लपटे देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कंट्रोल नंबर की सूचना पर पहुंची एक दमकल की गाड़ी ने कडी मसक्कत से थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक कमरे का सारा घरेलू समान जलकर खाक हो गया।

- **घरेलू समान व इलेक्ट्रिक उपकरण जलकर खाक**

कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित आजाद नगर में रहने वाले डॉ वरुण कुमार गुप्ता के अनुसार वह स्वास्थ्य महकमे में कार्यरत हैं और उक्त मकान में अपने परिवार संग रहते हैं। पीड़ित डाक्टर वरुण कुमार गुप्ता ने बताया रविवार दोपहर अचानक मकान के प्रथम तल पर बने कमरे में आग लग गई, जिसकी जानकारी होने पर घर में हड़कंप मच गया कंट्रोल नंबर की सूचना पर पहुंची आलमबाग दमकल की एक गाड़ी ने थोड़ी ही देर में कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तबतक उनके कमरे में रखा टीवी,फ्रिज बेड, पंखा आदि समान जलकर नष्ट हो गया है। आलमबाग अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी, जिसपर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया ।किसी प्रकार का कोई जनहानि नहीं हुई है।

# महेंद्र उर्फ छोटू की पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं

संवाददाता



**माल।** माल इलाके के शंकरपुर के राजगढ़ गांव निवासी महेंद्र उर्फ छोटू बीते शुक्रवार को पकरा बाजार गांव की बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था।जिसके बाद भाई शाम करीब 4:30 बजे छोटू ने छोटे भाई धीरज के पास कॉल की। रोते हुए कहा कि रनीपारा पुलिया के पास हैं, शुभम के चार साथियों ने जबरदस्ती जहर पिला दिया है।

- **बिसरा सुरक्षित कर कई लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ**

मेरी हालत बहुत खराब है, मुझे बचा लो। यह सुनते ही पूरा परिवार पुलिया की ओर दौड़ा, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। कई बार फोन मिलाया, पहले रिंग बजती रही लेकिन कुछ देर बाद फोन बंद हो गया। परिजन ने पुलिस को सूचना दी और पूरी रात खोजबीन की लेकिन छोटू का पता नहीं चला शनिवार सुबह करीब 8 बजे अमलौली गांव में मुख्य मार्ग से लगभग पचास मीटर अंदर स्थित आम के बाग में छोटू का शव मिला।

पास में उसकी मोटरसाइकिल खड़ी थी। पास में जहर की पुड़िया का रैपर व पानी की बोतल पड़ी थी। मौके पर पहुंची पुलिस जरूरी साक्ष्य संकलन करने के साथ - साथ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर देर शाम परिजनों को सौंप दिया।

परिजनों ने रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। इसलिए बिसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। हर बिंदू की जांच की जा रही है। सीडीआर के आधार पर संपर्कियों से पूछताछ जारी है।

# लखनऊ से आने-जाने वाली 33 फ्लाइटें रद्द, चार हजार यात्री फंसे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ से जाने-आने 33 फ्लाइटें रविवार को भी रद्द कर दी गईं। नतीजतन 4000 यात्रियों को अपनी यात्रा रीशेड्यूल करनी पड़ी। आसपास के जिलों के यात्रियों को ऐन वक्त पर उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। इससे उनकी यात्रा फंस गई। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अमौसी से कुछ उड़ानें संचालित जरूर हुईं, लेकिन हालात बदतर ही रहे। बहुत से यात्री एयरपोर्ट स्थित एयरलाइंस के काउंटर पर चेकइन बैगेज के लिए भटकते रहे।

गोरखपुर से तीन फ्लाइटें निरस्त हो गईं। आगरा और प्रयागराज में फ्लाइटें लेट जरूर हुईं लेकिन निरस्त होने की सूचना नहीं है। लगातार उड़ानें रद्द होने से यात्रियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कई लोग होटल, टैक्सी और दोबारा टिकट के भारी खर्च से भी जूझ रहे हैं। यात्रियों ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना फ्लाइट रद्द करना यात्रियों के साथ अन्याय है और एयरलाइंस की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**तीन उड़ानें रद, यात्रियों का हंगामा :** गोरखपुर एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई ओर बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की तीन उड़ानें रविवार को भी रद्द रहीं। इससे 550 लोगों की यात्रा प्रभावित हुई। यात्रियों ने फ्लाइट निरस्त होने पर नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। हालांकि, एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि उड़ानें निरस्त होने का संदेश शनिवार रात में ही आ गया था, इसलिए बहुत से यात्री एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। वहीं, आगरा में रविवार को मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद फ्लाइट करीब 2 घंटे देर से पहुंचीं। यात्रियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें रहीं, लेकिन कोई विरोध प्रदर्शन जैसी बात सामने नहीं आई। प्रयागराज एयरपोर्ट से रविवार को इंडिगो की दिल्ली वाली फ्लाइट समय से संचालित हुई। बेंगलुरु की उड़ान में थोड़ा विलंब हुआ। बाकी कोई तकनीकी समस्या नहीं आई।

**कानपुर से मुंबई की फ्लाइट निरस्त, 354 लोगों ने लिया रिफंड :** कानपुर से मुंबई की फ्लाइट निरस्त रही जबकि तीन दिन से निरस्त दिल्ली की उड़ान निर्धारित समय पर गई। इसके अलावा हैदराबाद की उड़ान बिना बाधा चल रही है। मुंबई की उड़ान रद्द होने पर 354 यात्रियों ने टिकट लौटाए। विमानन कंपनी इंडिगो का कहना है कि सभी यात्रियों के रिफंड क्लियर हो गए हैं। उधर, वाराणसी में विमान सेवाएं काफी हद तक पटरी पर आ गईं। पुणे, मुंबई, गाजियाबाद, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु आदि शहरों से 17 फ्लाइटें बाबातपुर एयरपोर्ट पर पहुंचीं। इसमें से पुणे से आने वाली फ्लाइट को छोड़कर अन्य विमान तय समय के अनुरूप ही संचालित हुए। हालांकि ऑपरेशनल कारणों से दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद की अन्य पांच फ्लाइटें निरस्त रहीं।

# आगे जा रहे टैंकर में जा घुसी तेज रफ्तार कार, पांच घायल

**बंथरा।** इलाके में शनिवार की देर रात एक कार आगे जा रहे टैंकर में घुस गई। इस हादसे में दंपति सहित परिवार के ही पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। रात्रि ड्यूटी पर लगे टीआई कृष्णा नगर शावक कुमार सिंह और उनकी टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और फिर एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

कानपुर के आर्य नगर निवासी प्रियांशु गुप्ता शनिवार को अपनी कार से पत्नी राधिका बहन मानसी, संस्कृति और सार्थक के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। कार वह खुद चलाकर गए थे। रात को वापस घर लौटने के दौरान बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित पिलर संख्या पी- 64 के पास आगे जा रहे कंटेनर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे प्रियांशु कार लेकर उसी में घुस गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एक तरफ का अगला हिस्सा उड़ गया था। वहीं कार के आगे के दरवाजे भी लाक हो ग ?ए थे। जिससे प्रियांशु और उनकी पत्नी दोनों उसी में फंस गए। चीख पुकार सुनकर लोग मदद के लिए दौड़े। वहीं रात ड्यूटी पर लगे टीआई शावक कुमार सिंह और उनकी टीम भी मौके पर पहुंची।

इसके बाद यातायात पुलिस के इन जवानों ने लोगों की मदद से किसी तरह कार का दरवाजा तोड़कर प्रियांशुऔर उनकी पत्नी राधिका को बाहर निकाला। राधिका के दोनों पैरों में काफी चोटें थी, वहीं प्रियांशु भी खून से लतपथ था। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां प्रियांशु की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक प्रियांशु के घर वाले उसे यहां से इलाज के लिए कानपुर के एक अस्पताल ले गए हैं और थाने में मामला इत्तफाकिया दर्ज किया गया है।

# खाताधारक के पेटीएम खाते से जालसाजों ने उड़ाये 55 हजार

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक निजी बैंक खाताधारक के पेटीएम खाते से जालसाजों ने 55 हजार रुपए का लेन देन कर हडप लिया। वही घटना के 12 दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित गोपाल पुरी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र शिवराज यादव के अनुसार उनका बैंक खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया मे है। बीते 24 नवम्बर अपराहन 3.50 बजे उनके उक्त खाते से पेटीएम के माध्यम से जालसाजों ने 55 हजार रुपए का लेन देन कर हडप लिया।। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

- **12 दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

## प्लॉट का झांसा देकर दिव्यांग रंजीत सिंह छाबड़ा से 12 लाख ठगे

**लखनऊ।** प्लाट दिलाने के नाम पर दिव्यांग रंजीत सिंह छाबड़ा से रियल एस्टेट कंपनी लक्ष्य इंफ्रा हाइट्स के निदेशक ने 12 लाख रुपये ठग लिए। रंजीत सिंह छाबड़ा ने कंपनी के निदेशक समेत चार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी का आफिस विभूतिखंड में है। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल के मुताबिक रंजीत कैंट के हाता रामदास के रहने वाले हैं। वर्ष 2013 में वह प्लाट खरीदना चाहते थे। इस दौरान उन्हें रियल एस्टेट कंपनी लक्ष्य इंफ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड के बारे में जानकारी हुई। उनकी मुलाकात कंपनी के निदेशक संजय सिंह, रामबाबू द्विवेदी, ऋषभ और अकाउंटेंट से हुई। उन्होंने कंपनी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। किस्तों पर 3200 स्क्वायर फीट का प्लाट बुक कराया। वर्ष 2016 तक किस्तों में 10.50 लाख रुपये अदा कर दिए। डेढ़ लाख रुपये और लिए। कुछ रुपये अन्य मदों में लिए। इसके बाद भी प्लाट की रजिस्ट्री नहीं की। दबाव बनाने पर निदेशक और कंपनी के अधिकारी टाल मटोल करने लगे। रुपयों की मांग की। फिर कोविड में कंपनी ने घाटे का हवाला देकर टाल मटोल किया। रंजीत ने बताया कि जुलाई माह में वह भाई मोहिंदर के साथ कंपनी के कार्यालय पहुंचे। वहां डेढ़ लाख बड़ी मुश्किल से वापस किए। डेड़ लाख रुपये वापस किए। थाने में तहरीर दी तो सुनवाई नहीं हुई। फिर कोर्ट में अपील की।

## निवेश के नाम पर वकील से दो लाख ठगे

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने जानकीपुरम में रहने वाले अधिवक्ता को शेयर में निवेश के नाम पर 10 गुना मुनाफे का झांसा देकर दो लाख रुपये ठग लिए। वहीं कृष्णानगर निवासी निजी कंपनी कर्मी के पेटीएम से 55 हजार और बीकेटी के ध्रुव प्रसाद के खाते से 1.13 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जानकीपुरम सेक्टर एफ निवासी अधिवक्ता राजीव कुमार को जालसाजों ने फोन किया। शेयर मार्केट में निवेश और 10 गुना मुनाफे का झांसा दिया। इसके बाद 1.97 लाख रुपये का निवेश कराया। इसके बाद जालसाजों ने मोबाइल बंद कर दिया। कृष्णानगर के गोपालपुरी में रहने वाले राजेंद्र कुमार के पेटीएम से जालसाजों ने 55 हजार रुपये उड़ा दिए। हरदोई के अतरौली निवासी ध्रुव प्रसाद बाजपेयी बीकेी में 51 शक्तिपीठ तीर्थ नबीको नंदना में पुजारी हैं। कुछ दिन पूर्व उनका मोबाइल चोरी हो गया। नया सिम लेकर उन्होंने चालू कराया। इसके बाद आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में पासबुक अपडेट कराने पहुंचे। पता चला कि जालसासजों ने 11 बार में खाते से 1,13,891 उड़ा दिए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मोहनलालगंज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से शनिवार रात बिंदौवा मोड़ के पास बाइक सवार ब्रजेश राजपूत ( 34 ) की मौत हो गई। हादसे में पीछे बैठा उसका साथी घायल हो गया। दोनों बाइक से रायबरेली जा रहे थे। इंस्पेक्टर के मुताबिक ब्रजेश राजपूत मूल रूप से कन्नौज जिले के महोना के रहने वाले थे। यहां एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। शनिवार रात वह साथी सोनू के साथ बाइक से रायबरेली जा रहे थे। इस बीच बिंदौवा मोड़ पर किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से ब्रजेश और उसका साथी दोनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। दोनों को सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने ब्रजेश राजपूत को मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे में घायल पीएसी सिपाही की मौत

**लखनऊ।** हजरतगंज थाना क्षेत्र के रिवर फ्रंट पर ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पीएसी सिपाही बब्लू राणा ( 28 ) की केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान रविवार को मौत हो गई। मूल रूप से उन्नाव जनपद के औरास निवासी बब्लू राणा पीएसी 32वीं बटालियन के ह्यबीह्ण दल में तैनात थे। शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे वे मोटरसाइकिल से किसी कार्य से जा रहे थे। बोट क्लब के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछलने से वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां दो दिन तक चले इलाज के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। पोस्टमार्टम के पश्चात पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद वे अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए।

# गीत-संगीत व नृत्य से सजी हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






लखनऊ। स्मृति उपवन, आशियाना में चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक गौरीगंज अमेठी एवं सदस्य विधान परिषद माननीय पवन सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर लखनऊ संयुक्ता भाटिया, एडवोकेट मनीष सिंह मनु, ओपी सिंह प्रबंधक गुरुकुल एकेडमी गौरीगंज आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह और हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक मंच पर आज स्तुतिनृत्यम फाउण्डेशन और विश्वमंगल्य सभा के संयुक्त तत्वाधान में विविध नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत कर दिया। इस कार्यक्रम में प्रतिभा सोनकर विनर रही। सांस्कृतिक संध्या में सरस्वतिकाश्रम के मनीष ठाकुर संयोजक में नन्हे कलाकार—कृषा, प्रिशा, समृद्धि और चमता भाटिया—ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसके बाद स्विंग विदिन फ्लो समूह की शास्विका, त्रिशा, शोना भार्गव और आमायरा ने नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ देकर मंच को सजाया। इसके उपरांत डी डांस अकादमी ने नृत्य निर्देशक विकास शर्मा के निर्देशन में ऊजार्वान प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में डेन्जरस पर प्रस्तुति, बॉलीवुड मिश्रित गीत, बच्चों की प्रस्तुति तथा बॉलीवुड मिश्रण जैसे विविध नृत्य क्रम शामिल रहे। हिमांशु, प्रथम्, यशमित, एंजल ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अपराजिता नृत्य एवं कला केंद्र की अपराजिता मुखर्जी ने भी अपनी कला से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में मंजू श्रीवास्तव के धुन बंजारा समूह ने सांझी सुरमई और लोकनृत्यों की श्रृंखला प्रस्तुत कर वातावरण को रोमांचित कर दिया। कलाकार—मनीष त्रिपाठी, रिया सिंह, सुमित सिंह, शेखर श्रीवास्तव, वर्षा मिश्रा, ऋचा, वीरेंद्र यादव और शशि कुशवाहा—ने पंजाबी, सिंधी, ब्रज और बुंदेली लोकशैली के नृत्यों से दर्शकों को आनंदित किया। इस दौरान महोत्सव समिति के मोनालिसा, रोली जयसवाल, मनोज सिंह चौहान एवं विवेक सिंह, रोली सिंह चौहान उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला ने संयमित और प्रभावशाली शैली में किया।

## राष्ट्रीय सनातन संघ ने की सनातन बोर्ड के गठन की मांग



**लखनऊ।** देश में डबल इंजन की सरकार हैं। पूरे देश में सनातन की लहर है हर एक व्यक्ति चाहता है कि सनातन को मजबूत किया जाये। इसके लिए सनातन बोर्ड का गठन जरूरी है। देश में सनातन बोर्ड का गठन कर सनातन परंपरा को मजबूत करने का काम उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों हों, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

- **स्वामी विवेकानंद और महर्षि योगी के जन्मदिन पर 12 जनवरी को सनातन दिवस घोषित किया जाये : दिनेश खरे**
- **रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कई राज्यों के मुख्यमंत्री कार्यक्रम में कर सकते हैं शिरकत**

उक्त विचार राष्ट्रीय सनातन संघ के अध्यक्ष दिनेश खरे ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इसी दिन मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री समेत अनेक दिग्गज हस्तियां इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। मुख्यमंत्री द्वारा पदयात्रा को झंडी दिखाने और संगोष्ठी को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। हालांकि अभी मुख्यमंत्री की ओर से अधिकृत सूचना नहीं प्राप्त हो सकी है।श्री खरे ने राष्ट्रीय सनातन संघ के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को एक बड़ी बैठक में यह उद्गार व्यक्त किये। उन्होनें कहा कि स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि योगी ने सनातन को लेकर पूरी दुनिया में अलख जगायी इसीलिए उनकी जयंती के दिन सनातन दिवस घोषित किया जाये। इस प्रस्ताव पर सभी ने मुहर लगायी। श्री खरे ने कहा कि दोनों शख्सियतों के जन्मदिन आगामी 12 जनवरी 2026 को एक पदयात्रा जिसमें सैकड़ों युवाओं को शामिल किया जायेगा। वह दोनों के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने यह बताया कि इसी दिन 'वर्तमान परिवेश में स्वामी विवेकानंद एवं महर्षि योगी के विचारों की उपियोगिताह्ण विषयक गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें विवेकानंद एव महर्षि पर शोध करने वाले छात्रों को सम्मानित करने का भी कार्यक्रम है।

# गिद्दा की थाप संग बिदेसिया में दिखी प्रवास और विरह की वेदना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** सोनचिरैया संस्था के 15वें साल में आयोजित 5वें देशज के दूसरे दिन रविवार, 7 दिसम्बर को गोमतीनगर के लोहिया पार्क में लोक रंगों के साथ भिखारी ठाकुर की मशहूर रचना बिदेसिया का भावपूर्ण मंचन भी देखने को मिला। दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने किया। इस दौरान स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि लोक कलाओं के संवर्धन के लिए लोकप्रिय गायिका मालिनी अवस्थी के जो प्रयास हैं उन्ही का प्रतिफल पद्मश्री हैं। उन्होंने कहा कि मालिनी अवस्थी भारत ही नहीं पूरे विश्व में लोक संस्कृति का प्रसार कर रही हैं। उनके द्वारा किया हर प्रयास चाहे वो लेखन हो या देशज सराहनीय है।

कार्यक्रमों का आगाज छेबिल दास विष्णु गौली के नेतृत्व में महाराष्ट्र के सांगी मुखौटा नृत्य से हुआ जिसमें कलाकारों ने यह दिखाया कि कैसे पशु, लोक जीवन में हमारा हिस्सा बन जाते हैं। इसमें मुखौटो के जरिये स्वांग को दिखाया गया कि पशु भी इंसान से अलग नहीं है। इसमें मुखौटों के जरिये देवी, भैरव और सिंह का स्वरुप दिखाया गया।

इसके बाद थेय्यम में मोहिनीअटटम की प्रसिद्ध कलाकार जयाप्रभा मेनन के नेतृत्व में 5 कलाकारों ने चामुंडा थेय्यम की प्रस्तुति दी। इस थेय्यम के माध्यम से कलाकारों ने मां चामुंडा की आराधना को नृत्य के जरिये दिखाया। नृत्य में भव्य श्रंगार, विशाल मुकुट, तांबे और पीतल के आभूषण और चेहरे पर पारंपरिक रंगों से सुसज्जित होकर देवी के उग्र रूप को दिखाया गया। इसके अलावा पुट्टम थेय्यम भी प्रस्तुत किया गया।

थेय्यम के बाद मिजोरम से जोसंगलउरा जोते के नेतृत्व में 16 सदस्यों ने चेराओं नृत्य की प्रस्तुति दी। इस नृत्य में खेती के लिए पहाड़ों पर प्रवास के दौरान फसल की रक्षा के लिए किये जाने वाले आनंद नृत्य को दशार्या गया। इसके बाद दूसरे दिन की पहली खास प्रस्तुति भातखंडे के बच्चों ने कजरी गायन के रूप में दी। इस प्रस्तुति को विद्यार्थियों ने पद्मश्री मालिनी अवस्थी के द्वारा चंदौली में हुई कार्यशाला में तैयार किया था। प्रस्तुति की शुरूआत विंध्यवासिनी देवी को नमन करते हुए गीत 'माई विंध्याचल के महिमा अपार बा ऊंचा दरबार बा' से हुई। इसके बाद 'रुनझुन खोल ना केवड़िया, हम बिदेसवा जइबो ना' गीत की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। देशज उत्सव में भातखंडे संस्कृति विश्वविदालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने विश्वविद्याल के विद्यार्थियों को प्रस्तुति के बाद मंच पर पहुंच कर आशीर्वाद दिया। प्रस्तुति में स्वतंत्र, हर्षित, अनूप, आदित्य, दीपक, अंशिका, अलका, एकता, आकाश, सिमरन, दिव्यांशी और नेहा सहित 25 विद्यार्थियों ने प्रस्तुति दी।

इसके बाद राजस्थान के रंग दिखे जिसमें कलाकारों ने अंजना कुमावत के नेतृत्व में राजस्थानी नृत्यों के सिरमौर, घूमर की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति की शुरूआत हलूमा झूमा सा लडलीह से हुई। इसमें तालाब से पानी भरने जाने वाली महिलाओं का श्रंगार दिखाया गया। इसके बाद चरी नृत्य हुआ। इसमें सर पर चरी रखकर उसमें आग जलाकर महिलाओं ने रोमांचक नृत्य कर प्रशंसा हासिल की। राजस्थान के बाद छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने गंगा सोड़ी के नेतृत्व में गोंड मरिये नृत्य किया। इसमें 20 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। तिरडूड वाद्य पर सींगनुमा सेहरा पहन कर कलाकारों ने विवाह उत्सव का उल्लास पेश किया। इसके बाद रवि कुनर के नेतृत्व में 15 सदस्यों ने गिद्धा का जोशीला नृत्य किया। इस प्रस्तुति में सावन के महीने में तीयां के त्योहारों में लगने वाले मेले का प्रसंग पेश किया गया। इसमें शादीशुदा लड़कियों के मिलने और उसके बाद खुशी प्रकट की गई। अंत में गुजरात का लोकरंग देखते ही बना। इसमें सुरेश पवार के नेतृत्व में 15 कलाकारों ने डांगी नृत्य किया। नृत्य में नई फसल के आने का उल्लास और विवाह समारोह की उमंग नृत्य के माध्यम से पेश की गई। इसमें पिरामिड प्रदर्शन भी देखने को मिला। इस दौरान क्षेत्रीय ललित कला अकादमी के सचिव देवेंद्र त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी समेत कई संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। शाम की खास प्रस्तुति संजय उपाध्याय के निर्देशन में म्यूजिकल ड्रामा बिदेसिया की रही। यह प्रस्तुति भिखारी ठाकुर की प्रसिद्ध कहानी बिदेसिया पर आधारित थी। इसमें रोजगार के लिए गांव छोड़ शहर जाने वाले युवक की पत्नी की विरह वेदना को दिखाया गया। नाटक में हबिदेसियाह अपनी पत्नी से विवाह के बाद उसे छोड़कर कोलकाता रोजगार के लिए चला जाता है। कोलकाता में उसे एक अन्य स्त्री मिल जाती है। वह स्त्री उससे प्रेम करने लगती है और बिदेसिया भी वहीं बस जाता है। उधर गांव में पहली पत्नी दिन-रात अपने पति की राह देखती रहती है। उसकी व्यथा, अकेलापन और समाज की बातें उसे भीतर-ही-भीतर तोड़ती हैं। एक दिन शहर जा रहे बटोही के जरिये वो बिदेसिया को सन्देश भेजती है जिसे पढ़कर बिदेसिया भाव-विभोर हो जाता है और लौटने का प्रयास करता है पर उसे दूसरी पत्नी रोकती है पर वो वापस गांव लौट आता है। अंत में उसकी दूसरी पत्नी भी गांव आ जाती है। बिदेसिया के समझाने पर दोनों साथ में खुशी-खुशी रहने लगती हैं। नाटक में कुमार स्पर्श ने बिदेशिया का मुख्य किरदार निभाया। इसके आलावा अपराजिता मिश्रा, उर्मिला, जफर अकबर, राहुल रंजन, कृष्णा कुमार, रूपाली सिन्हा, सहित कई कलाकारों ने प्रतिभाग किया। बिदेशिया प्रस्तुति में हारमोनियम पर रोहित चंद्रा, ढोलक और तबले पर राजेश रंजन, सारंगी पर अनीश मिश्रा, क्लारनेट पर मोहम्मद नूर और साइड इफेक्ट पर अभिषेक राज ने संगत दी।

# भालचंद्र जोशी को मिला 2025 का कथाक्रम सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वर्ष 2025 का आनन्द सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान चर्चित एवं वरिष्ठ कथाकार भालचंद जोशी को दिया गया। 17 अप्रैल 1956 को मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र खरगोन में जन्मे भालवंद्र जोशी हिंदी कथा साहित्य के ख्यात कथाकार हैं।

हिन्दी कथा साहित्य पर केन्द्रित अखिल भारतीय आयोजन कथाक्रम 2025 का उद्घाटन कैफी आजमी सभागार पेपर मिल कालोनी, निशातगंज, लखनऊ में किया गया। कथाक्रम हिन्दी कथा साहित्य का देश का प्रमुख एवं प्रतिष्ठित आयोजन है जिसमें हिंदी के वरिष्ठ और युवा रचनाकार भाग लेते रहे हैं। यह विगत बत्तीस वर्षों से आयोजित किया जा रहा है तथा इस वर्ष इसका तैतीसवां समारोह है। इस सम्मान सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ आलोचक वीरेन्द्र यादव द्वारा की गयी और वरिष्ठ कथाकार शिवमूर्ति मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चर्चित कहानीकार एवं आलोचक प्रो॰ रूपा सिंह सम्मानित कथाकार भालचंद्र जोशी की रचनाशीलता एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। समादृत लेखक के वक्तव्य के बाद मुख्य अतिथि एव अध्यक्षीय संबोधन हुआ। कथाक्रम के संयोजक शैलेन्द्र सागर द्वारा आमंत्रित लेखकों, स्थानीय रचनाकारों, साहित्य पेगियों और मीडिया कर्मियों का स्वागत किया।

सत्र का संचालन युवा कवि व प्रलेस सचिव इरा श्रीवास्तव ने किया। सम्मान सत्र के तुरंत बाद हिंदी साहित्य और जनपदीय भाषाएं विषय पर सगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ जिसे अध्यक्ष मंडल में वरिष्ठ आलोचकगण जगदीश्वर चतुर्वेदी, राज कुमार, सरोज गुप्ता, राम बहादुर मिश्र एवं लोकबाबू ने संबोधित किया।

संगोष्ठी का दूसरा सत्र होगा जिसके अध्यक्ष मंडल में वरिष्ठ आलोचकगण एवं रचनाकार ईश्वर सिंह दोस्त रोहिणी अग्रवाल, प्रकाश उदय, कालीचरण स्नेही, देवेन्द्र और अवधेश मिश्र विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया। इनके अतिरिक्त अन्य स्थानीय लेखकों, साहित्य प्रेमियों की भी भागीदारी हुई। पेशे से इंजीनियर रहे जोशी ने आठवें दशक में कहानी लेखन आरम्भ किया और जीवन का एक लंबा हिस्सा आदिवासियों के बीच बिताया है जहां उन्होंने आदिवासी समाज की जीवन पद्धति लोककथाओं एवं लोककला का आयन किया। उन्होंने निमाड़ की लोककथाओं और लोककलाओं पर भी काम किया है। उनकी रचनाएं प्रमुख पत्रिकाओं में प्रकाशित होकर सुविज्ञ पाठकों का ध्यान आकर्षित करती रही है। अब तक उनके नी कहानी संग्रह तथा दो उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। उनके उपन्यासों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ है। इनके अतिरिक्त आपकी आलोचना की भी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने कथादेश, पाखी जैसी कई पत्रिकाओं के अंकों के साथ कुछ समय तक लघु पत्रिका यथार्थ का भी संपादन किया है। भालचंद जोशी को मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का वागीश्वरी पुरस्कार पाखी का शब्द साधक लेखक सम्मान, स्पदन कृति सम्मान, शैलश मटियानी कथा पुरस्कार तथा आलोचना पुस्तक नामवर सिह आलोचना की सार्थकता पर डॉ रामस्वरूप चतुवेर्दी आलोचना सम्मान आदि से समादृत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष एक कथाकार को प्रतिष्ठित आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान दिया जाता है जिसके अंतर्गत इक्कीस हजार रुपए की धनराशि, सम्मान चिन्ह व पत्रक प्रदान किया जाता है।

# मुख्य वेदी पर चढ़ाई गयी 64 चांदी की चंवर

- दो दिवसीय आशियाना जैन मन्दिर का स्थापना दिवस शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, आशियाना के 24 वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले दिन दिगम्बर जैन सेवा समिति की ओर से अभिषेक एवं शान्तिधारा के उपरांत जैन महिला मण्डल द्वारा समर्पित 64 चाँदी की चँवर मुख्य वेदी पर चढ़ाई गयी। इस अवसर पर भगवान महावीर विधान का आयोजन पण्डित राजीव जैन के मंत्रोच्चार द्वारा सम्पन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश जैन, मंत्री अजय जैन, कोषाध्यक्ष शरद कुमार, ऑडीटर नवनीत संरक्षक मनोज जैन, शरद चन्द्र जैन के साथ उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार जैन , पूर्व अध्यक्ष बृजेश बंटी, संजय जैन, विकास जैन , महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन, मंत्री ऋतु जैन , कोषाध्यक्ष संगीता जैन, सांस्कृतिक मंत्री स्वीटी जैन के साथ मन्दिर से जुड़े भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिए।

उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अभय कु मार जैन ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन मन्दिर आशियाना की स्थापना 08-12-2002 को आचार्य भरत सागर के सानिध्य में हुआ। मन्दिरजी में आलीपुर खेड़े जिला मैनपुरी से लायी गयी ग्यारह तीर्थंकर प्रतिमायें सन 2009 में पंचकल्याणक के समय विराजमान की गयीं जिसमें एक प्रतिमा लगभग 1000 वर्ष प्राचीन है। मन्दिरजी में अति प्राचीन हस्तलिखित शास्त्रों का भण्डार है। प्रतिदिन प्रातः देव - शास्त्र - गुरु का पूजन और सायंकाल आरती भक्तिभाव से की जाती है। डा अभय जैन ने बताया कि सोमवार को मन्दिर में सायं 6:30 आरती एवं 48 दीपकों द्वारा भक्तामर पाठ ( आयोजक जैन महिला मण्डल ) द्वारा किया जायेगा।

# सारी दुनिया से दूर हो जाऊं, तेरी आंखों का नूर हो जाऊं...



- 51 शक्ति पीठ तीर्थ' में ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय पंडित रघुराज दीक्षित की पावन स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नन्दना सीतापुर रोड स्थित है 51 शक्ति पीठ तीर्थ' में ब्रह्मलीन परम श्रद्धेय पंडित रघुराज दीक्षित की पावन स्मृति में चतुर्थ विराट कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। तीर्थ के प्रबंधक भानू सिंह ने बताया कि अपने में अनूठे इस इक्यावन शक्ति पीठ तीर्थ में 51 शक्तियाँ, 10 विद्यायें तथा स्फटिक शिवलिंग एव सप्त ऋषि विराजमान है। इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता रायबरेली से पधारे सतीश सिंह, मंच का संचालन नीरज पाण्डेय ने किया। उन्होंने राम गुण गायक हो सन्तों के सहायक हो, ज्ञानियों के नायक हो प्यारे हनुमान जी सुनाकर भक्ति रस गंगा बहा दी। वहीं पर शिव किशोर तिवारी 'खंजन ने है जिनके दर्द सीने में न वो बेदर्द होते हैं सुनाकर वाहवाही बटोरी। डॉ सरला शर्मा ने सारी दुनिया से दूर हो जाऊँ, तेरी आखो का नूर हो जाऊं। तेरी राधा बनू बनू न बनू, तेरी मीरा जरूर हो जाऊँ। सुनाया तो श्रोतागणों ने तालियों से उत्साह वर्धन किया। इसके अतरिक्त गोपाल पाण्डेय, शिवकुमार व्यास, तथा सन्दीप शरारती व सन्दीप अनुरागी ने अपनी कविता सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस कवि सम्मेलन का संयोजन हास्य कवि चेतराम अज्ञानी ने किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह चेयरमैन एस. एस. इन्सटीट्युशन रहे। इस अवसर पर संरक्षक पुष्पा दीश्रित अध्यक्षा तृप्ति तिवारी ने पंडित रघुराज दीक्षित के संस्मरण सुनाये तथा इसी अवसर पर चार महान विभूतियों का प्रशस्तिपत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।

# टैलेंट हंट प्रतियोगिता में युवाओं की प्रतिभाओं ने जीता दिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवा कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकादमी द्वारा मिस एंड मिस्टर उत्तर प्रदेश 2025-26 टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार 7 दिसम्बर को गोमती नगर विभूति खंड स्थित होटल सेवी ग्रैंड में टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रभावी प्रदर्शन कर अपनी प्रबल दावेदारी पेश की।

प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 23 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें फिल्म जगत की प्रतिष्ठित हस्तियाँ राजकुमार संतोषी, अनिल शर्मा, राहुल रॉय, सुरेंद्र पाल, अली खान, हेमंत बिरजे, उर्वशी सोलंकी, शुभी जोशी और संजय गगनानी की उपस्थिति प्रस्तावित है। रविवार को हुई प्रतिस्पर्धा के निर्णायक मंडल में अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर निधि खन्ना, कोरियोग्राफर दीप सच्चर, निहिल श्रीवास्तव, मिस उत्तर प्रदेश तनिष्क शर्मा, प्रभाती पांडे, वैष्णवी दुबे, अभिनेता पुष्पेंद्र सक्सेना तथा अजीम खान, अजहर मिर्जा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने सुयोग्य प्रतिभागियों का चयन अपनी अपनी कसौटी पर किया। मिस एंड मिस्टर उत्तर प्रदेश के टैलेंट हंट राउंड में दीपांजलि त्रिपाठी ने सेमी क्लासिकल गाने पर सुंदर डांस किया वहीं अभिमन्यु राज ने अपनी गायकी से मशहूर गायक राहत फतेह अली के सूफियाना अंदाज को पेश किया। आयुषी सिंह ने वो कृष्णा है गाने पर जोशीला नृत्य कर अपने हुनर का प्रदर्शन किया वहीं राहुल प्रताप सिंह ने हतू ही रेह गाना सुनाया वहीं शिवेन्द्र सक्सेना ने शायरी सुनायी। संस्था के अध्यक्ष वामिक के अनुसार बीते 31 वर्षों से उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट अकादमी, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन कर प्रदेश की कला और संस्कृति को नई पहचान दिला रही है। उनके अनुसार यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के उन प्रतिभावान युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो गायन, नृत्य, अभिनय, फैशन और मॉडलिंग जैसे प्रतिष्ठित कला क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य बनाना चाहते हैं। इस प्रतियोगिता के लिए अब तक कानपुर, आगरा, वाराणसी, झांसी, प्रयागराज, गोरखपुर, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली और फैजाबाद सहित कई जिलों में ऑडिशन हो चुके हैं। उनमें लगभग चार हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया है। हर जिले से चयनित तीन युवक और तीन युवतियों का चुनाव कर लखनऊ में होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

# माता के भजनों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु

- नवयुवक संघ ने किया 16वें भगवती जागरण का भव्य आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...., चलो बुलावा आया है...., भजनों पर क्या बच्चे, क्या बूढ़े उपस्थित सारे जनमानस में भक्ति की लहर दौड़ गई। दिनांक 6 दिसंबर, शनिवार को राजाजीपुरम स्थित श्रद्धा पार्क में नवयुवक संघ ने अपनी मां भगवती जागरण श्रृंखला के अंतर्गत 16वें जागरण का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया। शनिवार की देर रात हुए जागरण में भारी संख्या में ए ब्लॉक कॉलोनी के निवासी और सामान्यजन सम्मिलित हुए। नवयुवक संघ के प्रमुख अखिलेश पांडेय ने बताया कि कार्यकताओं की मेहनत से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया। भोर 4 बजे ही कार्यकर्ता स्नान कर चंद्रिका देवी मंदिर से भगवती की पावन ज्योत लाने के लिए नंगे पांव मंदिर प्रांगण पहुंचे । वहां से ज्योत लाने के पश्चात पूरे दिन पंडाल में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मनोज का नवयुवक संघ की ओर से सम्मान किया गया। माता का गुणगान मां दीवाना जागरण पार्टी के राहुल दीवाना ने माता की भेंटे गा के समा



बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में गुणगानकर्ता पार्टी के सभी सदस्यों का सम्मान नवयुवक संघ द्वारा मां सरस्वती का चित्र ओर मेडल देकर किया। पूरे कार्यक्रम में पवन द्विवेदी, जितेंद्र कुमार, मंडल महामंत्री शिवेंद्र कुमार, आकाश मिश्रा, विपिन आनंद, सूरज यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नृत्य व नाटक ने किया भावविभोर

## 39वें स्थापना दिवस पर बुंदेलखंड परम्परा का उत्सव

- विकास और बुंदेलखंड भवन की आवश्यकता पर जोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद के तत्वावधान में परिषद का 39वाँ स्थापना दिवस समारोह रविवार को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह रहे। समारोह की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष महेंद्र कुमार तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख सचिव विधान परिषद डॉ. राजेश सिंह, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, आईएएस शिव प्रसाद आनंद, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक राजेश कुमार, शिवशंकर अवस्थी, बद्री प्रसाद तिवारी, मनोज कुमार द्विवेदी एवं विनोद कुमार सोनकिया शामिल रहे। सभी अतिथियों का परिषद की ओर से सम्मान किया गया।

परिषद के महासचिव इंजीनियर कैलाश जैन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। संगठन के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र तिवारी ने स्वागत तथा महेंद्र भीष्म और सुरेंद्र अग्निहोत्री ने अपनी बात रखी। अतिथियों ने अपने संबोधन में बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए सरकार से राजधानी लखनऊ में बुंदेलखंड भवन हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ईशा, मीशा, मीमांशा और नेहा द्वारा दी गई। केवट संवाद नाटक का मंचन अर्चना गुप्ता के निर्देशन तथा चंद्रेश पाण्डेय व योगेश पांडे के संगीत संयोजन में किया गया, जिसमें कीर्ति जैन, अंजू अग्निहोत्री, अपर्णा सिंह और रितिका अग्निहोत्री ने अभिनय किया। इसके अतिरिक्त बुंदेली गीत, बुंदेली राई नृत्य तथा अमृतलाल गोस्वामी टीम द्वारा आल्हा गायन भी प्रस्तुत किया गया। शुभारंभ अर्चना गुप्ता, अनीता जैन, रजनी विश्वकर्मा और प्रीति सिंह ने सरस्वती वंदना से की। संचालन अर्चना गुप्ता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अनीता राजीव ने किया। समारोह में परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण आलोक जैन, के.पी. प्रजापति, सुधीर गुप्ता, गणेश शंकर गुप्त, योगेश चौहान, संजय गुप्ता, सविता शुक्ला, बी.एस. बुंदेला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बंटवारे के हालात की निशानदेही करता उपन्यास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बंटवारे के आसपास के वक्त क्या हालात थे और उस दौर में पूरी कौम पर क्या मुश्किलें आयीं, शुएब निजाम का उपन्यास उनकी निशानदेही करता है। साथ ही संदेश देता है कि नयी पीढ़ी की अपनी राजनीतिक भागीदारी बढ़ानी होगी।

ये विचार मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व आईएएस डा.अनीस अंसारी ने व्यक्त किए। लेखक शुएब निजाम के उपन्यास गर्द-ए-सफर और रेखाचित्र संकलन सर-ए-सय्यारगान-ए-सुखन पर विचार गोष्ठी का आयोजन उसलूब आर्गनाइजेशन की ओर से प्रेमचंद सभागार हिन्दी संस्थान हजरतगंज में किया गया था। डा.हारून रशीद के संचालन में चले कार्यक्रम में दोनों उर्दू किताबों के विषयों को केंद्र में रखते हुए डा.अंसारी ने 2022 में हुए सर्वेक्षण का हवाला से कहा कि पसमांदा मुसलमान आज भी सबसे पीछे हैं। आज राजनीतिक चेतना जगाने की जरूरत है। अध्यक्षीय वक्तव्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डा.अनीस अशफाक ने लेखक के रचनात्मक कर्म पर रोशनी डालते हुए कहा कि गांव की जिंदगी और तहजीब को दशार्ता 242 पन्नों का यह उपन्यास सूक्ष्म बातों को रखते हुए तेजी से आगे बढ़ता है। साथ ही बदलते समय के साथ आने वाले खौफ और अंदेशों के बीच उम्मीद की किरन को भी सामने रखता है। कानपुर की डा.गुलरेजा अदीबा ने उपन्यास की उम्दा मंजरकशी की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी कहानी वक्त की रफ्तार और उसके साथ बदलती चरित्रों की मानसिकता को उजागर करती है। वरिष्ठ रचनाकार डा.आयशा सिद्दीकी ने कहा कि उपन्यास के महिला चरित्र मजबूत दिखते हैं पर भीतर ही भीतर ये इशारे भी हैं कि महिलाएं लम्बे दौर से झुकी और दबी रही हैं। शकील सिद्दीकी ने शुएब को अल्फाज का जादूगर बताते हुए कहा कि उपन्यास कथा साहित्य से की गयी उम्मीदों को पूरा करता है। इसमें हर चरित्र को पूरी खूबियों के साथ गढ़ा गया है। इससे पहले रचनाकार शुएब निजाम ने नैयर मसूद और दीगर साहित्यकारों के साथ जी महफिलों का जिक्र करते हुए अपने रचनाकर्म के बारे में बताया।

# बनारस से मुंबई और आनंद विहार के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



● दरभंगा और आनंद विहार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग पर दिल्ली एवं मुम्बई के लिए 06 फेरों में निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचलन किया जायेगा।

01082 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 07 दिसम्बर को बनारस से 19.40 बजे प्रस्थान कर वाराणसी से 20.05 बजे, मिजार्पुर से 21.50 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 01.07 बजे, मानिकपुर से 03.50 बजे, सतना से 04.57 बजे, मैहर से 05.27 बजे, कटनी से 06.30 बजे, जबलपुर से 08.30 बजे, नरसिंहपुर से 10.04 बजे, पिपरिया से 11.18 बजे, खण्डवा से 18.04 बजे, भुसावल से 20.20 बजे, तीसरे दिन नासिक रोड से 00.29 बजे तथा कल्याण से 04.44 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 06.25 बजे पहुँचेगी तथा वापसी यात्रा में 01081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 08.25 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 09.14 बजे, नासिक रोड से 12.55 बजे, भुसावल से 17.05 बजे, खण्डवा से 19.30 बजे, पिपरिया से 23.17 बजे, दूसरे दिन नरसिंहपुर से 00.23 बजे, जबलपुर से 02.10 बजे, कटनी से 03.35 बजे, मैहर से 04.32 बजे, सतना से 05.37 बजे, मानिकपुर से 07.25 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.00 बजे, मिजार्पुर से 13.26 बजे तथा वाराणसी से 15.35 बजे छूटकर बनारस 16.05 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनररेटर सह लगेज यान का 01, एलएसएलआरडी का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

02559 बनारस-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 07 दिसम्बर को बनारस से 20.15 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 21.28 बजे, प्रयागराज जं. से 23.20 बजे, दूसरे दिनगोविनदपुरी से 02.20 तथा गाजियाबाद से 09.45 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 10.30 बजे पहुँचगी तथा वापसी यात्रा में 02560 आनन्द विहार टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी 08 दिसम्बर को आनन्द विहार टर्मिनस से 12.20 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 12.55 बजे, गोविन्दपुरी से 20.00 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 01.35 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 02.55 बजे छूटकर बनारस 04.15 बजे पहुँचगी।

इस गाड़ी में जनररेटर सह लगेज यान के 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05563/05564 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 08 दिसम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 10 दिसम्बर, 2025 को 01 फेरे के लिए किया जायेगा।

05563 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 08 दिसम्बर को दरभंगा से 18.15 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 20.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.20 बजे, हाजीपुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन छपरा से 01.50 बजे, बलिया से 03.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 04.07 बजे, वाराणसी से 06.00 बजे, प्रयागराज जं. से 08.45 बजे तथा गोविन्दपुरी से 12.50 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 21.15 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05564 आनन्द विहार टर्मिनस-दरभंगा विशेष गाड़ी 10 दिसम्बर को आनन्द विहार टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान कर गोविन्दपुरी से 07.35 बजे, प्रयागराज जं. से 10.35 बजे, वाराणसी से 13.15 बजे, गाजीपुर सिटी से 14.47 बजे, बलिया से 16.12 बजे, छपरा से 17.40 बजे, हाजीपुर से 19.00 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.55 बजे तथा समस्तीपुर से 21.30 बजे छूटकर दरभंगा 23.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, एलएसएलआरडी का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, वातानुकूलित द्वितिय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

## दो ट्रेनें निरस्त, कई के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● उधना से 04 जनवरी तक चलने वाली 05560 उधना–रक्सौल विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी जं. के प्लेटफार्म संख्या-03 पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

निरस्तीकरण के तहत रक्सौल से 03 जनवरी तक चलने वाली 05559 रक्सौल-उधना विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। उधना से 04 जनवरी तक चलने वाली 05560 उधना-रक्सौल विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्तन के तहत दरभंगा से 05 जनवरी तक चलने वाली 09466 दरभंगा-अहमदाबाद विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना-गुना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल-इटावा-ग्वालियर-गुना के रास्ते चलाई जायेगी।

अहमदाबाद से 02 जनवरी तक चलने वाली 09465 अहमदाबाद-दरभंगा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गुना-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गुना-ग्वालियर-इटावा-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी।

मुम्बई सेंट्रल से 03 जनवरी तक चलने वाली 09189 मुम्बई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग प्रयागराज जं-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-कटनी मुड़वारा- बीना के रास्ते चलाई जायेगी। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन हेतु उत्तर रेलवे के देहरादून यार्ड में लोको पिट साइडिंग कार्य एवं पुल संख्या-39, 57, 1286 एवं 1263 पर नान-इण्टरलाक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण पूर्व में लक्सर में शार्ट टर्मिनेशन हेतु अधिसूचित 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस की तिथि में संशोधन किया गया है।

यह गाड़ी अब काठगोदाम से 08, 09 एवं 10 दिसम्बर के स्थान पर संशोधित तिथि 07, 08 एवं 09 दिसम्बरको लक्सर में शार्ट टर्मिनेट होगी तथा लक्सर से देहरादून के मध्य निरस्त रहेगी।

# विवेकानंद पॉलीक्लीनिक के डाक्टरों ने फेफड़े की जटिल सर्जरी कर बचायी मरीज की जान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 51 वर्षीय सुल्तानपुर निवासी मुन्ना को कई वर्षो से खासी और सांस लेने में तकलीफ की परेशानी थी। डाक्टर टीबी का इलाज करते रहे मगर मरीज की दिक्कत बढ़ती जा रही थी। ऐसे में विवेकानंद अस्पताल में विशेषज्ञ कार्डियोवैस्कुलर थोरेसिक सर्जन डॉ. भवतोष बिस्वास के सम्पर्क में आने के बाद मरीज का सीटी स्कैन एवं चेस्ट एक्सरे कराया गया, जिससे पता चला कि मरीज के दाये फेफड़े में फंगल इंफेक्शन है जो बढ़कर फेफड़े के तीनों ब्लाक्स में फैल गया है।



डाक्टरों की चुनौती तब बढ़ गई जब देखा गया कि फंगल इंफेक्शन निचले लोब्स में फंगल बॉल की तरह बना हुआ था और ऑपरेशन में बहुत सावधानी के साथ रक्तवाहिनियों, ट्रेकिया तथा हृदय को बचाते हुए इस फंगल बॉल को निकाला जाना था। डॉ. भवतोष बिस्वास, पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद आमिर और उनकी टीम ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को करने का निर्णय लिया जिससे मरीज की जान बचाई जा सके। पांच घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद मरीज के फेफड़े से सफलतापूर्वक फंगल बॉल को फेफड़े के तीनों ब्लॉक्स से निकाल दिया गया और मरीज को जीवन दान मिल सका।

विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानानंद ने बताया कि यह एक जटिल सर्जरी थी, जिसे डॉ. भवतोष विश्वास और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। विवेकानंद अस्पताल हमेशा मरीज को नारायण सेवा मानते हुए निरंतर सेवा कार्य करते आ रहा है।

# यहियागंज गुरूद्वारे का 2 करोड़ से किया जायेगा कायाकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ स्थित ऐतिहासिक यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करने जा रहा है। गुरुद्वारे के ऐतिहासिक महत्व, सामुदायिक आस्था और शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन विकास पर 02 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर और दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की स्मृतियों से जुड़े गुरुद्वारे का पर्यटन विकास हमारी प्राथमिकता है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार सभी धर्मों की आस्था का समान रूप से सम्मान करती है। सिख गुरुओं के ऐतिहासिक पदचिह्नों से जुड़े लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे को पर्यटन मानचित्र पर विशेष रूप से विकसित किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस पवित्र विरासत को करीब से जान सकें और श्रद्धा पूर्वक देख सकें।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यहियागंज गुरुद्वारे के पर्यटन विकास हेतु राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास मद से 02 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह धनराशि गुरुद्वारे के ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं, सौंदर्यीकरण, आगंतुक सुविधाओं और सुगम पहुंच व्यवस्था के लिए उपयोग की जाएगी।

यहियागंज गुरुद्वारे के अंदर एक आर्ट गैलरी भी है, जिसमें सिख इतिहास और गुरुओं से जुड़ी घटनाओं को दशार्या गया है। यह भाग आगंतुकों को खासा आकर्षित करता है। यहां गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह द्वारा हस्ताक्षरित दो हुक्मनामे व श्री गुरु ग्रंथ साहब की हस्तलिखित प्रति मौजूद है, जिसके आरम्भ में गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा मूल मंत्र लिखा है। यह अनमोल संग्रह दर्शनार्थियों और विशेषकर सिख इतिहास में रुचि रखने वालों को गहराई से जोड़ता है।

यहियागंज गुरुद्वारा तक पहुंचना बेहद आसान है। लखनऊ आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक चारबाग रेलवे स्टेशन, चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा या शहर के किसी भी हिस्से से सड़क मार्ग द्वारा आराम से यहां पहुंच सकते हैं। प्रकाशोत्सव जैसे विशेष अवसरों पर बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग यहां पहुंचते हैं और भजन-कीर्तन, लंगर का हिस्सा बनते हैं।

प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की पर्यटन विकास नीति का उद्देश्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है।

लखनऊ स्थित यहियागंज गुरुद्वारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का अद्वितीय केंद्र भी है। बेहतर कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाओं का उन्नयन और ठोस इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के माध्यम से हम इसे पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**लखनऊ।** श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मंत्री लखनऊ श्रीराम क्षत्रिय सेना मान सिंह तोमर के निवास पर फरीदीपुर, लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय सिंह ने की। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने सदस्य बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पद के चुनाव में अभिषेक कुमार सिंह एडवोकेट को विजय दिलाने के लिए संगठन का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक कुमार सिंह एडवोकेट, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत व गुलाब सिंह सोमवंशी, जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी व मान सिंह तोमर, जिला प्रवक्ता सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट, अरविन्द प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, जिला महामंत्री सीतापुर बलिराम सिंह आदि उपस्थित रहे।



## श्री शिव महापुराण कथा व रुद्र महायज्ञ 14 से

**लखनऊ।** आशियाना इलाके स्थित एक निजी होटल में रविवार को श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता के दौरान बनारस से पधारे श्री आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान के आयोजक व कथावाचक शैवाचार्य श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज सहित कथा आयोजनकर्ता रंजना मिश्रा, मधु यादव,सर्वेश तिवारी व आलोक शुक्ला समेत अन्य सहयोगी मौजूद रहे। इस प्रेस वार्ता के दौरान कथावाचक शैवाचार्य प्रशांत प्रभु जी महाराज ने अपने उदबोधन में कहा कि शिव महापुराण एवं रुद्र महायज्ञ से सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। सनातन के प्रचार प्रसार एवं हिंदुत्व को आत्मा में बसाने के लिए श्री शिव महापुराण यह बड़ा आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ आगामी 14 दिसंबर से कलश यात्रा संग रामलीला मैदान आशियाना में किया जा रहा है जिसका समापन 25 दिसंबर को किया जाएगा।



## आशियाना महोत्सव के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके मे रहने वाली एक व्यक्ति की बाइक बीते गुरूवार रात्रि महोत्सव के बाहर से चोरी हो गई। आशियाना थाना इलाके स्थित रुचिखण्ड 1 शारदा नगर निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र स्व० जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि वह बीते 4 दिसम्बर की रात्रि करीब 9.30 बजे अपनी बाइक संख्या यूपी 32 एम के 7351से आशियाना इलाके स्थित स्मृति उपवन लखनऊ महोत्सव गया था उसने अपनी उक्त बाइक को महोत्सव स्थल के सामने वाली रोड पर खडी की थी जिसे चोरों ने पार कर दी। बाइक चोरी की जानकारी होने पर उसने खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है।

## जान से मारने की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर पुलिस ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर करने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया गेट नंबर 3 गहरू निवासी गंगाराम यादव 6 दिसंबर की शाम अपनी बोलोरो से स्कूटर इंडिया से बसंत खेड़ा स्थित मकान पर जा रहा थे। तभी सामने से अतुल तिवारी गाली देते हुए रोक लिया और जब वह गाली देने से मना किया तो अतुल तिवारी ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया था। जिसमें गंगाराम बुरी तरह से घायल हो गया था। सरोजनीनगर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर अपराधी का पता लग रही थी कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि वह बसंत खेड़ा स्थित नहर के किनारे जंगल में खड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ पकड़ कर उसे जेल भेज दिया।

# आरोग्य मेले में 4509 लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह के नेतृत्व में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने औरंगाबाद साले नगर और किला मोहम्मदी का, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) और ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) ने विभिन्न क्षेत्रों ने आयोजित होने वाले आरोग्य मेले का निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह मेले सरकार की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की महत्वपूर्ण पहल है और इसके माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायी जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि मेले में पंजीकरण, जांच, उपचार, दवा और परामर्श सहित सभी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों। को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले लाभार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि मेले में 4509 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जिसमें 1715 पुरुष 2097महिला और 697 बच्चे थे।

# जनतंत्र स्थापित करने में डॉ. आंबेडकर का योगदान अहम

## महापरिनिर्वाण दिवस पर हुआ विशेष व्याख्यान

**लखनऊ/वर्धा।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का जीवन दर्शन विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में नागपुर के डॉ. आंबेडकर और बौद्ध दर्शन के चिंतक मंगेश दहीवले ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन दर्शन ने व्यक्ति की गरिमा और सामाजिक जनतंत्र को स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने खून का एक भी कतरा बहाए बिना देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से समग्र परिवर्तन लाने का काम किया है, यह पूरे विश्व में एक उदाहरण है। डॉ. आंबेडकर की संविधानिक दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए दहीवले ने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे तत्वों को संविधान में लाकर डॉ. आंबेडकर ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिए। संविधान के तत्व में



जनतंत्र, शक्ति का पृथक्करण, संघीय ढांचा, कानून और नागरिकता का समावेश कर एक व्यक्ति एक मूल्य का सिद्धांत दिया। इन तत्वों के कारण भारत की अखंडता को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित सारे तत्व देश का हर नागरिक अपनाएं और उस पर चलें तो भारत से बड़ा दुनिया में कोई देश नहीं हो सकता।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर पूरे भारत को जोड़ने वाले संयोजक थे। उनका व्यक्तित्व उनके जीवन दर्शन की कहानी है। उन्होंने एक रास्ता बनाकर आने वाली पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त किया है। आधुनिक भारत के बुनकर के रूप में उन्हें सदियों तक याद किया जाएगा। कुलपति प्रो.शर्मा ने डॉ. आंबेडकर के संघर्ष से भरे जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि ज्ञान, इच्छा और दृढ़संकल्प से परिपूर्ण डॉ. आंबेडकर का आधुनिक भारत को बनाने और गढ़ने में महत्वपूर्ण योगदान है। महादेवी वर्मा सभागार में हुए इस आयोजन में दीप दीपन और डॉ. आंबेडकर के फोटो पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत से तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। कार्यकम का संयोजन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर-सिदो-कान्हू/मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अवधेश कुमार ने किया।

# जनसंवाद शिविर में रखी गयी आवास, पेंशन जैसी समस्याएं

## डॉ. राजेश्वर ने हमीरपुर के 4 मेधावियों को साइकिल प्रदान कर किया सम्मानित



● विधायक राजेश्वर के संवाद शिविर में लगा SIR कैंप, फॉर्म भरने में लोगों को मिली सहायता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उनके द्वार तक पहुंचाने तथा मेधावियों व गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने के उद्देश से शुरू की गयी 'आपका विधायक - आपके द्वार' जन संवाद शिविर की साप्ताहिक पहल 146 आयोजनों का कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है।

रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में अर्जुनगंज मंडल के अंतर्गत अशरफनगर में 146 वें 'आपका विधायक - आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों ने स्ट्रीट लाइट, ढट आवास, नाली, सड़क, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि से जुडी करीब 23 समस्याओं/सुझाओं से अवगत कराया जिनमें से 3 समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

शिविर के दौरान 'गांव की शान' पहल के अंतर्गत हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले अशरफ नगर के 4 मेधावियों - प्रशांत वर्मा (96.5%), साधना रावत (80%), श्लोक कश्यप (73%) तथा अमरदीप (69%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प क्रम में 160 वें outh Club (Boys) व 95वे ob Girls Youth Club का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट, फुटबॉल आदि प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य सेवाओं को जन - जन तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से विजन प्लस हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य तथा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान 50 क्षेत्रवासियों के नेत्र परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार चश्में भी प्रदान किए गये।

साथ ही, SIR हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों को मतदाता पुनरीक्षण फॉर्म भरने आदि में सहयोग भी किया गया, इस दौरान संबंधित इछअ - 2 एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस दौरान सेक्टर संयोजक दिनेश कश्यप एवं सचिन नाथ, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार, सूबेदार लोधी, मुकेश लोधी, राम नरेश लोधी, रामू लोधी, लता तिवारी, रेनू कुशवाहा, मोनिका गौतम, सुष्मिता सिंह, अर्चना, कुलदीप, ननकी, बसंती, सावित्री, अर्जुन धानुक एवं अन्य क्षेत्रवासियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कोमल तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश की बैठक ग्राम गढ़ी चुनौटी सरोजनीनगर लखनऊ में कोमल राजपूत के आवास पर संपन्न हुई।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सूर्यभान शांडिल्य ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सरोजनीनगर में 10 हजार सक्रिय किसानों को संगठन में शामिल करेगा और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं की जानकारी किसानों को होना चाहिए।कृषि विभाग ग्राम पंचायत/न्याय पंचायत में कैम्प लगाकर कृषि संबंधित प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराए। यदि कोई भी अधिकारी किसान के किसी भी कार्य को करने में शिथिलता लाता है तो संगठन संबंधित अधिकारियों का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेगा।इस मौके पर प्रदेश पदाधिकारियों/जिलाध्यक्ष की संतुति पर कोमल राजपूत निवासी गढ़ी चुनौटी को सरोजनीनगर तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैठक में संतोष सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष (प्रचार प्रकोष्ठ), सनी राजपूत राहुल राजपूत, शिवा गौतम, रवि रावत,नितिन रावत, अभिषेक गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में युवा व किसान उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्र के मानदेय में वृद्धि न होने पर आक्रोश

विशेष संवाददाता (vol)



● उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की अति आवश्यक बैठक सम्पन्न

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की रविवार को अति आवश्यक बैठक लखनऊ में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रमुख मुद्दे शिक्षामित्रों को प्रतिदिन नई-नई जिम्मेदारियां दिया जाना, शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि न होना और शिक्षामित्रों के स्थानांतरण के शासनादेश को लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न किया जाना शामिल रहे।

मुख्यमंत्री के आदेश एवं शासनादेश निर्गत होने के बाद भी स्थानांतरण जैसी समस्याएं अधिकारियों के पटल पर अभी तक अटकी हुई है, जिस कारण संगठन को बार-बार अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

संगठन द्वारा समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया जिसमें पुनः अधिकारियों से मिलकर शिक्षामित्रों के शोषण एवं उनके स्थानांतरण की समस्या समाधान करने के लिए मुलाकात कर अनुरोध किया जाएगा एवं फिर भी यदि समाधान नहीं निकलता है तो बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ पर एक वृहद कार्यक्रम जनवरी में आयोजित किया जाएगा।

शिक्षामित्रों को मिल रही नई जिम्मेदारियों देने और मानदेय वृद्धि न होने से उनमें असंतोष व्याप्त है, जिस कारण शिक्षामित्र आत्महत्या, ब्रेन हेमरेज के शिकार हो रहे हैं, जिस पर संगठन द्वारा यह निर्णायक कदम उठाया गया है। संगठन कोषाध्यक्ष के रिक्त पद पर राजेंद्र सिंह पचेरा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर अजय सिंह को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला, सुशील यादव, श्याम लाल यादव, कौशल कुमार सिंह, शैलेश यादव, राजेंद्र सिंह पचेरा, बशीम अहमद, अजीत कुमार सहित प्रदेश पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष शामिल हुए।

संक्षेप

## वीरांगना ऊदा देवी पासी का बलिदान प्रेरणा स्रोतः बैजनाथ रावत

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मजनाई में वीरांगना ऊदा देवी पासी का शौर्य दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी का बलिदान राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्त्रोत है उन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते हुए देश के स्वाधीनता संग्राम में अपना विशेष योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि चंद्रभानु पासवान ने कहा कि महान विभूति वीरांगना ऊदा देवी पासी का बलिदान पासी समाज के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित किया है।उनका बलिदान हमें राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरणा देता है।कार्यक्रम को मुख्य वक्ता अमिता बौद्ध, अमर बहादुर, राधेश्याम त्यागी, पवन यादव, डॉ बृजेश रावत, विजयपाल रावत, गायत्री देवी समेत कई अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

# स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र शुरू की जाए प्रसव की सुविधा : सीएमओ



देवरिया, । सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाजपुर पहुंचकर वहां आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में मिल रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। सीएमओ ने निर्देश दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र प्रसव कराने की व्यवस्था कराई जाए। जन स्वास्थ्य शासन की प्राथमिकता है, इसके प्रति कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सीएमओ डॉ गुप्ता ने नियमित टीकाकरण, मातृ शिशु स्वास्थ्य व पोषण कार्यक्रमों और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।इस बात पर जोर दिया कि अभियानों और कार्यक्रमों को समन्वित प्रयासों से सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने मेले में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली और मरीजों से फीडबैक भी लिया। इसके बाद सीएमओ ने छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस वीएचएसएनडी) पर आवश्यक उपकरणों व दवाओं और बच्चों के वजन की जांच की व्यवस्था उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सभी उपलब्ध सेवाएं दी जाएं। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जाए और उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान कर प्रबंधन पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया।

इस मौके पर डीएमएचसी विश्वनाथ मल्ल, राय कमलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## पांव दाबू मां बाप के तो खुशी मिले, बैसूद दुनिया पे चलने से फायदा क्या...

ललितपुर। साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था वान ए गजल मध्य प्रदेश के तत्वाधान में कौमी एकता एवं मुशायरा का कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी बदरूद्दीन कुरैशी ने की। जबकि मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति दी। पश्चात उज्जैन की नौजवान शायर नवाज असीमी ने नाते पाक एवं मनीष अंजुम सोनी ने

● कौमी एकता एवं मुशायरा कवि सम्मेलन सम्पन्न

सरस्वती वंदना पढ़कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर नगर के शायर व गीतकार करीम असर ललितपुरी की साहित्यिक 50 वर्षों की सीमाएं एवं देश-विदेश में जिले का नाम रोशन करने के लिए संस्था की ओर से शासन की राज्यमंत्री ने शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नैनीताल से आए कवि मोहन ने शेर पढ़ते हुए कहा कि पांव दाबू मां बाप के तो खुशी मिले, बैसूद दुनिया पे चलने से फायदा क्या। झांसी के शायर जब्बार शारिब ने कुछ यूं कहा कि मैं तो सूरज हूं कभी रात में नहीं, निकलता वह मुझसे मिलने मगर दिन में भी नहीं आती। नोमान के शायर हाशिम नोमानी ने कहा कि कब्र के अंदर भी तो चैन नहीं मिलता कब्र के अंदर भी जिंदा रहना पड़ता है। सूफयानी काजी ने कहा एल्म और तहजीब का खजाना है, जिससे रोशन गरीब खाना है। प्रतापगढ़ से राजीव राज ने कहा कि अभी भी वक्त के गुलेल में हूं अजब बात है कि कैसे खेल में हूं वह कत्ल करके भी संसद भवन में बैठे हैं। मैं एक रोटी चुरा के तिहाड़ जेल में हूं। एमआर सोज ने कहा कि रेजा रेजा विखर गया हूँ, मै अपने साये से डर गया हूं। असर ललितपुरी ने कहा शहर में दुश्मन के बार क्या करते हम ने तलवार दिखाई रख ली। मौके पर अबरार दानिश महिदा, असरार चंदे, रवि मंजर भोपाली ने भी कार्यक्रम में खूब भी वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के प्रारंभ में यही ललितपुरी ने अतिथियों को वैच लगा कर सम्मानित किया।

## चोरी का पर्दाफाश करने पर -व्यापार मंडल ने बरहज पुलिस का अभिनदंन



बरहज,देवरिया। बरहज के व्यापारी उमाशंकर मद्धेशिया के घर हुई लाखों रुपये की चोरी का दो दिनों में पदार्फाश करने व 81 लाख नकद व स्वणार्भूषण आदि की बरामदगी करने वाले बरहज थाना प्रभारी दिनेश मौर्य सहित पूरे थाना स्टाफ का अंगवस्त्र ,प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता व व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अमरेन्द्र गुप्त, पूर्व चेयरमैन उमाशंकर सिंह उमेश, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिशंकर चौरसिया,युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम मद्धेशिया,पीड़ित व्यापारी उमाशंकर मद्धेशिया,व्यापारी नेता शम्भू जायसवाल, रामकेश्वर जायसवाल, पवन मद्धेशिया, अमला कुशवाहा,मोहित मद्धेशिया, मनोज गुप्त,तारकेश्वर जायसवाल, सुरेश तिवारी, जगदम्बा मद्धेशिया,संजय पासवान, अमित मद्धेशिया,सरोज गुप्ता, महेश्वर मद्धेशिया मौजूद रहे।

## पशुपालन कार्य से वापस आ रहे पैरावेट को मनबढ़ों ने पीटा

भटनी(देवरिया)। शनिवार की रात्रि पशुपालक कार्य सेवापस आ रहे एक पैरावेट को कुछ मनबढ़ युवकों ने मामूली बात पर पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने पीड़ित की बाइक और दवा का कुछ सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया।घटना जिगिना मिश्र गांव के सामने हुई, जहां भटनी के छपिया जयदेव गांव निवासी दुर्गेश कुशवाहा (पैरावेट) पशुओं का इलाज कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कुछ युवकों की बाइक से हल्की ठोकर लग गई। आरोप है कि इस मामूली विवाद में युवकों ने दुर्गेश को घेरकर पहले गाली-गलौज की और फिर लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया।पीड़ित का कहना है कि विरोध करने पर युवकों ने उनकी बाइक भी तोड़ दी और बैग में रखी दवाएं तथा उपकरण सड़क पर फेंक दिए। आसपास मौजूद लोगों के बीच बचाव के बाद किसी तरह पीड़ित घटना स्थल से निकला। मारपीट से घायल दुर्गेश रात में ही भटनी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पीड़ित ने कहा कि वह रोज गांवों में जाकर पशुओं का इलाज करते हैं, लेकिन ऐसी घटना से ग्रामीण सेवाओं में बाधा आती है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान की जा रही है और तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सूबेदार मुसाफिर अली क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

जिला संवाददाता

कुशीनगर। स्व. सूबेदार मुसाफिर अली क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ तिरंगा यात्रा निकालकर किया गया।रविवार को बुद्ध इंटर कॉलेज के क्रीड़ांगन में मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व प्रमुख डॉ.प्रियेश त्रिपाठी एवं अंशु मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विविधत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।शुभारंभ के पूर्व शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किया कर नमन किया गया। संत जेवियर्स की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति की।आयोजक अजहर व कमेटी के लोगो द्वारा माल्यार्पण कर अतिथियों स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री पाठक, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि ऐसा आयोजन सराहनीय है। यह क्रम आगे भी चलता रहना चाहिए। जिससे युवाओं को राष्ट्र प्रेम और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलगी। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि सेना कप के नाम पर हो रहा टूनार्मेंट इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फलक पर खेलने का अवसर प्रदान करेगा। तिरंगा यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, एकेडमी के खिलाड़ी, सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चे शामिल रहे। संचालन मजिबुल्ला राही ने किया। इस दौरान कुंवर नरेंद्र सिंह, कविंद्र पांडेय, सिंह, सभासद अजेंद्र सिंह, डॉ. निगम, अरुण चौबे, सचिन पाठक, सुनील यादव, विजय चौरसिया, पूर्व सैनिक सुरेश चंद पाण्डेय, नागेन्द्र पांडेय, फागू यादव, कैप्टन विजय, बहादुर सलामुद्दीन अंसारी, सच्चिदानंद राय, सीओ मनीष जायसवाल हवलदार मनोज सिंह मौजूद रहे।

## पूर्व नौसैनिकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नौ सेना दिवस

अयोध्या। रविवार को पूर्व नौसैनिकों ने नेवी सप्ताह के तहत नौ सेना दिवस उत्साह और गर्व के साथ मनाया। शहर के एक होटल के सभागार में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे पूर्व नौ सैनिकों ने दीप प्रज्वलन तथा केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यह कार्यक्रम नौ सेना दिवस का पांचवां सामूहिक आयोजन था, जिसमें देशभक्ति और सेवा की भावना झलकी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी भूतपूर्व नौसैनिकों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र हित में सदैव तत्पर रहेंगे और युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे।

## वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण



ललितपुर। पुलिस फैमिली बेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. (वामा सारथी) के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर पर किया गया। उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया। कैम्प का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण, पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप, महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आदि सुविधाएं मुहैया करायी गयी थीं।

शिविर में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। जिले की वामा सारथी की अध्यक्षा ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस कर्मी व उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सकें। इस दौरान वामा सारथी, आयुष विभाग, चिकित्सा विशेषज्ञों, पुलिस लाइन प्रशासन व प्रतिभागियों का आभार जताया।

## कौशल शिक्षा एवं कैपेसिटी बिल्डिंग संवर्धन कार्यशाला संवर्द्धन



कसया, कुशीनगर। स्पेशल प्रोजेक्ट ऑफ इक्विटी के अंतर्गत जीवन में कौशल शिक्षा एवं कैपेसिटी बिल्डिंग संवर्धन हेतु सुगमकर्ता की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र कसया में किया गया। इस कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षक नीरज बंका और राकेश मणि ने गतिविधियों के माध्यम से किशोर किशोरियों को जागरूक, आत्मविश्वासी बनाने के साथ साथ उनके आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नम्बर 1098, 1090, 181, साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930, 102, 108 नंबर की जानकारी दी गई। लघु फिल्म चुप्पी तोड़ हल्ला बोल के माध्यम से बच्चों के अंदर डर को निकाल कर गलत के विरुद्ध आवाज उठाने की जानकारी दी गई। कार्यशाला के समापन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर डॉक्टर राम जियावन मौर्य द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया और अपने संबोधन में बालक बालिकाओं में बिना भेदभाव किए समान रूप से अवसर उपलब्ध कराए जाने को प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कसया अशोक यादव, एआरपी आशुतोष दुबे, आरती दुबे, छेदी प्रसाद, सपना शर्मा, रेणु तिवारी, अनीता साहनी, संगीता साहनी, सुमन, विभा गुप्ता, वंदना, पुष्पा, अर्चना, चंद्रपाल सिंह उपस्थित रहे।

# छात्रहित में अधिकारी नहीं ले रहे रुचि

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद में शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गए 14 हजार से अधिक आवेदन अब भी विभागों और शिक्षण संस्थाओं में लंबित पड़े हैं, और अधिकारी इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं। जबकि राज्य सरकार द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों के स्तर से लंबित आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। ऐसे में इस बड़ी लापरवाही का खुलासा तब हुआ जब जिलाधिकारी सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

समीक्षा में पाया गया था कि सी.एम. डैशबोर्ड पर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10 के 502, कक्षा 11-12 के 329 एवं पोस्ट मैट्रिक संस्थाओं के 13181, इस प्रकार (कुल 14012) आवेदन अभी तक शिक्षण संस्थाओं और विभागों में लंबित हैं, जिससे जिलाधिकारी भी हैरत में पड़ गए। इन लंबित आवेदनों में 13181 आवेदन पत्र ऐसे हैं जो उच्च शिक्षा स्तर पर लंबित है और प्राचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, प्राचार्य डायट, नोडल अधिकारी-प्राविधिक शिक्षा, नोडल अधिकारी, व्यवसायिक शिक्षा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से संबंधित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी अधिकारियों की शिथिलता का द्योतक है। शासन स्तर पर भी इस सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उक्त अधिकारियों व प्राचार्यों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण 02 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत समयावधि में कॉलेज/संस्था की शिथिलता के कारण आवेदन पत्र निस्तारित नहीं किये जाते हैं, तो सम्बन्धित कॉलेज, संस्था के उत्तरदायी प्राचार्यों, अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि उक्त संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तरण सुनिश्चित करायें तथा प्रतिदिन की निस्तारण प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अवगत करायें, यदि लापरवाही हुई तो इसके लिये अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा 09 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 04 बजे विकास भवन में प्रगति समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की है। संबंधित अधिकारीगण व कॉलेज/संस्था के ऐसे समस्त प्रधानाचार्य निस्तारण सूचना/विवरण के साथ उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मना जीबीटीसी का वार्षिकोत्सव



अयोध्या। ग्रामीण मेधा को आधुनिक तकनीकी विकास से जोड़ने के उद्देश्य से विगत पाँच वर्षों से कार्यरत संस्था गिब बैंक टू कम्युनिटी का वार्षिकोत्सव रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ-साथ बीते राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर लगातार उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया गया। एबिलिटी अवार्ड की श्रेणी में वाणी शुक्ला, अमर सिंह, जगदीश वर्मा और नीतू अलरेजा को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। समाज के हर तबके के लिए काम कर रही संस्था साहस फाउंडेशन और शिक्षित युवा सेवा समिति को भी विशेष श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

संस्था द्वारा पूर्व वर्षों में जी बी टी सी के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष वैशाली पाण्डेय और शुभांकर पाण्डेय को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा गया। संस्था की संस्थापिका किरणदीप संधू और देवेश मोहन के द्वारा जनपद अयोध्या में जी बी टी सी स्मार्ट क्लास श्रृंखला के चालीसवें परिषदीय विद्यालय का उद्घाटन भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल अमित सरीन और विशिष्ट अतिथियों में ऋषिकेश उपाध्याय, पंकज रावत, नितिन कोहली, मल्लिका कोहली, पी के सिंह, दीपक कुमार, विशाल गुप्ता, मंजूला झुनझुनवाला, के.के. मिश्रा, पी के नारायण, अभय सिंह, अतुल सिंह आदि शामिल रहे। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय और अटल आवासीय विद्यालय के छात्राओं एवं शिक्षा विभाग के मेंटर्स भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। वार्षिकोत्सव के दौरान मंच से दिव्यांगजनों के आत्म-सम्मान, ग्रामीण प्रतिभाओं के अवसरों और आधुनिक कौशल शिक्षा के महत्व पर भी विचार रखे गए। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और सामाजिक संवेदनशीलता की अनूठी झलक देखने को मिली।

## सीओ कसया ने यातायात सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाया



कुशीनगर। क्षेत्राधिकारी कसया ने यातायात सुरक्षा के लिए रिफलेक्टर पट्टी लगवाया और यातायात नियमों के पालन के निर्देश दिए। अवध शुगर एण्ड एनर्जी लि0, हाटा के केन यार्ड में क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए गन्ना तौल के बाद खाली ट्रैक्टर चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रिफलेक्टर टेप लगाया गया।जिससे रात्रि में चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे लाल रंग की पट्टी दिखायी दे। जिसे देखकर ड्राईवर व किसान सावधानी रखे। चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने क्षेत्राधिकारी कसया को मिल के केन यार्ड का भ्रमण कराया। सीओ कसया ने यार्ड में किसानों को यातायात सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और बताया कि सभी किसान ड्राईबर अपने ट्रैक्टर की लाईटों को चेक करा लें ताकि वे सुचारू रूप से कार्य करें। उन्हौने गन्ना आपूर्ति कताओं को बताया कि जहॉ सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। जीवन अमूल्य है। हम सभी यातायात नियमों का पालने करें। इस अवसर पर अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना रविन्द्र सिंह उपस्थित थे।

# विजयी खिलाड़ियों को विधायक ने किया पुरस्कृत



भटनी(देवरिया)। एलपीएम कॉलेज ऑफ फामेर्सी पुरना छापर में संपन्न हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। ज्ञातव्य है कि 22 नवंबर से 10 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, लागोरी आदि खेलों को सम्मिलित किया था। बालक और बालिका वर्ग में आयोजित इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को स्पर्धा नाम दिया गया था। इन खेलो में क्रिकेट मैच का मुकाबला लीग मैच से शुरू हुआ जो सुपर सिक्स, सेमीफाइनल और फाइनल तक चला। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला 2 दिसंबर 25 को खेला गया जिसमें फामेर्सी इलेवन क्रिकेट की टीम ने सुपर आईटीआई को हारकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। इसके पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यश्वी, कृति, सौम्या, रिया, जिया, पूजा आदि छात्राओं के समूह ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं सोनम कुशवाहा, मंजू रजक, निशा विश्वकर्मा गौरी मिश्रा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संस्थान के चेयरमैन सतीश चंद्र मिश्रा ने विधायक को अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द गौरव प्रजापति को चुना गया। राज मिश्रा और पुनीत साह को अंपायरिंग के लिए पुरस्कार किया गया। फामेर्सी प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रिया कुमारी, दीपक यादव आदि को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान राहुल मिश्रा, सचिन मिश्रा, सुशील तिवारी, मिथिलेश तिवारी, बिक्की कुमार, नीतू कुशवाहा, कुंदन कुशवाहा, वैभव कुमार पाण्डेय, अभिषेक विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# यूपीपीसीएल के वाणिज्य निरीक्षक ने किया बिजली बिल राहत योजना कैंप का निरीक्षण



कुशीनगर। यूपीपीसीएल के वाणिज्य निरीक्षक ने जनपद के कसया तहसील क्षेत्र के मथौली गांव मे विद्युत वितरण खण्ड कसया द्वारा आयोजित "बिजली बिल राहत योजनाॠ कैप का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया।वाणिज्य निदेशक ने कहा कि प्रदेश भर के बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने ह्यबिजली बिल राहत योजना 2025झ26ह्न की शुरूआत की है। यह योजना उन सभी घरेलू, ग्रामीण, शहरी, छोटे व्यावसायिक और कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित होगी, जो किसी कारणवश अपने बिजली बिलों का भुगतान समय पर नहीं कर सके और अब भारी जुमार्ना तथा बढ़ते ब्याज का बोझ झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का पहला चरण 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को सौ फीसदी ब्याज माफी के साथ-साथ मूलधन पर भी बड़ी छूट उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राकेश मोहन, अधिशासी अभियंता आकाश सचान, उपखंड अधिकारी राहुल कुमार व अवर अभियंता शुभम गौड़, के अलावा सलाउद्दीन एवम संविदाकर्मी अजीत सिंह, मुन्ना सिंह, अरशद अहमद व बिलिंग एजेन्सी के लोग उपस्थित रहे। अभियंता शुभम गोंड ने बताया कि कसया उपखंड के तकरीबन 99 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल मे 5 लाख रुपये छूट का लाभ लिया है।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण: लल्लू सिंह

अयोध्या। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार को पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने शक्ति केन्द्र रानोपाली एवं सहादतगंज के विभिन्न बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शंकरगढ़ बाजार में लगे पुनरीक्षण कैम्प में पहुंचकर अभियान के प्रगति की जानकारी ली और मौके पर मौजूद बूथ स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व सांसद ने मतदाता सूची को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रहे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बूथ स्तर पर घर-घर पहुंचकर नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को ठीक कराने पर विशेष जोर दिया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है। यह अभियान केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा का माध्यम है। सभी कार्यकर्ता पूरे समर्पण, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए।

इस अवसर पर शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बीएलओ एवं कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान पूर्व सांसद ने व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

# लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरण जल्द निपटायें



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 171 शिकायतों में से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील बिसवां में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 12, तहसील लहरपुर में प्राप्त 91 प्रार्थना पत्रों में से 20, तहसील सदर में प्राप्त 17 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील सिधौली में प्राप्त 49 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## ठाकुर नगर गौशाला का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने विकास खण्ड मिश्रिख के नैमिषारण्य स्थित ठाकुर नगर गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में जलभराव पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि तीन दिवस के अन्दर जलभराव की स्थिति में सुधार किया जाये। सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली। उन्होंने गेट एवं बाउन्ड्रीवाल सही करानें एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गौशाला में टीन शेड क्षतिग्रस्त, पशुओं के पानी आदि की व्यवस्थाएं सही न होने पर सचिव राजेश कुमार चैधरी को नोटिस एवं स्पष्टीकरण के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये तथा प्रधान दिलीप कुमार गुप्ता को भी नोटिस के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पशुओं के लिये हरा चारा, भूसा एवं पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, जो भी कमियां उनमें सुधार किया जाये। गौआश्रय स्थल में कुल 261 पशु संरक्षित है, इनमें और पशुओं को संरक्षित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

## रामाशीष सिंह की शहादत को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया

फतेहपुर। फतेहपुर के तत्वावधान में पेंशन शहीद स्वर्गीय रामाशीष सिंह की शहादत दिवस को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में उद्घोषित कर जिले में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजिका असफिया मजहर की अध्यक्षता में पटेल नगर चौराहे पर सभी पेंशन बिहीन शिक्षक एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय रामाशीष सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण से हुई, जहां सभी ने उनकी महान शहादत को नमन किया।सभा में वक्ताओं ने जोरदार संकल्प प्रकट किए। विमलेश कुमारी ने कहा कि रामाशीष सिंह ने जो ओपीएस ऑल पेर्स सर्विसर्स आंदोलन में अपना बलिदान दिया, उसी आंदोलन को वे तन, मन और धन से आगे बढ़ाएंगे और पुरानी पेंशन व्यवस्था की पुनः बहाली अवश्य कराई जाएगी। बाबूलाल पाल, अध्यक्ष पंचायती राज विभाग सफाई कर्मचारी संघ फतेहपुर ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से अपनी मांगों के लिए एकजुट होने का आवाहन किया और कहा कि पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है, जिसे हर हाल में हासिल किया जाएगा।विनीता मौर्य ने बताया कि ये पुरानी पेंशन बहाली ही स्वर्गीय रामाशीष सिंह को सही मायनों में श्रद्धांजलि होगी, क्योंकि वे इसी उद्देश्य के लिए शहीद हुए थे। देवेन्द्र पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि सरकारें भले बदलती रहें, लेकिन उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ओपीएस पेंशन बहाल नहीं हो जाती।अटेवा के जिला महामंत्री महेंद्र मौर्य ने इस मौके पर आगामी 25 दिसंबर 2025 को विद्या निकेतन इंटर कॉलेज फतेहपुर में होने वाली जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक की जानकारी दी, जिसमें सभीशिक्षक-कर्मचारी साथी हिस्सा लेंगे।श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कैंडल जलाकर पटेल नगर चौराहे स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर रखकर शहीद रामाशीष सिंह को याद किया। इस आयोजन में प्यारेलाल, मुकेश मौर्य, उदित कुमार सचान, महेंद्र सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, अनिल सविता, अजय पाल, नीलम सिंह, अर्चना, अजय कुमार, रमेश चंद्र सविता सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।इस कार्यक्रम ने यह संदेश मजबूत किया कि पेंशन बहाली की मांग में शिक्षक और कर्मचारी पूरी ताकत से एकजुट हैं और रामाशीष सिंह के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेंगे।

संक्षेप

## शराब की दुकान में नकब लगाकर लाखों की चोरी

सकरन/ सीतापुर ।बिसवां कोतवाली क्षेत्र की सांडा पुलिस चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित कम्पोजिट अंग्रेजी व बीयर की दुकान पर बीती रात चोरों ने बड़े स्तर पर सेंधमारी कर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।चोरों ने दुकान की पीछे की दीवार में नकब लगाकर दुकान में प्रवेश किया और 48 हजार रुपये नकद तथा 29 बोतल अंग्रेजी शराब (कीमत लगभग 7140 रुपये) पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने वारदात से पहले सीसीटीवी कैमरे तोड़ डाले और फुटेज सुरक्षित करने वाला डीवीआर भी उठा ले गए, जिससे जांच और चुनौतीपूर्ण हो गई है। दुकान मालिक आशा सिंह ने घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी है।पुलिस चौकी के बिल्कुल नजदीक हुई चोरी से कस्बे के लोगों में दहशत और आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब चौकी के पास ही ऐसी वारदात हो सकती है, तो दूर-दराज इलाकों में सुरक्षा की क्या उम्मीद की जाए? चौकी प्रभारी अरुण उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिल गई है, और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर हुई यह बड़ी चोरी पुलिस गश्त और सुरक्षा दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

## परिवहन विभाग ने बसों के विरुद्ध चलाया अभियान, 18 किया चालान

सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा बसों के विरुद्ध संचालित किए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान लखीमपुर से लखनऊ की ओर संचालित दो बसों को परमिट शर्तों का घोर उल्लंघन पाए जाने पर खैराबाद में सीज किया गया। जबकि 4 बसों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि पिछले कई दिनों से स्लीपर बसों और डग्गामार वाहनों द्वारा नियमों की अनदेखी और यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जिसके मद्देनजर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि अब तक चलाए गए अभियान में कुल 18 बसों का चालान किया जा चुका है। वहीं 11 बसों को नियम विरुद्ध संचालन करने पर सीज किया गया है। इन कार्रवाइयों से लगभग 4 लाख 6 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। पकड़ी गई बसों में बिना निर्धारित टिकट के फुटकर सवारियों को बैठाया जा रहा था। साथ ही परमिट शर्तों के विपरीत मार्ग और समय पर संचालन किया जा रहा था। जो न केवल परिवहन नियमों का उल्लंघन है। बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम भी उत्पन्न करता है। अभियान के दौरान टीम ने बस संचालकों के दस्तावेजों की गहन जांच की और संबंधित ऑपरेटरों पर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की। परिवहन विभाग का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जिससे सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में अनुशासन बनाए रखा जा सके और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। विभाग का मानना है कि इस प्रकार की कार्रवाई से अवैध संचालन पर प्रभावी रोक लगेगी और परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी। अभियान के दौरान परिवहन निगम के ए.आर.एम. राकेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एसबीआई गली से मोटर साइकिल चोरी

सिधौली (सीतापुर)।रविवार की बीती शाम कस्बे के पुरानी भारतीय स्टेट बैंक गली से खड़ी एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उड़ा ले गये।घटना के बाद पीड़ित ने सिधौली कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला गोविंद नगर निवासी दीपक गुप्ता पुत्र मोहनलाल गुप्ता की स्टेट बैंक गली में रेडीमेड कपड़ों की दुकान है।पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के निकट खड़ी की थी।लेकिन शाम को जब वह बाइक लेने पहुंचे तो वाहन वहां से गायब मिला।आसपास तलाश करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। दीपक गुप्ता ने बताया कि उन्होंने रविवार को घटना संबंधी लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली सिधौली में भी जमा कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिक्षक व समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर, सभी ने जताया दुःख



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहिला गढ़ी निवासी पूर्व शिक्षक व समाजसेवी सुरेंद्र बहादुर सिंह का 83 वर्ष की आयु में शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया।समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दिवंगत शिक्षक सुरेंद्र बहादुर सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को गंगा के बक्सर घाट पर उनके पुत्र सचिन सिंह द्वारा किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

क्षेत्रीय लोगों व ग्रामीणों ने उनके सरल स्वभाव, जन सेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए आत्मा की शांत के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गंगा के बक्सर घाट में सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। मृतक चार भाई थे जिनमें वीरेंद्र बहादुर सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह, रवेंद्र बहादुर सिंह रहे। सभी भाइयों का निधन हो गया है। 28 नवंबर को मृतक शिक्षक के भतीजे सौरभ सिंह 28 वर्ष का निधन हो गया था। जिनका रविवार को दसवां संस्कार होना था वहीं दूसरी ओर रविवार को ही शिक्षक चाचा का अंतिम संस्कार किया गया। एक ओर संजय सिंह अपने छोटे भाई सौरभ सिंह की तेरहवीं संस्कार को लेकर काम में बैठा है तो दूसरी तरफ चचेरा भाई सचिन सिंह पिता की तेरहवीं संस्कार में ,दोनों भाई एक ही चैखट पर एक दूसरे के सामने बैठे हैं। यह हृदय विदारक दृश्य देखकर हर एक का हृदय द्रवित हो जाता है। परिवार से 10 दिन के अंदर दो लोगों की असामयिक मृत्यु हो जाना हर एक दिल को झकझोर कर रख दिया है।

## एसडीएम से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल

सीतापुर। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत व्यापारिक समस्याओं को लेकर आज आदर्श व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सदर एस धामनी दास से मुलाकात कर व्यापारियों के साथ सहानुभूति दशार्ते हुए ही अभियान चलाने का अनुरोध किया। जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि संगठन अतिक्रमण का समर्थन नहीं करता लेकिन अभियान की पूर्व सूचना व्यापारी को दी जाए तथा व्यापारी की बात भी सुनकर व्यापारियों का इस अभियान में किसी प्रकार का अहित न हो इसका ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज का महत्वपूर्ण अंग है तथा सरकार को सबसे अधिक जोर देता है। प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों को विश्वास में लेकर अभियान चलाने की अपील की। एसडीएम सदर ने बात को गंभीरता से सुनकर भरोसा दिलाया कि बेवजह किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होगा। प्रतिनिधिमंडल में आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, संरक्षक विश्ववीर गुप्ता, प्रमुख सलाहकार नरेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी, युवा विंग अध्यक्ष डिपिल अरोरा आदि शामिल रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आरोग्य मेला आयोजित, 32 मरीजों की जांच



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)।शासन की मंशा के अनुरूप रविवार को नगर पंचायत ऊगू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में दोपहर तक कुल 32 मरीज स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सक ने सभी मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराईं। आरोग्य मेले के दौरान अस्पताल का समस्त स्टाफ मुस्तैदी के साथ अपनी सेवाएं देता नजर आया। चिकित्सक द्वारा किसी भी मरीज को बाहर की दवाएं लिखने के बजाय अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही वितरित की गईं। कुछ मरीजों को स्वास्थ्य जांच के तहत खून की जांच कराने की सलाह दी गई। डॉ. रीतू सिंह ने समय से अस्पताल पहुंचकर मरीजों को देखना शुरू किया। मेले में आए मरीजों में अधिकांश सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित थे। इसके अलावा 5 मरीज आंखों की समस्या तथा कुछ मरीज पेट संबंधी परेशानियों के साथ पहुंचे। कुल मरीजों में 18 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल रहे। आरोग्य मेला आयोजित होने से क्षेत्रीय नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं और लोगों ने इसका लाभ उठाया।

## नियमबद्ध तरीके से होगा ई-रिक्शा संचालनः अधिशासी अधिकारी

सिधौली (सीतापुर)।नगर पंचायत सिधौली क्षेत्र में अब ई-रिक्शा संचालन पूरी तरह नियमबद्ध तरीके से होगा। इस संबंध में नगर पंचायत ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी रेनूका यादव ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में चलने वाले सभी ई-रिक्शाओं का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण कोई भी ई-रिक्शा नगर क्षेत्र में संचालित नहीं किया जाएगा। ईओ रेनूका यादव ने बताया कि पंजीकरण के दौरान आधार कार्डध्पहचान पत्र, चालक का आधार और मोबाइल नंबर, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का बीमा, स्वामित्व प्रमाणपत्र तथा वाहन व चालक की पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण वार्षिक संचालन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। जिसे नगर पंचायत समय-समय पर संशोधित कर सकती है। संचालन नियमों पर बात करते हुए ईओ ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा जारी आईडी कार्ड, स्टिकर या क्यूआर कोड को वाहन पर स्पष्ट रूप से लगाना अनिवार्य होगा। ई-रिक्शा केवल निर्धारित रूट पर ही संचालित किए जा सकेंगे। ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार, अनधिकृत पार्किंग और अवैध स्टैंड बनाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालान, वाहन सीज, लाइसेंस निरस्तीकरण सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत ने सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की है कि वे समय से पंजीकरण कराकर नियमों का पालन करें।

## पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ पंच कुंडीय महायज्ञ व संस्कार महोत्सव

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। शांति कुंज हरिद्वार गायत्री परिवार का श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण पंच कुंडीय राष्ट्र जागरण महायज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम का समापन रविवार को प्रसाद वितरण के साथ हुआ। जानकारी के अनुसार गायत्री



परिवार शांति कुंज हरिद्वार के सदस्य पुरवा के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी महेंद्र एडवोकेट के द्वारा 5 दिवसीय श्रीमद पावन प्रज्ञा पुराण पंच कुंडीय राष्ट्र जागरण महायज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के मोहल्ला पश्चिम टोला के माँ अनंदेश्वरी माता मंदिर पर किया गया। जिसमे अयोध्या नगरी से गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक जय सिंह वर्मा मुख्य आचार्य रहे। आचार्य जय सिंह के द्वारा प्रतिदिन प्रातः महायज्ञ कराने के बाद सायं प्रज्ञा पुराण कथा वाचन होता रहा। कार्यक्रम के समापन की पूर्व सांध्य पर राष्ट्र जागरण के लिए दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके संबंध में आचार्य ने बताया कि वर्तमान राष्ट्र जागरण दीपोत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के अनुयायी को जाग्रत करना है, उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म सर्वे भवन्ति सुखिनः की विचार धारा को मानता है इसलिए इस दीपोत्सव से हम भारत सहित पूरे विश्व के कल्याण की कामना करते है। रविवार को सुबह करीब 51 जोड़ो ने महायज्ञ में पूणार्हुति दी जिसके बाद पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन हो गया। तत्पश्चात भण्डारे में प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें कई सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद चखा।

## नेत्र शिविर में 180 मरीजों का चिन्हांकन



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। विधायक द्वारा आयोजित परम्परागत नेत्र शिविर में भारी संख्या में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां से 180 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। क्षेत्र के कस्बा सफीपुर स्थित भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर के आवास पर परंपरागत आयोजित होने वाले शिविर में भारी संख्या में नेत्र रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां करीब 256 मरीजों का शंकरा आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों ने परीक्षण किया। जिसमें 180 मरीजों को चयनित करते हुए आपरेशन हेतु शंकरा आई हॉस्पिटल चैबेपुर कानपुर भेजा गया। विधायक ने खुद मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूंछकर उनके आने, जाने एवं खाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। शिविर को सकुशल संपन्न कराने में बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया, राजू सिंह चैहान, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार, रामसजीवन विमल आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

## दिव्यांगों को स्वावलंबी बनने पर दिया गया जोर

फतेहपुर । समदृष्टिक्षमता विकास अनुसंधान मंडल सक्षम का जिला अधिवेशन विशिष्ट कार्यक्रम में संपन्नफतेहपुर के आर.एस. एक्सेल इंग्लिश एकेडमी, पक्का तालाब में समदृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल सक्षम का जिला अधिवेशन बड़ी सफलता के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरी एवं सक्षम के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। डॉ. गिरी ने दिव्यांगजनों को आश्वस्त किया कि वे किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं और अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया। उन्होंने कई दिव्यांग साथियों को सम्मानित भी किया।धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए संगठन की उपलब्धियों और जन जागरूकता अभियानों का विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समान सम्मान, सुगमता और अधिकार दिलाना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिवेशन में प्रांत उपाध्यक्ष बृजेश कटियार और प्रांत सह सचिव मनमोहन मिश्रा ने भी जनपद के लोगों को संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शिव शंकर ने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। समाजसेवी अशोक तपस्वी ने दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वावलंबी बनाने की अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया।अधिवेशन में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनुराग श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह बग्गा, मयूर गुप्ता, गंगा समग्र की रीता सिंह तोमर, साधना, कविता रस्तोगी, मधु साहू, पुष्प विश्वकर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग साथियों को संगठन की पट्टिका पहनाकर सम्मानित और पुरस्कृत किया।कार्यक्रम में सक्षम के दिव्यांग साथी सीताराम सिंह चौहान, दिनेश त्रिपाठी, चंद्रभान त्रिपाठी, नवनीत श्रीवास्तव, अंकित गुप्ता, नवीन सिंह, अदीप सिंह, राजेश कुमार, जितेंद्र त्रिवेदी, हरि चौरसिया, प्रखर रस्तोगी, छोटे लाल, मोती लाल सोनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इस जिला अधिवेशन ने दिव्यांगजनों के अधिकारों, उनके उत्थान और समाज में समान अवसर प्रदान करने के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को नए आयाम दिए।

## अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व व्यापारियों के साथ हुई बैठक



सिधौली (सीतापुर)।तहसील रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर रविवार को कोतवाली परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों और व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने की। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि कस्बे में बढ़ते अवैध अतिक्रमण से यातायात और आमजन को परेशानी हो रही है। इसलिए व्यापारी तीन दिन के भीतर स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा बुधवार से अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत की नाली के बाहर यदि कोई दुकान का सामान रखता है, ठेले खोमचे लगाता है या सड़क पर वाहन खड़ा कर अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने व्यापारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि किसी भी हालत में सार्वजनिक मार्ग बाधित न हों। अधिकारियों की अपील पर व्यापारियों ने भी सहयोग का आश्वासन देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने पर सहमति जताई। बैठक में चेयरमैन गंगाराम राजपूत, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, कोतवाली प्रभारी जयेन्द्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश नारायण रस्तोगी, आचार्य मनीष पांडे, पुष्कर गुप्ता, महेंद्र सिंह चैहान, सत्येंद्र गुप्ता, गुड्डू जायसवाल, अरविंद जैन सहित नगर के बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन 14 दिसम्बर को होगा




उन्नाव (वीओएल)। पंचम श्रीमद्भागवत गीता कथा ज्ञान यज्ञ आगामी 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक स्थानीय मोती नगर स्थित नार्मल स्कूल मैदान में आयोजित होगा। मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्र ने बताया कि श्रीधाम वृन्दावन के राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य संत श्री राम शरण शास्त्री महाराज मोक्षदायिनी कथा का अमृतपान कराएंगे। कार्यक्रम प्रमुख पवन निगम ने दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक अमृतमयी कथा का पान करने के लिए श्रीमद्भागवत प्रेमियों का सपरिवार आवाहन किया। संरक्षक संजय राठी ने कहा एक ओर जहां वर्ग विशेष के चिकित्सक बम विस्फोट करके देश मे आतंक फैलाने का काम कर रहे वहीं उन्नाव के डॉ संजय मिश्र अपने सहयोगियों के साथ सनातन की पताका फहराते हुए मोक्षदायिनी कथा का महायज्ञ आयोजित कर रहे। यजमानों में रश्मि निगम, आशीष निगम, लता निगम, नीरज निगम, दीपा निगम, प्रशांत मिश्रा वेंकट, हिमा मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, वंदना अवस्थी, डॉ प्रभात सिन्हा, वंदना सिन्हा, प्रशांत दीक्षित, प्रियंका दीक्षित आदि ने ज्यादा से ज्यादा जनपदवासियों से सपरिवार उपस्थित रहने का आवाहन किया। संरक्षकों प्रेम कुमार सिंह सेंगर, गुरुद्वारा समिति अध्यक्ष अरविंदर सिंह, अशोक रस्तोगी, डॉ विनय दीक्षित आशू, डॉ मनीष सिंह सेंगर ने बताया पंचम कथा यज्ञ को ज्यादा भव्य बनाने की व्यापक व्यवस्थाएं की गयी हैं। महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, कलश यात्रा प्रभारी ममता द्विवेदी ने 14 दिसंबर को पूर्वान्ह 10 बजे बड़े हनुमान मंदिर में ज्यादा से ज्यादा मात्रशक्तियों से पावन कलश यात्रा में भाग लेने की अपील की। अरविंद श्रीवास्तव बबलू शर्मा, राहुल कश्यप, शिवम दीक्षित, अनुराग सिंह राठौर, पुरुषोत्तम गौड़ आदि सहयोगी वार्ता में मौजूद रहे।

## चीनी मिल डालमिया रामगढ़ की इकाई का किया औचक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने चीनी मिल डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड-रामगढ़ की इकाई का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गन्ने की तौल कराने हेतु आए कृषकों से



भी वार्ता कर फीडबैक लिया। उन्होंने चीनी मिल का निरीक्षण कर पर्ची वितरण, कार्य प्रक्रिया, कार्यक्षमता, सुरक्षा और उत्पादन की गुणवत्ता आदि की भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गन्ना तौल का कार्य मानकों के अनुसार पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। तौल कराने हेतु आए किसानों को मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। किसानों को मानक के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये। गन्ना मूल्य का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये। ? ?जिलाधिकारी ने मिल के निरीक्षण के दौरान कार्यपद्धति का अवलोकन किया। मिल में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने मानकों के अनुसार उत्पादन प्रक्रिया सुनिश्चित किए जाने के निर्देश देते हुए चीनी की गुणवत्ता और उत्पादन की मात्रा आदि की जानकारी भी ली। मिल में स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधी मानकों का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। ? ?निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित मिल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बांदा।** ओरहा ग्राम पंचायत के मजरा जयराम बारी में खेत से लौटते समय ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अतर्रा क्षेत्र के जयराम बारी में उमेश कुशवाहा 19 और किशोर कृष्ण 16 ट्रैक्टर से खेत से घर वापस लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। रविवार सुबह लगभग 8 बजे रामगोपाल बेटे उमेश और पड़ोसी किशोर कृष्ण के साथ खेत की जुताई कर वापस घर लौट रहे थे। बसरेही माइनर की चढ़ाई चढ़ते समय ट्रैक्टर तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर माइनर में जा गिरा और पलट गया। ट्रैक्टर पलटते ही उमेश और कृष्ण उसके नीचे दब गए। करीब आधे घंटे बाद जब ग्रामीणों को घटना का पता चला तो लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुँचे। लोगों ने बड़ी मशक्कत से ट्रैक्टर हटाकर दोनों घायलों को बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा भेजा। डॉक्टरों ने देखते ही उमेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशोर कृष्ण को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के समय ट्रैक्टर रामगोपाल चला रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक ने नदी में कूदकर की आत्महत्या

**बांदा।** बीमारी से परेशान युवक ने बागै नदी पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को बड़ा भाई इलाज कराने के लिए लेकर जा रहा था तभी रामनगर गांव के निकट बागै नदी पर बने पुल के पास अजय बाइक रुकवा कर लघुशंका करने के लिए उतर गया इससे पहले कि बड़ा भाई कुछ समझ पाता उसने पुल से नदी में छलांग लगा दी। यह देखकर बड़ा भाई चीख-पुकार मचाने लगा। शोर सुनकर तमाम लोग मौके पर आ गए और धरमपुर (पन्ना)पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत ने घायल अजय को नदी पुल के नीचे से बरामद कर एम्बुलेंस से इलाज के लिए भेजा लेकिन धरमपुर में प्राइवेट चिकित्सक डॉ बंगाली ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है और मामले की जांच की जा रही हैं। मृतक के पड़ोसियों ने बताया कि इसके भाई बच्ची की ससुराल धरम पुर गांव में है। तीन वर्षों से घर बनाकर वहां रह रहा था। चर्चा है कि बड़े भाई की साली के साथ मृतक अजय का प्रेमप्रसंग चल रहा था लेकिन लड़की के शादी से मना कर देने के कारण आत्मघाती कदम उठाया है।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम ककरवाहा निवासी बृजेश पुत्र धनीराम यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 5 दिसम्बर को सुबह 11.55 बजे उसके मामा राकेश यादव पुत्र गुलझारी, नानी नन्ही बाई मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 यू 5694 से ककरवाहा से भौरसिल की ओर जा रहे थे। तभी एन.एच. 44 पर बंधा के पूंछा पर तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की अंदर आने वाली रास्ते आ रही मोटर साइकिल यू.पी.94 एस 8678 आयी और उसके मामा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसकी नानी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गेहूं की रोपाई का डीन ने किया शुभारंभ

अयोध्या।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डी. के. सिंह ने छात्र शोध प्रक्षेत्र का दौरा कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। शोध प्रक्षेत्र पर चल रहे शोध कार्यों की बारीकी से जानकारी ली और छात्र-छात्राओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के साथ गेहूं की रोपाई कर रबी के फसल का शुभारंभ किया। प्रक्षेत्र में डी.बी.डब्ल्यू-187 (करण बंदना) डी.बी.डब्ल्यू-222, पी.बी.डब्ल्यू- 550, सुपर-303 आदि गेहूं के बीजों की रोपाई की गई। निरीक्षण के दौरान अधिष्ठाता डा. डी. के. सिंह ने छात्रों से उनके शोध विषयों, विशेष रूप से ग्प्रजातियों, के समय एवं शोध की उपयोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# राजनीतिक दल एसआईआर फॉर्म भरने व जमा करने में बीएलओ का सहयोग करें: डीएम




**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने-अपने बूथ लेवल अभिकताओं के साथ बैठक का आयोजन कर उन्हें बूथ लेवल अधिकारियों का अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के लिए निर्देश करें तथा जिन मतदाताओं द्वारा अभी तक गणना पर पत्रों को भरकर उपलब्ध नहीं कराया गया है उनके पास जाकर उनके फॉर्म भरने में मदद कर बीएलओ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि एसआईआर का कार्य निर्धारित अवधि में सत प्रतिशत रूप से पूर्ण हो सके और कोई भी पत्र मतदाता गणना पत्र भरने से वंचित न रह सके।

जिलाधिकारी जसजीत कौर बीते दिन कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी 11 दिसंबर 2025 के तुरंत बाद सभी बीएलओ एवं बीएलए के साथ मीटिंग की जाएगी, उक्त बैठक की सूचना पूर्व में ही सभी बीएलओ एवं बीएलए को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करना सुनिश्चित करें ताकि सभी बैठक में प्रतिभाग कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बैठक में प्रतिभा करने वाले सभी बीएलओ एवं बीएलए के हस्ताक्षर एवं संपूर्ण कार्य की वीडियोग्राफी कराकर अपने पास संरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि मतदाता आयोग की निर्धारित समय सीमा 11 दिसंबर का इंतजार न करें बल्कि अपना और अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्र भरकर तत्काल बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें डिजिटाइज्ड किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे उनके नाम आगामी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर, 2025 निर्धारित की गई है, नियत तिथि के बाद मतदाता द्वारा उपलब्ध कराए गए गणना प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीतिक दल के पदाधिकारी का आह्वान किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए अपने बूथ लेवल अभिकताओं को और अधिक क्रियाशील करें और मतदाताओं से गणतंत्र पत्र भरवा कर जमा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें ताकि निर्धारित समय अवधि में सभी मतदाताओं के गणना पर पत्र जमा हो सके और समय पूर्वक उनको डिजिटाइज किया जा सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, समाजवादी पार्टी से अखलाक पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा विस्सू

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नेहरूनगर गुलझार गार्डन के पीछे रहने वाले राघवेन्द्र सिंह पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके साले थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम अमऊखेड़ा निवासी विस्सू राजा पुत्र धूपसिंह ललितपुर स्टेशन पैलेस के सामने 4 दिसम्बर को अपराह्न 1.17 बजे रोड किनारे फुटपाथ पर जा रहे थे, तभी अचानक से एक मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 जेड 4121 बजाज पल्सर काले रंग की जिसे चैबयाना पीली कोठी के पास निवासी अमन सोनी चला रहा था, उसके साथ एक व्यक्ति और भी बैठा हुआ था। उसने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके साले को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। जिन्हें आसपास के लोगों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में गंभीर चोट होने के कारण झांसी रेफर कर दिया गया। मेडीकल कॉलेज झांसी में पहुंचने पर उनकी स्थिति देखी गयी तो डाक्टरों ने गंभीर बतायी। जिसके बाद उन्हें झांसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, इसके बाद भी उन्हें होश नहीं आया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने देवेंद्र अरजरिया



**महोबा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक जी बी इस्लामिया इंटर कॉलेज कुलपहाड़ में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहम्मद जमाल अहमद कादरी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडलाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम दिवंगत पत्रकार दर्शन सोनी की आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से पांच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार जनपद महोबा में जिला एवं तहसील इकाइयों के पुनर्गठन पर सहमति बनाई गई। निर्देश जारी किए गए कि 18 दिसंबर तक सभी सदस्यों के सदस्यता फॉर्म जमा कर दिए जाएं, जिसके आधार पर 1 जनवरी को सदस्यता कार्ड वितरित किए जाएंगे। संगठन में निष्क्रिय सदस्यों को अलग करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मंडलाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान ने देवेंद्र अरजरिया को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

इस मौके पर मोहम्मद इलियास, मोहम्मद इखलाख, हरिदर्शन नायक, तौसीफ, किशन प्रसाद सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, रामराजा सोनी, मोहम्मद यूसुफ, अरविंद अनुरागी, अजय व्यास, धर्मेंद्र, हरि सिंह राजपूत, सलमान, चांद बाबू मंसूरी, इफ्तखार अली, देवेंद्र राठौर, निराला, समीर सहित लगभग आधा सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे।

# दो पक्षों के शपथपत्रों में भिन्नता बीडीओ ने डीएम को भेजी रिपोर्ट

जिला संवाददाता

**बांदा।** महुआ ब्लाक की ग्राम पंचायत मसुरी में दो पक्षों के मदनगोपाल पुत्र बद्री प्रसाद की मृत्यु को लेकर दिए गये हलफनामों में भिन्नता के चलते सचिव और अधिकारी निर्णय नही ले पा रहे हैं। जबकि एक पक्ष आए दिन जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पहुंचकर स्वार्थ सिद्ध करने के लिए मीडियाकर्मियों को गलत तथ्य बताकर

- **मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का सचिव पर दबाव**

समाचार प्रकाशित करवा रहा है और अधिकारियों को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहा है तथा पंचायत सचिव पर मृत्यु प्रमाण पत्र न बनाने का अनर्गल आरोप भी लगा रहा है। एक शपथ पत्र में मसुरी गांव निवासी भैयालाल पुत्र सुखदेव, कुद्दू पुत्र धनपतिया, कलुवा पुत्र मतैयां और रमेश पुत्र बच्चू ने 23 नवंबर 2024 को खंड विकास अधिकारी महुआ को संबोधित शपथ पत्र में बताया है कि मदनगोपाल पुत्र बद्री प्रसाद की मृत्यु 30 मार्च 1981 को हुई थी। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि मदनगोपाल आजीवन अविवाहित रहे और इनकी कोई पत्नी नही थी, जिसका नाम धोखिया है। दूसरे शपथ पत्र में मसुरी गांव निवासी सुनंदी पुत्र विशाली, देशराज यादव पुत्र रामसेवक, भूपत पुत्र रामस्वरूप एवं चंद्रभूषण अवस्थी ने 14 नवंबर 2024 को उप जिलाधिकारी नरैनी के समक्ष दिए शपथपत्र में कहा है कि मदनगोपाल की मृत्यु 4 अप्रैल 1979 को उनके निजी निवास पर हुई थी। दोनो पक्षों के दबाव और मनगढ़ंत मृत्यु प्रमाण जारी करवाने से आजिज खण्ड विकास अधिकारी महुआ ने पत्रांक 25681, शिकायत एवं जांच 2025-26 के माध्यम से 26 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी है।

रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख है कि मदनगोपाल पुत्र बद्री प्रसाद की मृत्यु तिथि को लेकर प्राप्त शपथपत्रों में भिन्नता पाई गयी है। ऐसी स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र संभव नही है और की जा रही शिकायत मनगढंत और फर्जी है। इस फर्जी शिकायत के निस्तारण का जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है। बताते चलें कि तथाकथित कुछ मीडियाकर्मी एक पक्ष से प्रभावित होकर मनगढंत समाचार प्रकाशित कर प्रशासन को भी गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

## नवागत सीओ सदर ने व्यापारियों के साथ की बैठक

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली परिसर में रविवार को नवागत सीओ सदर अरविंद सोनकर ने ग्रामप्रधान, ब्यापारियों, संभ्रात नागरिकों व पत्रकारों के साथ परिचय बैठक किया। बैठक के दौरान इलाके की प्रमुख समस्याओं पर भी गहन चर्चा की गई, जिसमे पश्चिमी रेलवे क्रासिंग व कस्बे में लगने वाले जाम से निजात दिलाने की लोगो ने प्रशासन से अपील किया।सीओ सदर ने रेलवे व ट्रैफिक विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द ही ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने जनपद में की महिला जनसुनवाई




**ललितपुर।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त डॉ बबीता सिंह चैहान ने आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में प्रभावी जनसुनवाई की। अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चैहान अपने दो दिवसीय निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः ललितपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर

- **महिला उत्पीड़न की घटनाओं में त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजे जायेंगे अपराधी: डॉ. बबीता सिंह चौहान**
- **आज जन्मी कन्याएं, कल देश की कमान संभालेंगी, इनका अच्छे से पालन पोषण करें**

स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंटवार्ता कर कलैक्ट्रेट सभगार में मुख्य विकास अधिकारी सहित प्रमुख विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें जनपद की महिलाओं की दशा व दिशा तथा उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के बारे में सम्बंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिला अपराधों के प्रति बेहद गंभीर है, महिला उत्पीड़न के मामलों में दोषियों को त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल से नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को जाना, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 55 हजार से अधिक कन्याओं को लाभान्वित किया गया है, इसी प्रकार से निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, निराश्रित महिला पुनर्विवाह, दहेज उत्पीड़न महिला को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, घरेलू महिला हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न, जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति सहित अन्य सभी योजनाओं में संतोषजनक प्रगति पायी गई। घरेलु हिंसा व नारी सुरक्षा के सम्बंध में पुलिस अधिकारियों से एक माह आने वाले प्रकरणों के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि प्रत्येक माह 60 से 70 प्रकरण दर्ज होते हैं, इस पर उन्होंने क्षेत्राधिकारी व महिला थाना प्रभारी को निर्देश दिये कि महिला सम्बंधी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें। सामान्य जनसुनवाई में कुल 44 प्रकरण आये, जिनमें मुख्य रुप से घरेलू हिंसा, भूमि संबंधी विवाद, मारपीट, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता आदि शामिल रहे, जिन पर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए। अध्यक्षा ने समीक्षा बैठक के पूर्व जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां महिलाओं के लिए दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, उन्होंने प्रसूताओं व तीमारदारों से वार्ता कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। यहां पर इमरजेंसी में चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था एवं कुछ प्रसूताएं भी उपस्थित थीं, जिन्हें चिकत्सकों के द्वारा अटेंड किया जा रहा था। मौके पर निर्देश दिये कि गए चिकित्सालय में समुचित साफ-सफाई, शौचालयों का रखरखाव व मरीजों की देखभाल अच्छे से की जाए। सर्दी को देखते हुए मरीजों को कम्बल भी उपलब्ध कराये जायें और सम्भव हो तो हीटर की व्यवस्था भी करायी जाए। इसके उपरान्त अध्यक्षा ने महिला चिकित्सालय में ही आयोजित गोद भराई, अन्न प्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव में प्रतिभाग किया, उन्होंने नवजात कन्याओं व माताओं को पोषण टोकरी, मिष्ठान व उपहार प्रदान किये और महिलाओं की गोद भराई भी करायी। उन्होंने कहा कि नारी समाज का गर्व है, नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, नारी देश के विकास में आज बढ़चढ़ कर सहयोग कर रही है, आज जन्मी कन्याएं कल देश की कमान संभालेंगी, इनका लालन-पालन अच्छे से करें। सरकार द्वारा कन्याओं के लिए अनेकों योजनाएं चलायी जा रही हैं, उनका लाभ लें और इनके लिए एक सुनहरा भविष्य बनायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक घनश्याम भारतीय, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम सूचना अधिकारी डीएस दयाल, महिला थानाध्यक्ष स्वाती शुक्ला, अपना दल प्रदेश सचिव ज्वाला पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## टेट अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संघ का सांसद को ज्ञापन



**बांदा।** पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक संघ ने जेपी शर्मा इंटर कालेज से पैदल मार्च करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा शिवशंकर पटेल के आवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने एवं पदोन्नति हेतु टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त करने तथा इस गंभीर, जीवन-मरण के मामले को लोकसभा में रखने का अनुरोध करते हुए शिक्षकों का पक्ष संसद में रखने का अनुरोध किया। सांसद को बताया कि भारत का राज पत्र संख्या 39 27 अगस्त 2009 के द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया। इस अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि तथा उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती के लिए न्यूनतम अहताएं निर्धारित की गईं। इसे पूर्ण करते हुए शिक्षक का पद ग्रहण किया गया।

उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/2025 में 1 सितंबर 2025 में दिए गए निर्णय के अनुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता टेट दो वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया तथा ऐसा न होने पर अनिवार्य सेवा निवृत्ति दे दी जाएगी, यह न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 के पूर्व और उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति के लिए टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अंतिम परिणाम मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। सांसद ने शिक्षकों को सदन में इस मामले को रखने का भरोसा दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र बांदा, विजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष चित्रकूट, महामंत्री आदित्य द्विवेदी, कोषाध्यक्ष डॉ केतरामपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, आलोक यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष चित्रकूट अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह चैहान, जिला मंत्री बांदा प्रजीत सिंह, जिला मंत्री चित्रकूट श्रीनारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बांदा रमाशंकर यादव, दोनो जनपदों के ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री, जनपदीय पदाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय, तहसील स्तरीय पदाधिकारी सहित मातृ शक्ति की मौजूदगी रही।

## पत्नी से विवाद में पति ने दो बच्चों सहित जहर खाकर जान दी, पुलिस जांच में जुटी

**बिजनौर।** घरेलू विवाद के चलते पति ने दो बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान पिता सहित दोनों बच्चों की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना हीमपुर दीपा के गांव मुबारकपुर खादर में शनिवार की शाम बाबूराम (28 वर्ष) ने अपने दो बच्चों सहित जंगल में जाकर कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार बाबूराम व उसकी पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा रहता था इसी के चलते पत्नी मायके चली गई थी वह शनिवार की सुबह ही गांव लौटी थी। घर पहुंचते ही फिर दोनों में झगड़ा हुआ जिसके बाद बाबूराम अपने दोनों बच्चों के साथ घर से जंगल निकल गया और दूर जंगल में जाकर पहले दोनों बच्चों को जहर खिलाया और उसके बाद खुद भी जहर खा लिया। गांव वालों ने बताया कि बाबूराम ई रिक्शा में रखकर सब्जियां बेचता था जब बाबूराम की ई रिक्शा जंगल में गांव वालों ने खड़ी देखी तो जंगल में कुछ ही दूरी पर दोनों बच्चे मृत पड़े थे जबकि बाबूराम तडप रहा था। ग्रामीणों ने बाबूराम को चांदपुर एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार पूरे मामले की जांच कराई जा रही जांच के बाद उचित कार्रवाही की जायेगी।

## बस गडढे में गिरी, दर्जनों सवारी घायल




**अफजलगढ़, बिजनौर।** काशीपुर से नगीना जा रही प्राइवेट बस तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। बस पलटने से यात्रियो में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना अफजलगढ क्षेत्र में रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे प्राइवेट बस काशीपुर से यात्री लेकर नगीना जा रही थी। बस जैसे ही अफजलगढ़ मोड़ के पास पहुंची तो बस अनियंत्रित हो गई और नचना नदी की पुलिया में गहरे गड्ढे में जा गिरी। बस के गिरते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। बस पलटने से उसमें सवार लगभग 15 से 20 लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को बस से निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने आधा दर्जन से अधिक गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## खाना मांगने पर विवाद, पत्नी ने चाकू से रेता पति का गला

**बांदा।** पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने पति पर चाकू से हमला कर दिया जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पति को घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी बलराम 28 ने पत्नी गुड़िया से खाना मांगा था। उसने खाना परोसने से मना कर दिया और खुद ही खाना लेकर खाने को कहा। इसी बात पर दोनो के बीच विवाद शुरू हो गया और मारपीट में बदल गया। विवाद बढ़ने पर पत्नी गुड़िया ने बलराम को जमीन पर गिरा दिया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू गले में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और बलराम को घायल अवस्था में पीएचसी बिसंडा ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बलराम को जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर ले गये। हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर कानपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद पत्नी गुड़िया ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होने घायल बलराम के पिता व मां माया के साथ मारपीट की। जिससे वह जख्मी हो गये। बलराम ने पुलिस को बताया कि गुड़िया घर में रखे 10 हजार रुपये, मोबाइल लेकर मकान में ताला लगाकर मायके चली गयी है। बिसंडा थानाध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि बलराम की तहरीर पर गुड़िया, मां रेखा, भाई रमाकांत व धनराज के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गयी है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में गढ़वाल रायफल ने शाहजहांपुर को पराजित कर जीत दर्ज करायी



**नगीना, बिजनौर।** याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मेच मे शाहजहांपुर व गढ़वाल रायफल के बीच हुआ मुकाबला। गढ़वाल रायफल ने शाहजहांपुर को 2-0 से पराजित कर अपनी जीत दर्ज कराई।

रविवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित मैदान पर नगीना फुटबॉल क्लब नगीना के तत्वधान मे आयोजित याद-ए-खलील नाम से चल रहे ऑल इण्डिया फुटबॉल टूनामेंट के दसवे दिन क्वार्टर फाइनल मे शाहजहांपुर व गढ़वाल रायफल के बीच मेच खेला गया। जिसमे गढ़वाल रायफल ने शाहजहांपुर को 2-0 से पराजित किया। रेफरी गोहर निसार तथा लाइनमैन आरिफ मुल्तानी व शमशाद मुल्तानी तथा कमैन्ट्रेटर मास्टर शहजाद व इरफान अंसारी थे। इस मोके पर नगीना फुटबॉल क्लब नगीना के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, काका अंसारी, जाहिद अंसारी, अब्दुल वहाब मुल्तानी, शेख नौशाद परवेज, निसार मुल्तानी, मोहसिन चाँद, जब्बार मुल्तानी, शाकिर उस्मानी, अहमद मीरसाब, अब्दुल हमीद, जहांगीर खलीफा, लाला विनोद अग्रवाल, अजीम मुल्तानी, शेख मोहमद जमशेद, गफ्फार मुल्तानी, शिब्ली निसार, आबिद मुल्तानी, आदि लोग उपस्तिथ रहे।

## रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, कपड़े



**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी ने ब्लाक बबेरू के हरदौली गांव में गरीब, असहाय एवं वृद्ध महिलाओं को ठण्ड से बचाव के लिए कंबल, कपड़े, जूते, चप्पल बांटे। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज के संरक्षण, अध्यक्ष रिजवान अली तथा पूर्व प्रधान हरदौली मोहम्मद शादाब की मौजूदगी में समाजसेवी शैफुल्लाह के विशेष सहयोग से 110 कंबल जरूरतमंदों को दान दिए गये। इस दौरान सोसायटी की महिला टीम उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने गांव के लोगो को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। हरदौली गांव के समाजसेवी के इस सहयोग पर सोसायटी और गांव के लोगों ने खूब तारीफ की। कंबल, कपड़े पाकर ग्रामीणों में अपार प्रशन्नता देखी गयी। उन्होने सभी को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बांदा इरफान उल्ला खान, विशिष्ट अतिथि नेत्र विशेषज्ञ डॉ मकसूद, रोटी बैंक कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सदस्य जगदीश श्रीवास, पदाधिकारी, सदस्य और समाजसेवियों का योगदान सराहनीय रहा।

## किसान की बाइक टक्कर से मौत

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम घटवार में रहने वाले सोनू कुशवाहा पुत्र चन्दन कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 3 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे उसके पिता चन्दन खाद लेने ललितपुर आये हुये थे, जहां से वह गांव वापस जा रहे थे। बताया कि घटवार जाते समय जैसे ही वह मसौरा बैरियल के पास पहुंचे, तो हाई-वे के पास मोटर साइकिल के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्हें सिर व शरीर में गंभीर रूप से चोट आ गयी। वहां मौजूद लोगों ने उसके पिता को उपचार के लिए एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया। जब वह अपने पिता को झांसी एम्ब्युलेंस के जरिए ले जा रहा था, तभी तालबेहट के पास उसके पिता की मौत हो गयी।

# टैक्स नहीं, पाबंदी लगायें

केंद्र सरकार ने इस सप्ताह संसद में दो विधेयक पेश किए हैं। इसमें चुनिंदा अहितकर वस्तुओं पर कर लगाने का अधिकार सरकार को मिलेगा। एक तरह से देखा जाये तो यह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को दुरुस्त करने के बाद तार्किक कदम है। सितंबर में जीएसटी परिषद ने निर्णय लिया था कि वह मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों की व्यवस्था अपनाएगी। इसके अलावा चुनिंदा अहितकर और विलासिता वाली वस्तुओं को 40 फीसदी कर के दायरे में रखा गया था। इस बदलाव के बाद अधिकांश वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त कर दिया गया। अहितकर वस्तुओं पर इसे बनाए रखा गया ताकि महामारी के दौरान राज्यों को राजस्व की कमी की भरपाई के वास्ते लिए गए ऋण का बाकी हिस्सा चुकाया जा सके। जैसे-जैसे यह ऋण पूरी तरह चुका दिया जाएगा, नए विधेयक यह सुनिश्चित करेंगे कि अहितकर वस्तुओं पर कर में कमी न आये। केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 के उद्देश्यों और कारणों के विवरण में यह स्पष्ट किया गया है कि तंबाकू और तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी एवं क्षतिपूर्ति उपकर लगाए जाने के साथ ही केंद्रीय उत्पाद



शुल्क दरों में उल्लेखनीय कमी की गई थी। अब क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए ऋण पूरी तरह चुकता होने के बाद उपकर समाप्त हो रहा है। इसलिए सरकार उत्पाद शुल्क की दरों को बढ़ा रही है ताकि सिगरेट और तंबाकू जैसे उत्पादों पर कर की दरें कम न होने पायें। इसके अलावा स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 सरकार को चुनिंदा वस्तुएं बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनों पर मासिक उपकर लगाने का अधिकार देगा। ऐसी वस्तुओं में पान मसाला या अन्य ऐसी वस्तुएं शामिल हैं जिन्हें बाद में अधिसूचित किया जा सकता है। इन उपकरों से इकट्ठा धनराशि का इस्तेमाल जन स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के कामों में किया जाना है। चूंकि यह उपकर होगा इसलिए केंद्र सरकार को इसे राज्यों के साथ साझा करने की आवश्यकता नहीं होगी। खास तौर पर जीएसटी को सहज बनाये जाने का अधिकतर अंशधारकों ने स्वागत किया था। उसी सुधारवादी भावना के तहत सरकार चाहती तो आसानी से उपयुक्त लगने वाली वस्तुओं पर जीएसटी दर के ऊपर सिन टैक्स लगा सकती थी। ऐसा करने से कर ढांचा साधारण बना रहता और संग्रह को अन्य केंद्रीय करों की तरह राज्यों के साथ साझा किया जा सकता है। वैसे उपकर लगाने से केंद्र सरकार को बचना चाहिए। राज्य सरकारों की यह चिंता वाजिब है कि उपकर संग्रह पर अधिक निर्भरता कर राजस्व के प्रवाह को बाधित करती है क्योंकि उपकर राज्यों के साथ बांटे जाने वाले पूल का हिस्सा नहीं होता है। आदर्श रूप में उपकर केवल असाधारण हालात में एक अस्थायी उपाय के रूप में लागू किया जाना चाहिए। हालांकि नए विधेयक कुछ हद तक राजस्व संरक्षण में मदद करेंगे लेकिन जीएसटी संग्रह ऐसे स्तर पर रह सकती है जो शायद अनुकूल न हो। नवंबर में शुद्ध जीएसटी संग्रह एक साल पहले के मुकाबले 1.3 फीसदी बढ़ी है। वैसे आंकड़ों को इस प्रकार भी देखा जा सकता है कि अधिकांश वस्तुओं के लिए जीएसटी दरों में कमी के बावजूद संग्रह में कमी नहीं आई है। यह बात ध्यान देने लायक है कि संग्रह से पता चल रहा है कि दरें घटने के बाद त्योहारी मांग बढ़ गई। आने वाले महीनों में देखना होगा कि मांग बनी रहती है या नहीं। जीएसटी संग्रह में संभावित कमी का असर केंद्र और राज्य सरकारों दोनों पर पड़ेगा। बहरहाल जीएसटी कटौती से कर संग्रह घटना है या बढ़ता यह अलग विषय है लेकिन नुकसान दायक उत्पदों टैक्स बढ़ाने से सरकार का कर राजस्व भले ही बढ़ जाये लेकिन इससे इनका उपभोग कम नहीं होता है। इसलिए जरूरी है कि अब तम्बाकू, सिगरेट, बीड़ी आदि पर धीरे-धीरे पाबंदियां लगायी जायें।

---

विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

# पुतिन की भारत यात्रा से मजबूत होंगे रिश्ते



मनोज बाजपेयी

**भारत और रूस के नेतृत्व ने बेहतर कूटनीतिक समझदारी का परिचय देते हुए जहां एक तरफ रक्षा सौदों को फिलहाल नहीं किया वहीं दूसरी तरफ आवागमन, व्यापार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ऐतिहासिक समझौतों के जरिए दुनिया को यह संदेश भी दे दिया कि दो पुराने और भरोसेमंद दोस्त अब व्यापार, आवागमन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए हर क्षेत्र में अपने रिश्तों को और घनिष्ठ करेंगे।**

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय भारत यात्रा सम्पन्न हो गयी। पुतिन की इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर थी। यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देश पुतिन की भारत यात्रा को लेकर बहुत सतर्क थे। चीन भी अपने तौर-तरीकों से इस निगाह रख रहा था। पुतिन की यात्रा से पहले भारत के साथ कई रक्षा समझौतों के साथ ही एस-400, एस-500 और सुखोई-57 को लेकर महत्वपूर्ण डील की अटकलें भी लगायी जा रही थी, लेकिन इनमें से कोई डील नहीं हुई। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने, आवागमन बढ़ाने, रक्षा भागीदारी बढ़ाने, रक्षा प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और मेक इन इंडिया के तहत भारत में रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर सहमति बनी। यह सहमति इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इसकी सख्त जरूरत भारत को है। अभी तक रूस और भारत के बीच जो 68 अरब डॉलर का व्यापार है वह एकतरफ रूस के पक्ष में है। रूस का भारत के साथ आयात महज 5 अरब डॉलर है और निर्यात 60 अरब डॉलर से भी अधिक। इस तरह रूस के साथ व्यापार में भारत को भारी घाटा हो रहा है। इसे कम करना और द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 डॉलर तक पहुंचाने के संबंध जो सहमति बनी वह बहुत महत्वपूर्ण है। दरअसल भारत ट्रंप टैरिफ के बाद व्यापार के नये गंतव्य खोज रहा है। ऐसे में उन देशों में व्यापार बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस है जिनके साथ भारत का बड़ा व्यापार है और व्यापार घाटा भी बहुत ज्यादा है।

भारत चीन, रूस, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार घाटा बहुत अधिक है। चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने के लिए सरकार चीन को निर्यात बढ़ाने और मेक इन इंडिया के जरिए स्वदेशी उत्पादन के विकल्प को मजबूत करने पर काम कर रही है। दूसरा सबसे बड़ा व्यापार घाटा रूस के साथ है और यह एकतरफा है। रूस से भारत मुख्य रूप से क्रूड ऑयल, रक्षा साजो-सामान और उर्वरक खरीदता है। रूस से तेल की खरीदारी बढ़ाने से व्यापार घाटा भी बहुत बढ़ा है। ऐसे में अगर रूस भारत से आयात बढ़ाता है, भारतीय युवाओं को अपने यहां अधिक से अधिक रोजगार के मौके देता है, तो इससे भारत को एक साथ कई फायदे



होंगे। अमरीकी टैरिफ के बाद व्यापार को हो रहे नुकसान की कुछ भरपाई भी हो जायेगी और बीजा पाबंदियों के कारण भारत के टेक प्रोफेशनल्स के सामने अवसरों की जो कमी होगी उसकी भी काफी हद तक भरपाई रूस से हो सकती है। रूस प्राकृतिक संसाधनों, खजिन और भारी भू-संपदा का मालिक है। रूस दो महाद्वीप में फैला हुआ है। ऐसे में अगर भारत के युवा रूस की तरफ रुख करते हैं तो उनको रोजगार के बेहतर मौके के साथ ही आसान शर्तों पर नागरिकता भी मिल सकती है। रूस में कारोबार का भी बड़ा मौका मिल सकता है। इसलिए अगर पुतिन के दौरे के दौरान कोई रक्षा सौदा नहीं हुआ तो संभवतः यह दोनों देशों की कूटनीतिक समझदारी के कारण नहीं हुआ क्योंकि भारत और रूस के साथ होने वाला कोई भी रक्षा समझौता अमरीका और यूरोपीय यूनियन के साथ चल रही ट्रेड डील वार्ता को प्रभावित करती।

**विमर्श**

इसलिए रूस और भारत के नेतृत्व और कूटनीतिज्ञों ने एक बेहतर समझदारी का परिचय देते हुए जहां एक तरफ रक्षा सौदों को फिलहाल नहीं किया वहीं दूसरी तरफ आवागमन, व्यापार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में ऐतिहासिक समझौतों के जरिए दुनिया को यह संदेश भी दे दिया कि दो पुराने और भरोसेमंद दोस्त अब व्यापार, आवागमन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए हर क्षेत्र में अपने रिश्तों को और घनिष्ठ करेंगे। पुतिन की यात्रा भारतीयों के लिए एक साथ कई दरवाजे खोल सकती है। भारतीय कामगारों के लिए भी एक सुखद पहलू है। रूस 10 लाख भारतीय कामगारों, कुशल और अर्द्धकुशल, को रोजगार देने की योजना पर आगे बढ़ सकता है। भारत भी रूसी कामगारों को रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा, लेकिन यह रूस की विकराल समस्या है। दोनों देशों के बीच 'श्रम गतिशीलता समझौता' तय हुआ है, उसी के तहत रूस भारतीयों को नौकरियां देगा। विदेश और श्रम मंत्रालयों ने इस करार की पुष्टि की है। मंत्री और मंत्रालय के स्तर पर शिखर संवाद हो चुका था। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच संवाद होने के बाद करार को हरी झंडी दे दी गई। अब यह यथाशीघ्र लागू हो जाएगा।

रूस भारत के राजमिस्त्री, वेल्डर, आईटी इंजीनियर, नर्स के अलावा, निर्माण, तेल-गैस, कृषि, वस्त्र, बैंकिंग और स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी भारतीयों की सेवाएं लेगा। भारतीयों के रोजगार, नौकरियां सुरक्षित और कानूनन होंगी। कामगार एक देश से दूसरे देश में सहजता, सुगमता से आवाजाही कर सकेंगे। यही इस समझौते का मकसद और मर्म है। रूस अविलंब इस करार को लागू इसलिए करना चाहता है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों की पाबंदियों के कारण रूस में श्रम-संकट विकराल है। रोजमर्रा के काम भी ठप पड़े हैं। दूसरी ओर भारत में 65 फीसदी आबादी ऐसी है, जिसकी औसत उम्र 35 साल या उससे कम है। भारत में बेरोजगारी एक विकट और संवेदनशील समस्या है। रूस में ये नियुक्तियां और अनुबंध सरकार के स्तर पर किए जाएंगे। दरअसल इन नियुक्तियों को इमिग्रेशन, अर्थात अप्रवास, समझने की गलती न की जाए। नियुक्तियां जरूरत के मुताबिक अस्थायी अथवा दीर्घकालिक हो सकती हैं। रूस में भारतीय कामगार को सामाजिक सुरक्षा के अलावा बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं और कानूनी सुरक्षा एवं संरक्षण आदि भी दिए जाएंगे। रूस भारत की आईटीआई, इंजीनियरिंग की डिग्री और डिप्लोमा के अलावा पेशेवर कुशलता को भी मान्यता देगा, ताकि कामगारों को उचित रोजगार और मेहनताना आदि मिल सके। इस करार से भारत को कई फायदे होंगे। रोजगार तो उपलब्ध होगा ही। फिलहाल रूस में 1 लाख से अधिक भारतीय बसे हैं और वे विभिन्न व्यवसायों में काम कर रहे हैं। रूस में चीन के बहुत से कामगार हैं, लेकिन रूस नहीं चाहता है कि किसी एक देश के कामगारों का वर्चस्व हो जाये। इसलिए वह अपने यहां कुशल कामगारों की कमी भारतीय युवाओं को नियुक्त कर अगर कम करना चाहता है, यह भारत और रूस दोनों देशों के लिए फायदेमंद है।

दरअसल भारत के लिए रूस एक सार्थक और संभावनाओं वाला बाजार बनकर उभर सकता है। इस करार से हमारे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी मजबूती मिलेगी, क्योंकि भारतीय कामगार रूस से पैसा कमा कर भारत भेजेंगे। रूस में भारत की अपेक्षा वेतनमान काफी अधिक है। करार के बाद भर्ती की प्रक्रिया बिल्कुल पारदर्शी होगी। एक आधिकारिक पोर्टल होगा। अवैध एजेंट्स को इससे दूर रखा जायेगा। जब भारतीय कामगार रूस जाएंगे, तो भारतीय उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी, लिहाजा हमारे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। हमारे कामगारों को राजमिस्त्री, बिजलीवाले, वेल्डर, पेंटर के काम खूब मिलेंगे, क्योंकि रूस में इनकी मांग बहुत है। तेल और गैस क्षेत्रों में काम करने के मौके मिलेंगे। आईटी और बैंकिंग में रूस को काफी प्रतिभाओं की जरूरत है। सॉफ्टवेयर, आईटी जैसे इंजीनियर भी रूस को चाहिए। कुल मिला कर भारतीय कामगारों और पेशेवरों के लिए रूस नया गंतव्य साबित हो सकता है। इस तरह रूस के साथ भारत का संबंध अब सिर्फ रक्षा आयातक का ही नहीं रहेगा बल्कि दोनों देशों के बीच आवागमन, पर्यटन, शिक्षा, तकनीकी, रक्षा, व्यापार और श्रम गतिशीलता बढ़ेगी और इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

सोशल मीडिया

मध्य प्रदेश के दतिया स्थित सिद्ध पीठ मां पीतांबरा देवी के दर्शन पूजन का पावन सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां पीतांबरा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। केशव प्रसाद मौर्य.



देश का नारा- जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए। संविधान को लेकर कोई पक्ष विपक्ष नहीं होना चाहिए। सब एक तरफ एक मत होने चाहिए। अखिलेश यादव.



भगवान श्रीकृष्ण की गीता का ज्ञान-योग, कर्म व ध्यान का संतुलन बनाकर मानव जीवन को सही दिशा देने और हर एक परिस्थिति के लिए सशक्त बनाने वाला पवित्र ग्रंथ है। अमित शाह.



# वेदों का ज्ञान

अंतर्दृष्टि

हमारे दार्शनिक ग्रंथों और वेदों में कहा गया है कि आत्मा और परमात्मा से संबंधित शाश्वत ज्ञान का अनुगमन करना ही अध्यात्म विद्या है। अध्यात्मिक होने का मतलब भौतिकता से परे जीवन का अनुभव करना है। कई बार हम धर्म और अध्यात्म को एक ही समझने लगते हैं, पर अध्यात्म धर्म से बिलकुल अलग है। ईश्वरीय आनंद की अनुभूति करने का मार्ग ही अध्यात्म है। अध्यात्म व्यक्ति को स्वयं के अस्तित्व के साथ जोड़ने और उसका सूक्ष्म विवेचन करने में समर्थ बनाता है। वास्तव में आध्यात्मिक होने का अर्थ है कि व्यक्ति अपने अनुभव के धरातल पर यह जानता है कि वह स्वयं अपने आनंद का स्रोत है। अध्यात्मिकता का संबंध हमारे आंतरिक जीवन से है। हमारा अधिकतर ज्ञान भौतिक है और उसी से हम परम आनंद की प्राप्ति की आकांक्षा करते हैं जो कि पूरी तरह व्यर्थ है। आज के वातावरण में मनुष्य भौतिकवाद के अनुसरण में व्यस्त है। भौतिकवाद केवल बाहरी आवरण को समृद्ध बना सकता है। इससे हम अपने भौतिक शरीर की जरूरतों को ही पूर्ण कर सकते हैं। भौतिकवाद हमारे बाहरी शरीर को सुंदर बना सकता है, पर इससे आंतरिक आनंद और उल्लास की अपेक्षा करना हमारी अज्ञानता है। भौतिकवाद और विज्ञान हमें संपूर्ण विश्व की बाहरी यात्रा करवा सकता है, पर आंतरिक यात्रा तो केवल अध्यात्म के मार्ग पर चलकर ही हो सकती है। आध्यात्मिक जीवन एक ऐसी नाव है जो ईश्वरीय ज्ञान और आनंद से भरी हुई है। यह नाव जीवन के उत्थान और पतन रूपी झंझावातों में भी चलती रहती है। अध्यात्म मनुष्य को आंतरिक रूप से सशक्त बनाता है। लाभ-हानि, मान-अपमान, सुख-दुख, उत्थान-पतन सभी परिस्थितियों में आध्यात्मिक मार्ग का पथिक अविचल रूप से गतिमान रहता है। सांसारिक रुकावटें उसकी इस गति को बाधित ही नहीं कर सकतीं। सभी प्राणियों में उसी परम सत्ता के अंश को अनुभव करने की प्रेरणा अध्यात्म ही प्रदान करता है। अध्यात्म विश्व बंधुत्व का मार्ग है जहां मनुष्य की ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, आपसी भेदभाव पूरी तरह समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक प्राणी में उसी दिव्य तत्व की अनुभूति होने लगती है। अध्यात्म की इसी समदर्शी और समत्व की भावना को योगेश्वर श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि जो मनुष्य सभी प्राणियों में स्थित आत्मा को अपने जैसा देखता है, ऐसा समदर्शी आध्यात्मिक मनुष्य सांसारिक वातावरण से अलग होकर सभी प्राणियों को ईश्वरमय समझने लगता है। ऐसी अवस्था में वह किसी का अहित करने का विचार अपने मन में नहीं ला सकता। संपूर्ण विश्व के प्राणी उसके लिए बंधु बन जाते हैं। अध्यात्म मनुष्य को इसी समत्व की भावना की ओर ले जाता है।

# सियासी पेंच लड़ाने के फायदे

व्यंग्यलोक

मेरे एक लेखक मित्र हैं, उनका शाश्वत रूप से यह कहना है कि पतंग व्यंग्य का विषय नहीं है, इसलिए मुझे पतंग पर व्यंग्य नहीं लिखना चाहिए। जबकि मैं पतंगबाजों से पूरी सिम्पैथी रखकर भी जब व्यंग्य खोज लेता हूँ। इधर राजनीति को ही ले लीजिये, यह पतंगबाजी का खेल हो गयी है। जिसके जैसा पेंच हाथ लग रहा है, वह वैसा ही पेंच लड़ा रहा है। इस पेंचबाजी में जिसकी पतंग कट जाती है, वही हारे हुए जुआरी सा मुँह बनाकर बैठ जाता है। वैसे यह समय तो ऐसा आ गया है, जब हर किसी की पतंग कट रही है। पतंग कटेगी तो लूट-खसोट मचना स्वाभाविक भी है। शोर-शराबा भी होगा। संसद का आलम तो और भी टेढ़ा है और सत्ता के गलियारों की दुनिया भी न्यारी है। इस समय जो पतंगबाती चल रही है, वह खेल एकदम नया और मौलिक है। सांसदों ने सवाल पूछने का पैसा लिया या सांसद निधि में कमीशन खाया और मामला आचरण समिति की सिफारिश पर संसद की सदस्यता से बर्खास्तगी तक आ पहुँचा। दरअसल इसमें पेंच ही ऐसे लडे कि पतंगबाजी का खेल मजाक न होकर, गंभीर विषय बन गया। पतंग ऐसी कटी कि लूटने वाले नहीं मिले और पतंगें कांटों वाले बबूल के वृक्षों में अटक गई, जो भी हाथ डाले उसी को लहूलुहान होने का डरावना खतरा। इस बार पतंगबाजी में नैतिकता के सवाल अलग से खड़े हो गये, गरिमा की बातें की गई और पार्टियाँ भी अपने दागी लोगों से पल्ला झाड़ने लगीं ताकि छवि को बट्टा न लगे।



पूरन सरमा

मीडिया को कोसा जाने लगा कि इस तरह पेंच नहीं काटे जाते। खेल की भी कोई गरिमा होती है। अब हालात विकट हो गये हैं। कोई कहता है कि न्यायालय में जायेंगे और कोई धमकी दे रहा है। थोथे रूप में कि वह चुप नहीं बैठेंगे। जिसकी पतंग कट जाती है, वह चुप बैठता भी नहीं, वह नयी पतंग तान देता है आसमान पर, लेकिन इस बार उसकी पतंग को कोई हाथ नहीं लगता तथा घण्टे-दो घण्टे बाद अपनी डोर समेट कर छत से नीचे उतर आता है और पतंबाजी में शामिल होने की तरकीबें सोचता है। जब वे ये बातें सोच रहे थे, उसी समय मेरे पास वे व्यंग्यकार मित्र आ गये, जो पतंगबाजी पर व्यंग्य लिखने को नकार रहे थे। मैंने ही कहा-कहो कैसी रही, देख लिया न वो काटा का शोर, क्या अब भी कोई संशय है तुम्हें कि पतंगबाजी व्यंग्य का विषय नहीं है? आंखें झुकायें मंद स्वर में बोले-शमार्जी गजब हो गया। गलती मुझसे हुई जो मैंने आज तक पतंग पर व्यंग्य नहीं लिखा? मैंने पतंग को सदैव उपेक्षा से देखा। वरना इसकी रोचकता में तो गहरा दंश है। यह बच्चों को खेल नहीं, समझदार लोगों की बाजी है, जो चलना जानता है, वही सामने वाले को मात दे सकता है।

# प्रतिबंधों के बावजूद हर जगह प्लास्टिक का चलन



पर्यावरण

नरेंद्र शर्मा

हर साल पर्यावरण दिवस, पृथ्वी दिवस, ओजोन दिवस, कॉप सम्मेलन और न जाने कितने सम्मेलन पर्यावरण के नाम पर होते हैं लेकिन कोई ठोस पहल धरती बचाने के लिए नहीं हो रही है। पिछले साढ़े पांच दशकों में हर देश ने अपने यहां पृथ्वी को बचाने के नाम पर बड़ी बड़ी नीतियां बनायी हैं, योजनाओं का जाल बिछाया है, सभा सेमिनार होते ही रहते हैं और अब तो सोशल मीडिया में दिन रात चिंताएं भी व्यक्त होती रही हैं, लेकिन इस सबके बाद भी नतीजा सकारात्मक बिल्कुल नहीं रहा। 1970 में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की सेहत को जिस तरह बिगड़ते हुए पाया था, इन 55 सालों में एक बार भी स्थिति उससे बेहतर नहीं हुई, लगातार पृथ्वी की सेहत खराब ही होती जा रही है, बावजूद इसके कि हर साल धरती की सेहत के जानकार नई नई योजनाएं लेकर आते हैं, नई नई प्रेरणाओं का आह्वान करते हैं। मगर नतीजे के रूप में कुछ नहीं बदलता। इस साल पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने के लिए विशेषज्ञों ने जिस थीम का आह्वान किया है, वह है- हमारी शक्ति, हमारा ग्रह। हमारी शक्ति से आशय यह नहीं है कि सरकार, उद्योग या वैज्ञानिकों की शक्ति नहीं है बल्कि इसका भाव यह है कि ये हमारी आदतें, हमारा आचरण और ये हमारा उपभोग ही है, जो अंततः हमारी पृथ्वी की सेहत पर असर डालता है।

कुल मिलाकर यह कि यह हमारी चुनाव की शक्ति है कि हमें वास्तव में पृथ्वी को बचाने के लिए कुछ करना है या बड़ी बड़ी बातें ही करनी है। चूंकि पृथ्वी एक भौगोलिक क्षेत्र भर नहीं है, यह एक जीवंत ग्रह है, इसलिए अगर हमने पृथ्वी को बचाने के लिए किसी जीवित इंसान की तरह ईमानदारी से कोशिश नहीं किया तो जल्द ही वह समय आयेगा जब हमारी सारी समझदारी और सारी जानकारी के बावजूद पृथ्वी की हालत सुधरेगी नहीं। मसलन यह कोई अंजानी बात नहीं है कि धरती को सबसे ज्यादा परेशानी प्लास्टिक से है। प्लास्टिक के खतरे को हम आज पहली बार नहीं जानें। कई सालों से बल्कि कहें तो कई दशकों से जानते हैं और लगातार सरकारें प्लास्टिक के कम से कम इस्तेमाल का आह्वान करती रही हैं। भारत जैसे देश में तो हाल के कुछ सालों में कितनी ही बार प्लास्टिक के इस्तेमाल में तरह तरह के प्रतिबंध लगे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रकट रूप में प्लास्टिक से बचने के लिए दिन रात किये जा रहे आह्वानों, प्रतिबंधों और नीतियों के बावजूद प्लास्टिक का इस्तेमाल घटने की बजाय दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। आज हर साल 40 करोड़ टन से भी ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है और इसमें से 50 फीसदी सिंगल यूज प्लास्टिक होता है, जो पृथ्वी की सेहत के लिए सबसे खतरनाक है। हैरानी की बात यह है कि पिछले 55 सालों में लगातार इस बात को चीख चीखकर कहा जाता रहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक धरती को निगल जायेगा, लेकिन धरती की तो छोड़िये अब समुद्र भी इस प्लास्टिक से पट गया है। दुनिया के किसी भी देश में तमाम सख्तियों के बावजूद प्लास्टिक का इस्तेमाल खत्म हो ही नहीं रहा।

अब तो हर साल 80 लाख टन से ज्यादा प्लास्टिक समुद्र में मिल रहा है, जो समुद्र कभी नमक के रेत से अटा था, अब उस रेत में प्लास्टिक की मात्रा दिन पर दिन बढ़ रही है। समुद्र के कई इलाकों में तो बकायदा बहकर आये प्लास्टिक के छोटे छोटे टुकड़ों से समुद्र के भीतर प्लास्टिक के पहाड़ खड़े हो गये हैं। सिर्फ जमीन और समुद्र की छोड़िये शायद ही दुनिया के किसी देश में ऐसा खानपान बचा हो, जिसमें बड़े पैमाने पर माइक्रो प्लास्टिक के टुकड़े घुल मिल न गये हों। यहां तक कि नवजात शिशुओं के रक्त में भी प्लास्टिक के कण पाये गये हैं। आखिर ये स्थितियां किस बात की सूचक हैं? शायद इसी बात की कि हम चिंता तो खूब प्रकट करते हैं, आह्वान भी खूब करते हैं, लेकिन अमल बिल्कुल नहीं करते। ऐसे में भला पृथ्वी की सेहत सुधरेगी भी तो कैसे? सबसे बुरा हाल तो हमारा अपना ही है। देश में दिल्ली की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। पहले साल में 20-25 दिन ये स्थितियां होती थी, फिर एक दो महीने तक दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ा। आज साल में 9 महीने दिल्ली की हवा जहरीली बनी रहती है। लगातार खूब हो हल्ला किये जाने के बावजूद दिल्ली की हवा लगातार खराब ही हो रही है, इसमें सुधार कतई नहीं हो रहा और अब तो दिल्ली जैसा ही हाल देश के एक चौथाई शहरों का हो चुका है।

## आप की बात

### आरक्षण के खतरे

आरक्षण की राजनीति ने देश की एकता और अखंडता को खतरे में डाल दिया है। नेत भविष्य चमकाने के लिए आरक्षण को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं जो कि बहुत ही गंभीर है। आरक्षण के नाम पर राजनीति चमकाने की कला देश में बहुत पुरानी है। संविधान में सीमित अवधि के लिए आरक्षण का प्रावधान इसलिए किया गया था ताकि सामाजिक भागीदारी शासन-प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर इस तरह से हो कि सभी वर्गों को आगे आने का मौका मिले। लेकिन राजनीति ने इसे इतना विकृत कर दिया है कि आज आरक्षण सामाजिक भागीदारी, आर्थिक विकास और वंचित तबकों को आगे लाने के बजाय नेताओं की अकर्मण्यता छिपाने का माध्यम बन गयी है। जो पार्टियां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती हैं वे आरक्षण के नाम पर जातिवाद का कार्ड खेलती हैं। इससे लोग उन पार्टियों को वोट देते हैं जिनका 'पॉलिटिक्स ऑफ परफार्मेंस' में जरा भी भरोसा नहीं है।

**प्रेम कुमार कुशवाहा, लखनऊ.**

### रोजगार सृजन की नीति

देश में गरीबी और बेरोजगारी को दूर करने के लिए जरूरी है हमारे देश के युवा नौकरी की तरफ भागने के बजाय उद्यमिता को अपनायें ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यापार आदि तमाम क्षेत्रों में स्टार्टअप का बहुत महत्व है। स्टॉर्टअप के करण करोड़ों नौकरियां पैदा हुई हैं। देश की अर्थव्यवस्था में स्टॉर्टअप ने पंख लगाये हैं और मानव जीवन को आसान करने में स्टॉर्टटप का बहुत बड़ा योगदान है। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है। आज संचार क्षेत्र कितनी ऊंचाई पर है। हर हाथ में मोबाइल, स्मार्टफोन है, इंटरनेट है। मोबाइल में बैंक, बाजार, ऑफिस सब मौजूद है। लेकिन संचार क्षेत्र को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में जिन तमाम कंपनियों की भूमिका रहीं उनमें अधिकांश तबाह हो गयीं। आर कॉम, यूनिनॉर, इंडिकॉम, टाटा-डोकोमो, एमटीएस, चेयर्स जैसी अनेक मोबाइल कंपनियां डूब गयीं। निवेशकों, प्रमोटरों और बैंकों का लाखों करोड़ डूब गया। इस समय दो प्रमुख कंपनी संकट में है। डिजिटल क्रांति की ध्वजवाहक पेटीएम और शिक्षा क्षेत्र की एक प्रमुख स्टॉर्टअप इनमें शामिल हैं।

**बिपिन कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## हार्ट अटैक के मरीज को डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बचाया

अयोध्या। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने एक बार फिर से एक ह्रदय रोगी की जान बचा ली। शहर के ही रोहिणी कालोनी निवासी अरुण कृष्ण उपाध्याय ( 62 ) सीने में तेज दर्द, घबराहट की समस्या लेकर इमरजेंसी ओ०पी०डी० में 5 दिसम्बर की रात 10:30 पर आये। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा. वीरेंद्र वर्मा ने कुशलता के साथ त्वरित चिकित्सी चिकित्सकीय परीक्षण किया तथा ईसीजी करवाया।

परीक्षण में अरुण कृष्ण उपाध्याय को टाइप-2 डायबिटीज के साथ ह्रदयाघात की पुष्टि हुयी । डा. राम मनोहर लोहिया की स्टेम केयर यूनिट के से अविलम्ब संस्तुति प्राप्त करके टेनेक्टाप्लेस इंजेक्शन दे मरीज की जान बचा ली। टेनेक्टाप्लेस ह्रदयाघात के मरीजों के लिये संजीवनी है। बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए है। उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों, कि जिला चिकित्सालयों में यह जीवन रक्षक औषधि निःशुल्क उपलब्ध कराती है। अरुण कृष्ण उपाध्याय के परिजनों ने डा. वीरेन्द्र वर्मा का आभार व्यक्त किया एवं सरकार के इस अनूठी पहल की सराहना की।

# अयोध्या आईडल ऑडिशन में 500 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



अयोध्या। रविवार को अयोध्या महोत्सव के अयोध्या आईडल ऑडिशन में विभिन्न वर्गों में लगभग 500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थिति होकर प्रतभागियों का उत्साहवर्धन किया। संजीव सिंह ने कहा कि अयोध्या महोत्सव अयोध्या जनपद की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है और एक बड़ा मंच प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या की धरती पर ऐसे आयोजन अयोध्या की संस्कृति और विरासत को दशार्ते हैं। न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष अयोध्या महोत्सव श्री राम जन्मभूमि पर धर्म ध्वजा रोहण के बाद प्रथम बार आयोजित हो रहा है इसलिए प्रथम दिवस दूरदूरिया पूजन संत समागम एवं भजन संध्या से होगी। बारह दिवसीय महोत्सव में विभिन्न आयोजन किए जाएँगे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण डिंपल भूमि का गजल गायन आर सी आर का लाइव कॉन्सर्ट भोजपुरी सिने अवार्ड फोक अवार्ड बाड़ी बिल्डिंग चैंपियनशिप काव्य श्री आदि प्रमुख है। अयोध्या आयडल की संयोजक और न्यास की प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ ने बताया कि इस बार विगत अयोध्या आयडल के विजेताओं की प्रस्तुति भी होगी स नाहिद में बताया की आज अयोध्या आइडल सीजन -17 नृत्य एवं गायन की प्रतियोगिता जिसमे जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में सम्पन्न हुई। मिस्टर मिस एंड मिसेस कल्चर इंडिया सीजन-8 जो की इस बार एक यूनिक थीम जो की वीर योद्धाओ वारियर रॉयल वीरगाना एवं वीर पर आधारित फैशन शो का ऑडिशन भी संपन्न हुआ जिसमें किड्स रनवे होगा जिसमे 3 से 10 साल तक कि बच्चे प्रतिभाग करेंगे। जिला सहकारी बैंक सभागार कचहरी परिसर रामपथ सिविल लाइन अयोध्या में संपन्न ऑडिशन में सेलेक्ट होने कि बाद 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक होने वाले अयोध्या महोत्सव में बाकी कि राउंड्स होंगे मॉडलिंग का ग्रैंड फिनाले 3 जनवरी होगा जिसे जज करने दिवा मिस यूनिवर्स रनरअप मिस त्रिशा शेट्टी आएंगी। वही नृत्य एवम गायन का ग्रैंड फिनाले 5 जनवरी को होगा जिसमे नृत्य प्रतियोगिता को जज करने डांस दीवाने विनर एवं डांस प्लस फेम रूपेश सोनी वाह गायन को जज करने प्रयागराज के श्यामजीत आएंगे। इस अवसर पर प्रबंधक आकाश अग्रवाल महासचिव अरुण द्विवेदी ऋचा उपाध्याय निदेशक मोहित मिश्रा बृजेश ओझा जनार्दन पांडेय रेगन सिंह सचिव निकिता चैहान तनु पांडेय स्वाति सिंह ताहा आदि उपस्थिति रहे।

## जीआरपी ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

अयोध्या। अयोध्या कैंट जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के पुराना माल गोदाम के सामने बनी पानी टंकी के पास से शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक के पास से चोरी का माल बरामद कर दो मामलों का खुलासा किया है। जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि दर्ज मामले की विवेचना और कार्रवाई के लिए चैकी प्रभारी जीआरपी अयोध्या धाम उपनिरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय और रामनारायण यादव की टीम ने जितेन्द्र लोना ( 25 वर्ष ) निवासी ग्राम सेमउरखानपुर थाना हंसवर जिला अम्बेडकरनगर को पकड़ा है। इसके पास से एक मोबाइल व 1280 रुपए बरामद हुआ है। बरामद मोबाइल उसने साढ़े तीन माह पूर्व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर बैठे एक व्यक्ति से चुराया था।

जबकि चार माह पूर्व छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस में चलती ट्रेन के एसी डिब्बा से एक महिला के गले से उसका मंगलसूत्र और बैग चोरी किया था। बरामद रकम मंगलसूत्र के बिक्री की बची रकम है।

## एसपी ने किया 30 लाख रुपये के 160 मोबाइलों को स्वामियों के सुपुर्द



बाराबंकी। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 30 लाख रुपये कीमत के 160 मोबाइल फोन को उनके स्वामियो के सुपुर्द किया गया। पुलिस लाइन सभागार मे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, सीईआईआर पोर्टल ( सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर ) का उपयोग कर तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 160 मोबाइल फोन को बरामद किया। बरामद फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। जिसके बाद आज 160 मोबाइल फोन को उनके स्वामियो के सुपुर्द किया गया।

## लापता व्यक्ति का कुआं में मिला शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चॉदामऊ में कुआं में एक अज्ञात 32 वर्षीय व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिलने पर स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची सुखीपुर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान लाल बहादुर पुत्र सतगुरु वर्मा बादशाहनगर नगर निवासी के रूप में हुई। मृतक चॉदामऊ गांव में बने गौशाला में काम करता था। गौशाला में पशुओं की देखभाल के साथ चारा पानी देने का काम करता है। सुखीपुर चैकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की और से कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं है। शव का पंचनामा करवाकर पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## भाजपा के जिलाध्यक्ष ने एसआईआर अभियान की समीक्षा की

बहराइच। गहनपुनरीक्षण अभियान एसआईआर अभियान के अंतर्गत विधानसभा नानपारा के रामपुर धोबियाहार मंडल में जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय ने अभियान की समीक्षा व आगामी योजना पर चर्चा किया।

मंडल के कई बूथों पर 100% गणना फार्म ऑनलाइन किए जाने पर कार्यकताओं को धन्यवाद दिया, तथा सभी बूथों पर अभियान शत प्रतिशत सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी से अपील की। सभी बूथ पर कितने फार्म जमा हुए,इस पर चर्चा करते हुए एक एक बूथ की समीक्षा की ।उपस्थित कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु सभी से जुड़ने हेतु आवाहन किया गयाबैठक में मंडल अध्यक्ष भाजपा सालिक राम लोधी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम सहारे मिश्रा , श्रवण बाजपेयी, विक्रम सिंह, दीनानाथ मिश्रा, मूलचंद मिश्रा, अखिलेश वर्मा, रंजीत सिंह, खुशीराम गुप्ता, टीकराम सोनी, विवेक व सभी शक्ति केंद्र संयोजक/प्रभारी/प्रवासी, व मंडल पदाधिकारी कार्यकताओं व वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही ।

## लाखों के जेवरात बरामद, तीन गिरफ्तार

बहराइच । जिले की हरदी पुलिस व स्वाट टीम ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों के साथ चोरी किए गए समानों व जेवरात को खरीदने वाले तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है ।इनके पास से चोरी किए गए लाखों रुपए कीमत के सोने व चांदी के जेवरात बरामद हुए है ।हरदी थाना क्षेत्र में स्थित भगवानपुर ग्राम के रहने वाले नारायण नाम के ग्रामीण के घर से बीते 26 नवंबर को अज्ञात चोर लाखों रुपए कीमत के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए थे। इस दौरान उनके घर के पास स्थित एक ज्वेलरी की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया था ।पुलिस मामला दर्जकर घटना के शामिल लोगों की तलाश कर रही थी ।रविवार को मुखबिर ने हरदी थाना प्रभारी व स्वाट टीम के प्रभारी मनोज सिंह यादव को चोरी को घटना में शामिल लोगों के शंकरपुर बीज भंडार के पास होने की सूचना दी ।जिसके बाद उप निरीक्षक अजय कुमार, नन्दकिशोर सिंह आरक्षी रूपेन्द्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, राकेश कुमार व साबिर के साथ मौके पर पहुंच दो लोगों को हिरासत में ले लिया ।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अशोक कुमार निवासी जनपद लखीमपुर व अजय कुमार चौहान निवासी खमरिया शुक्ल थाना हरदी को गिरफ्तार किया , इन्होंने पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने चोरी किए गए सामान को सूबेदार , धनाजी सेंडे व करण साहू नाम के व्यक्ति को अलग अलग बेचा है ।जिसके बाद छापेमारी करते हुए पुलिस ने अन्य तीन लोगों को भी गिरफ्तार कर चोरी किए गए लाखों रुपए कीमत के जेवरात एक इलेक्ट्रानिक कांटा व बाइक बरामद की है ।सभी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा जा रहा है ।जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर ब्लाकों में खुलेंगे ह्यपशु औषधि केन्द्र

## पशुपालकों को मिलेंगी सस्ती दवाएं

बहराइच। कृषकों की आय को दोगुना करना केन्द्र व प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्र की तर्ज पर ब्लाक स्तर पर पशु औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य है कि पशुपालकों को कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध हो सकें। देखने में आता है अब तक पशु दवाओं का एक बड़ा हिस्सा निजी बाजारों पर निर्भर है। खुले बाजार से दवाओं की खरीद करने पर पशुपालकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जिससे तमाम लोग इस खर्च नहीं उठा पाते हैं। पशु औषधि केन्द्र योजना के धरातल पर क्रियान्वित होने से न केवल उपचार लागत घटेगी। बल्कि पशुधन संरक्षण व डेयरी क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा भी मिलेगा। सरकार का यह निर्णय श्वेत क्रान्ति की दिशा में गेम चेन्जर साबित होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि योजना हेतु केन्द्रीय स्तर से पोर्टल पशुऔषधि डाट डीएएचडी डाट जीओवी डाट इन शुरू किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जिनके पास कम से कम 120 वर्ग फीट स्थान उपलब्ध है, फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाणपत्र, ड्रग लाइसेंस के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का शुल्क रू. 5000 निर्धारित है। यहां पर पशुओं के लिए एंटीबायोटिक, विटामिन, हार्मोनल इंजेक्शन, प्राथमिक उपचार किट व पशु टीकाकरण से संबंधित दवाएं सस्ती कीमत पर मिल सकेंगी। सीवीओ ने कहा कि बहराइच जैसे कृषि प्रधान व आकांक्षी जनपद के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन लाने वाला कदम साबित होगी।

## बच्चे को घर से उठा ले गया भेड़िया, तलाश जारी

बहराइच। कैसरगंज तहसील स्थित मल्लहनपुरवा गांव में एक घर में संदिग्ध रूप से घुसा भेड़िया चार माह के एक बच्चे को उठा ले गया। वन विभाग की टीमें ड्रोन कैमरे की मदद से तलाश अभियान चला रही हैं मगर अब तक ना तो बच्चे का कुछ पता लगा है ना ही भेड़िया नजर आया है। पिछले नौ दिनों में इसी मल्लहनपुरवा गांव में भेड़िये के तीन हमले हो चुके हैं।

पिछली 28 नवंबर को भेड़िये के हमले में पांच साल के लड़के की मौत हो गयी थी। वहीं, विगत पांच दिसंबर को भेड़िये ने पांच वर्षीय बच्ची को घायल किया था ।ग्रामीणों के मुताबिक मल्लहनपुरवा गांव निवासी संतोष का चार माह का बेटा सुभाष छहासात दिसम्बर की दरमियानी रात अपनी मां के साथ घर में सो रहा था और रात करीब डेढ़ बजे भेड़िया चुपचाप घर में घुसा और सुभाष को मां की गोद से अपने जबड़े में दबोचा और भाग गया। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन भड़िया बच्चे को लेकर ओझल हो गया।

प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि संतोष के चार माह के पुत्र सुभाष को वन्यजीव द्वारा रात करीब डेढ़ बजे उठाकर जे जाने की सूचना मिली थी और सूचना मिलते ही गांव में पहले से तैनात वन विभाग की टीमों ने ड्रोन व अन्य तरीकों से खोज अभियाल शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि नदी के किनारे और गन्ने के खेतों में जहां-जहां वन्यजीव के होने की सूचना मिल रही है, वहां हमारी टीमें पहुंच कर तलाश में लगी हैं। अधिकारी ने बताया कि टीम में प्रशिक्षित शूटर भी शामिल हैं और शीघ्र ही हमलावर जीव को या तो पकड़ लिया जाएगा अथवा उसे गोली मार दी जाएगी।

बहराइच जिले के कुछ गांवों में इसी साल नौ सितम्बर से अबतक भेड़ियों के हमलों में आठ बच्चों व एक बुजुर्ग दम्पत्ति सहित 10 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 32 अन्य घायल हुए हैं ।गत 27 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण कर भेड़िये को पकड़ने और नहीं पकड़े जा पाने पर उसे गोली मारने के निर्देश दिये थे। उसके बाद से अब तक चार भेड़िये मारे जा चुके हैं।

## परमिट से अधिक पेड़ कटान रोकने गये वन दरोगा से ठेकदार ने की अभद्रता

सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र में लकड़ी कटान के ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद है कि अपने विभाग के अधिकारियों से भी हाथपाई करने पर उतारू होने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसा एक प्रकरण रौनाही थाना क्षेत्र के गांव लखौरी में देखने को मिला।

गांव निवासी समीम ने दर्शन नगर के एक ठेकेदार मनोज कुमार को अपने खेत के किनारे लगे 103 पेड़ लगभग साढ़े पांच लाख में साल भर पहले बेंच दिया था। इसके बाद ठेकेदार ने 40 पेड़ की परमिट बनवाकर पेड़ो की कटान शुरू कर दी और दो चार दिनों में परमिट के सभी पेड़ काट डाले।

इसके बाद शनिवार को परमिट से अधिक पेड़ो की कटान जब ठेकेदार ने शुरू किया। तो पेड़ मालिक मो.समीम ने अवैध रूप से बिना परमिट प्रतिबंधित पेड़ काटने का विरोध किया। इसके बाद भी ठेकेदार नहीं माना और करीब आधा दर्जन पेड़ काटकर गिरा दिए। तब पेड़ मालिक ने डायल 112 पुलिस से शिकायत किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ कटान पर रोक लगवा दिया। इसके बावजूद जब ठेकेदार पेड़ काटने से बाज नहीं आया। तो पेड़ मालिक ने स्थानीय थाने की पुलिस व वन विभाग को मामले की जानकारी दी।

मौके पर पहुंचे वन दरोगा मिश्रीलाल ने अवैध रूप से प्रतिबंधित पेड़ काटने पर रोक लगाने लगे। तो ठेकेदार वन दरोगा से विवाद पर उतर आया।

आलम यह रहा कि दोनों के जमकर कहासुनी हुई और विवाद इस कदर बढ़ा कि ठेकेदार वन दरोगा से गाली गलौज के साथ हाथापाई करने पर उतारू हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद रौनाही थाने के दरोगा दीपक शुक्ला ने बीच बचाव किया और मामले की जानकारी क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेद्र त्रिगुनायक को दी गई।

# कार एक्सीडेंट में दो छात्रों की मौत, तीसरा गंभीर

जिला संवाददाता

अयोध्या। कैट थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात हुए एक कार दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि इनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल साथी को जिला अस्पताल से रेफर किया गया है। दोनों मृतक छात्र अपने पिता के इकलौते पुत्र थे। पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराया है और दोनों का जमथरा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है।

मृतकों की पहचान फागुन विरमानी ( 17 ) पुत्र जितेश विरमानी निवासी सीता सिंह की गली रिकाबगंज कोतवाली नगर और अक्षय सिंह ( 15 ) पुत्र राकेश सिंह निवासी हनुमानगढ़ी नाका कोतवाली नगर के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में हर्ष नारायण अग्रहरि ( 18 ) पुत्र उदय नारायण निवासी देवनगर कालोनी नवीन मंडी कोतवाली नगर गंभीर रूप से घायल हुआ है। कैट थाना क्षेत्र में कार कंपनी गार्डन के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में कार का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक अक्षय कैंब्रियन स्कूल में कक्षा 11 का छात्र था, जबकि फागुन जिगल बेल में कक्षा 11 में पढ़ता था। कैंट एसओ संदीप सिंह ने बताया कि कार दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हुई है,जबकि तीसरे को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है और हादसे के कारण की छानबीन में जुटी है। प्रथमदृष्ट्या ओवरस्पीड और नियंत्रण खोना कारण माना जा रहा है।

एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाये जाने पर डाक्टर ने फागुन और अक्षय को मृत घोषित कर दिया,जबकि गंभीर घायल हर्ष अग्रहरि को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। रेफर किये जाने के बाद परिजन उसको विकास प्राधिकरण के निकट स्थित एक निजी नर्सिंग होम ले गए और हालत नियंत्रण में न होने के बाद लखनऊ लेकर रवाना हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक अभी वह जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। हादसे की खबर के बाद दोनों छात्रों के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घर का चिराग बुझने के बाद परिवार के लोग शोक-संतप्त हैं और शुभचिंतकों का आना-जान जारी है। पोस्टमार्टम हॉउस से लेकर घर तक लोगों की भीड़ रही। मीडिया से जुड़े शख्स के बेटे अक्षय की मौत को लेकर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा रहा तो फागुन के घर व्यापारियों और कारोबारियों का आवागमन होता रहा। मूल रूप से सराफा कारोबार से जुड़ा फागुन विरमानी का परिवार शनिवार की रात एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने गया था।

परिवार के मुताबिक सभी समारोह से वापस लौटे और समारोह में खापीकर फागुन भी घर आया। वह अपनी दादी के साथ कमान के ऊपरी मंजिल पर सोता था। देर रात मुख्य गेट में ताला बंद कर फागुन अपनी स्विफ्ट डिजायर कार लेकर घर से निकला और फोन पर तय कार्यक्रम के मुताबिक अपने दोस्तों नाका हनुनमानगढ़ी निवासी अक्षय सिंह और देवनागर कालोनी निवासी हर्ष अग्रहरि को साथ लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कार सवार अफीम कोठी की तरफ से तेजी से कंपनी गार्डन की तरफ जा रहे थे। कंपनी गार्डन स्थित सीमेंट के पिलर में जोरदार टक्कर के बाद चैकीदार व अन्य को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस और परिवार को सूचित किया गया।

टक्कर इतनी जोरदार हुई कि सीमेंट का मोटा पिलर टुकड़ों में टूट गया और कार का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त कार से चाभी निकलवा भेजवाने के बाद दरवाजा खुला और फागुन के परिवार के लोग पहुंचे।

# 2 साइबर ठगों को पुलिस ने दबोचा, 3 लाख 60 हजार व 2 मोबाइल बरामद




बाराबंकी। ब्लैकमेलिंग व आनलाइन टास्क के नाम पर लोगो को निशाना बनाने वाले 2 साइबर ठगो को थाना देवा पुलिस व साइबर सेल/क्राइम की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम ने दो साइबर ठगो राजन सिंह पुत्र तेज सिंह निवासी मोहल्ला कचेहरान व मोहल्ला कटरा थाना देवा व अनूप कुमार पुत्र शत्रोहन लाल

**● ब्लैकमेलिंग व आनलाइन टास्क के नाम पर लोगो को बनाते थे निशाना**

निवासी अड़ौरा थाना देवा को कुर्सी मोड़ नहर पुलिया से 3 लाख 60 हजार रुपए, दो अदद मोबाइल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तो का एक शातिर गिरोह है। जो टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मो का उपयोग कर जनता को अश्लील सामग्री के माध्यम से ब्लैकमेल व वर्क फ्रॉम होम या ऑनलाइन टास्क व निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। अभियुक्तो द्वारा गुजरात व उड़ीसा के दो लोगों के साथ साइबर ठगी की गई है।

गुजरात के व्यक्ति के साथ की गई साइबर ठगी के सम्बन्ध में हेल्पलाइन नम्बर 1930 के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। वांछित अभियुक्त यशराज सिंह पुत्र जैनेन्द्र सिंह व सिद्धार्थ तिवारी पुत्र संजय तिवारी निवासीगण इस्माईलगंज फैजाबाद रोड लखनऊ की गिरफ्तारी एवं बैंक एकाउण्ट व अन्य सदस्यों आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। गिरफ्ता करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक देवा अजय कुमार त्रिपाठी, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे।

# नगर निगम ने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए शुरू की तैयारियां

अयोध्या। उत्तर प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गयी है। लगातार गिरते तापमान के साथ रातें बेहद कष्टदायक हो गई हैं। ऐसे में सरकार ने प्रदेश के गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में पवित्र नगरी अयोध्या में भी नगर निगम ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश पर अयोध्या नगर निगम ने आठ प्रमुख स्थानों पर स्थायी और अस्थायी रैन बसेरे बनाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इन रैन बसेरों में कुल 580 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे रात न गुजारने को मजबूर हो।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के अनुसार इन आश्रय गृहों में न सिर्फ रहने की सुरक्षित जगह होगी, बल्कि गर्म कंबल, पीने का पानी, शौचालय और प्रकाश की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही ठंड से बचाव के लिए शहर के 257 प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की योजना बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम के वार्डों में कंबल वितरण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का साफ निर्देश है कि रैन बसेरों में जगह खाली होने पर भी कोई व्यक्ति सड़क पर न सोए, इसके लिए लगातार निगरानी और गश्त की जाएगी ।नगर निगम ने जिन आठ स्थानों को रैन बसेरे के लिए चिह्नित किया है, उनकी क्षमता इस प्रकार हैः रामकथा पार्क द 40 बेड ( स्थायी रैन बसेरा ), निषादराज गुहा ( अयोध्या धाम बस स्टेशन के पास ) 300 बेड ( स्थायी ), अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पास 30 बेड, गांधी पार्क, अयोध्या कैंट 30 बेड, रोडवेज बस स्टेशन के अंदर, अयोध्या कैंट 30 बेड, साकेत ओवर ब्रिज के नीचे, अयोध्या धाम 30 बेड, कौशलेश कुंज पार्किंग, अयोध्या धाम 30 बेड, कोरिया पार्क डॉरमेट्री 90 बेड, निषादराज गुहा में सर्वाधिक क्षमता। इनमें सबसे बड़ी क्षमता वाला रैन बसेरा निषादराज गुहा में है, जहां एक साथ 300 लोग ठहर सकेंगे। रामकथा पार्क और कोरिया पार्क में भी स्थायी सुविधाएं हैं, जबकि बाकी छह स्थान अस्थायी तौर पर तैयार किए जा रहे हैं। सभी रैन बसेरों में महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा के मद्देनजर वहां पुलिसकर्मी और नगर निगम के कर्मचारी तैनात रहेंगे। अलाव की व्यवस्था चैक-चैराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और घनी आबादी वाले इलाकों में की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद सभी जिलों के डीएम और नगर निकायों को निर्देश दिया है कि ठंड से एक भी व्यक्ति की जान न जाए। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन अतिरिक्त सतर्क है। आने वाले दिनों में यदि तापमान और गिरता है तो रैन बसेरों की संख्या और क्षमता में इजाफा किया जाएगा। अयोध्या के निवासी इस पहल की सराहना कर रहे हैं। स्थानीय समाजसेवी रामदास गुप्ता ने कहा बताया कि योगी सरकार गरीबों के प्रति बेहद संवेदनशील है।

## बेड के अंदर छिपा मिला विवाहिता का प्रेमी, घरवालों ने चोर समझकर पीटा

अयोध्या। जनपद के पूराकलन्दर थाना क्षेत्र में विवाहित प्रेमिका से मिलने आधी रात को उसका प्रेमी पहुंच गया घरवालों को जानकारी हो गई तो युवक बेड के अंदर छिप गया। ग्रामीणों ने चोर समझकर तलाश शुरू की तो मामला कुछ और निकला। बाद में प्रेमी और महिला ने थाने में सहमति से शादी कर ली। हैरानी की बात यह रही कि महिला के पति ने विदेश से फोन करके

**● प्रेमी और महिला ने थाने में सहमति से की शादी, पति ने दुबई से फोनपर दी बधाई**

इस शादी की बधाई दी। पूरा मामला पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बभनगवा गांव का है। गांव निवासी आलीम देर रात अपनी विवाहित प्रेमिका के घर पहुंच गया। महिला का पति पहले से विदेश में रहता है। घरवालों को रात में बहू के कमरे से आवाजें सुनाई दीं। उन्हें लगा कि कोई चोर घर में घुस आया है। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। ग्रामीणों ने घर की तलाशी शुरू की। जानकारी हो जाने पर महिला ने युवक को बेड के अंदर छिपा दिया। शक गहरा होने पर जब बेड खोलवाया गया तो आलीम बाहर निकला। इससे हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद महिला के ससुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई और पूछताछ की। थाने में हुई बातचीत के दौरान दोनों ने लंबे समय से प्रेम संबंध होने की बात स्वीकार की। महिला के ससुर और अन्य परिवारीजन भी मौजूद थे। वहीं, फोन पर पति से बात कराई गई। पति ने मामला समझते हुए कहा कि अगर मेरी पत्नी किसी और से खुश है, तो मैं साथ हूं। इसके बाद पति की रजामंदी से थाने में ही आलीम और महिला के विवाह की रस्म पूरी कराई गई। महिला के ससुर ने भी शादी को मंजूरी दी। लिखित रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं। गांव में यह मामला चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों ने भी सहमति से हुए इस विवाह पर खुशी जताई। पति ने फोन पर ही दोनों को शादी की बधाई दी।

# दिल्ली में होगी कांग्रेस की ऐतिहासिक रैली: निर्मल खत्री

### महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में 14 दिसम्बर को होने वाली रैली को लेकर बनी रणनीति

अयोध्या। दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस पार्टी की विशाल रैली ऐतिहासिक होगी। अयोध्या से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं को इस रैली में शामिल होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना योगदान देना चाहिए। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित मासिक बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत ने किया। पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी डॉ. निर्मल खत्री ने कहा कि ह्लभाजपा सरकार की नीतियाँ आम जनता के लिए लगातार हानिकारक सिद्ध हो रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता बढ़ती जा रही है। कांग्रेस का दायित्व है कि वह इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हर घर तक सत्य पहुँचाए। सभी कार्यकर्ता संगठित होकर जनता के बीच जाएँ और कांग्रेस की ऐतिहासिक विचारधारा व संघर्ष को मजबूत बनाए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने कहा कांग्रेस कार्यकताओं की एकता ही संगठन की असली ताकत है। हमें बूथ स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करना है। जनसमस्याओं पर संघर्ष तेज करने तथा दिल्ली रैली को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तत्पर रहे। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहाह्लभाजपा सरकार संविधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और जनता महंगाई से त्रस्त है। कांग्रेस ही जनता की सच्ची आवाज है। 14 दिसंबर की रैली जनता की समस्याओं को केंद्र सरकार तक पहुँचाने का बड़ा मंच बनेगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा ह्लकांग्रेस का संघर्ष हमेशा जनता के लिए रहा है। हमें घर-घर जाकर भाजपा की विफलताओं को उजागर करना होगा। अयोध्या से बड़ी भागीदारी रैली में हमारी मजबूती का संदेश देगी ह्व पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा रामदास वर्मा ने कहाकांग्रेस कार्यकताओं को अब और सक्रिय होकर जनता से जुड़ना होगा। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और युवाओं की समस्याएँ बढ़ी हैं। इन मुद्दों को उठाना और जनता तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली में भाग लेने के लिए प्रत्येक ब्लॉक से तथा वार्डो से कार्यकर्ता बस और निजी वाहनों से दिल्ली गांधी पार्क के लिए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा, सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी, महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, जनार्दन मिश्रा ,डॉक्टर विनोद गुप्ता, विजय श्रीवास्तव, रामबख्श रावत, राकेश तिवारी, विकास मिश्रा ,अरुण साहू ,अशोक राय, ब्लॉक अध्यक्ष गौरव पाठक, रामनाथ शर्मा ,सुखदेव सिंह, रुद्रदेव सिंह, संजय हिला, रामानंद शर्मा ,रामनाथ शर्मा, मनीराम कनौजिया, राजेश कुमार चतुर्वेदी, देव कुमार वर्मा, आकाश केसरवानी, अंकित जैन, बांकेलाल सैनी, अनिल सोनकर, अशोक कुमार शर्मा ,इरफान अहमद, रवि श्रीवास्तव ,मंडल अध्यक्ष शुभम सिंह ,चंचल सोनकर, अवधेश तिवारी, प्रेम कुमार पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ,अशोक कनौजिया, धर्मेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जितेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद आरिफ, धीरेंद्र सिंह बबलू , सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मोहम्मद अर्शी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पतंग उड़ाते समय छत से गिरा बालक

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कटरा मजरे मऊ गांव में पतंग उड़ाते समय एक 10 वर्षीय बालक के छत से गिर जाने की दुर्घटना प्रकाश में आई है, पारिवारीजनों द्वारा आनन-खानन अपने निजी वाहन से उसे सीएचसी महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना रविवार दोपहर लगभग 2 बजे की है। गांव निवासी श्रीकृष्ण का 10 वर्षीय बेटा राजन अपने घर की छत पर पतंगबाजी कर रहा था, और पतंग उड़ाते-उड़ाते वह बीचो-बीच छत से किनारे पहुंच गया, तभी उसका पैर फिसल गया, और वह छत से नीचे आ गिरा। चीख पुकार सुनकर घर वाले दौड़े, उसे बेहोशी की अवस्था में उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गये, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## आंबेडकर को कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बाबा साहब की शिक्षाओं को अपनाने की बात कहीं उन्होंने कहा कि अम्बेडकर वंचित, शोषित व उपेक्षित समाज के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया था। श्रद्धांजलि देने वालों में विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल षुक्ला, राजकुमार दीक्षित, सईदुल हसन, महताब आलम, राजेष यादव, कल्याण श्रीवास्तव, आषीष द्विवेदी, षैलजा सिंह, सूर्य कुमार बाजपेयी, मनोज मिश्रा, अमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बिजली बिल राहत योजना की जानकारी दी

**सलोन,रायबरेली।** विकास खण्ड रतासो गांव में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को बिजली बिल राहत योजना ओटीएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जो 1 दिसंबर से प्रभावी हुई है।।एसडीओ सलोन सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को कुल 44 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।जिसमें दो लाख67 हजार रुपये की राशि जमा हुई है। उपभोक्ताओं को लगभग तीन लाख 22 हजार की छूट प्रदान की गई। कैंप में दिनेश साहू, देव कुमार, धर्मेंद्र, अतुल आदि मौजूद रहे

## एल्युमिनी मीट आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को एल्युमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ एसपी त्रिपाठी के उद्बोधन के साथ हुआ आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपप्राचार्य जीपी त्रिपाठी व केंद्रीय विद्यालय रायबरेली के प्राचार्य एस के श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। एल्युमिनी मीट कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के सौ से अधिक पूर्व छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन 1993 बैच के पूर्व छात्र रहे धर्मेंद्र बहादुर सिंह व धर्मेंद्र सिंह ने किया। इसके अलावा पूर्व छात्रों में कांग्रेस पार्टी के महासचिव सुशील पासी, घनश्याम, जीशान, सुधांशु, अश्विन मौर्य, पुनीत सोनकर के अलावा सौ से अधिक पुरातन छात्रों की उपस्थिति रही।

# अपहरण के बाद युवक की हत्या, गोमती में मिला शव

### दो आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के ईसीपुर ओवरब्रिज के पास शनिवार देर शाम अपहत युवक का शव रविवार सुबह गोमती नदी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अमन यादव (22) पुत्र निवासी साढ़ापुर के रूप में हुई है।

अमन यादव शनिवार की शाम अपने भाई को रिसीव करने के लिए चांदा जा रहा था तभी ईसीपुर ओवरब्रिज के पास पहुंचा था। इसी दौरान अर्टिगा कार सवार बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस सहित कई थानों की फोर्स ने युवक की तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका। रविवार सुबह प्रतापगढ़ जिले के इब्राहिमपुर घाट पर गोमती नदी में एक युवक का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त अमन यादव के रूप में की। शव मिलने की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र विक्रम सिंह एवं इंस्पेक्टर क्राइम तनबीर खां की सक्रियता से पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के नाम शिवम यादव पुत्र राम नयन तथा मयंक यादव पुत्र शीतला प्रसाद बताए गए हैं। दोनों आरोपित थाना क्षेत्र के नरैनी, शफीपुर के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उनकी निशान देही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है। सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## बस पलटी, आधा दर्जन घायल

**रायबरेली।** लखनऊ से छत्तीसगढ़ जा रही यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। यह घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के डिडौली के पास हुई। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार एक यात्री मोहनू साहू ने बताया कि वह लखनऊ से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। उनके अनुसार, बस काफी दूर से ही अनियंत्रित होकर चल रही थी और उन्हें ऐसा लगा कि ड्राइवर नशे में था। मां के ऊपर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई है थाना अध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है सभी घायलों को अस्पताल भिजवा दिया गया है चालक की तलाश की जा रही है।

## इप्टा ने 'सिंगिंग बेल' नाटक का किया मंचन



**रायबरेली।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) द्वारा एक नाटक सिंगिंग बेल का मंचन राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के हॉल में किया गया। ह्यसिंगिंग बेलह्य को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। सुभाष पंत की कहानी पर आधारित इस नाटक का निर्देशन संतोष डे ने किया। जब कोई गल्प वास्तविकता की चादर ओढ़ने लगे और हमारी रोजमर्रा की घटना बनती जाए तो स्थिति भयावह हो जाती है और बिना हिंसक हुए ऐसी परिस्थिति पैदा कर देती है जिससे कोई भयाक्रांत हो जाए और शेष जिंदगी डरते हुए काटने लगे।

प्रस्तुत नाटक की कहानी भी ऐसी है कि जिससे वर्णित स्थितियां, अहिंसक होते हुए भी जनसाधारण को डराने में काफी है। नाटक इंगित करता है कि डर के आगे जीत नहीं बल्कि लड़ाई होती है। नाटक अपनी संपूर्णता में दर्शकों को प्रभावित करता है किंतु मैडम डिसूजा की भूमिका में अंशिका सिंह ने कमाल का अभिनय किया और दर्शकों के दिल में उतरने में पूरी तरह सफल रहती हैं, उसकी एक-एक भंगिमा, उसकी हताशा, अकेलेपन और बेबसी को व्यक्त करने में सफल रही है। अति सरल पहाड़ी आदमी बहादुर कि जीवंत भूमिका निभाई लवकुश यादव ने जिसको आज के समय में भी यकीं है कि ओझा उसके बाप का इलाज कर देगा। पेपर लीक और बाढ़ से अपदस्थ सुंदर की भूमिका को आदर्श मिश्रा बहुत प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करते हैं। अघोरी की छोटी सी भूमिका में रामदेव ने पूरे दर्शकों को मिसमराइज कर दिया जो यह सिद्ध करता है कि वह एक एक मझे हुए कलाकार हैं। एजेंट की भूमिका में रमेश ने एक चालाक तथा क्रूर किंतु बनावटी मददगार का रोल सराहनीय ढंग से निभाया। संजय यादव ने मोमबत्ती बेचने वाले मनभर की भूमिका में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। धर्मगुरु फादर के सपाट रोल को संतोष चैधरी ने बहुत सशक्त रूप से निभाया। एक-एक मूवमेंट को अर्थ देते हुए वह बहुत निपुणता से कह जाते हैं कि ठेकेदार से उनकी डील हो चुकी है। क्रिकेट मैच में फिनिशर की तरह अमित यादव ने भी जीत का छक्का मारा। सिपाही के मल्टी डाइमेंशनल रोल में उन्होंने जान फूंक दी और दर्शकों को प्रभावित किया। अंत में डिसूजा का डायलॉग ह्यमै लड़ूंगीह्य में मै लड़ूंगी, मैं लड़ूंगा का आवाज बरवस ऋत्विक घटक की मेधे ढाका तारा की याद दिल देती है।

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण



**अमेठी।** रविवार को जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केदो पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण सीएमओ अंशुमान सिंह ने किया उन्होंने आरोग्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दखिनवारा का निरीक्षण किया सभी स्टाफ उपस्थित मिले 1गर्भवती को डिलीवरी हुई 24 मरीज देखे गए 8 लोंगो की जांच हुई , मुख्य मंत्री आरोग्य मेला भटगवा का निरीक्षण किया 73 मरीज देखे गए 8 जांच हुई सभी स्टाफ उपस्थित मिले आरोग्य मेला सैठा का निरीक्षण किया 26 मरीज देखे गए 6 जांच हुई सभी स्टाफ उपस्थित मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आरोग्य मेले से खास तौर से ग्रामीण क्षेत्रों को मिलने वाले लाभ के लिए स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ जिम्मेदारी से मिलकर कार्य करें । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के केंटो पर आयोजित मेले में हमारे चिकित्सक पूरे मनोरियों के साथ काम कर रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है।

## ट्रक व डीसीएम की टक्कर में दंपति घायल

अमेठी ।जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के घोरहा पावर हाउस के पास रविवार को तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमनेझसामने भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि पास से गुजर रहा एक बाइक सवार दंपती इसकी चपेट में आ गया ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक और पिकअप की टक्कर के दौरान बाइक सवार युवक दिनेश गुप्ता (35) पुत्र छेदीलाल गुप्ता और उनकी पत्नी सुषमा (35) निवासी चंदौकी, लोहारन का पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफराझतफरी मच गई ।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक और पिकअप दोनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**तिलोई ,अमेठी।** खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर हरिओम तिवारी ने शनिवार को संत पथिक इंटर कॉलेज महेशपुर का औचक निरीक्षण किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के अभिलेखों का रखरखाव क्लासों में साफ- सफाई देखा और अध्यनरत बच्चों से मिलकर उनसे कई प्रश्न किए जिसका बच्चों ने भी बखूबी जवाब दिया। विद्यालय की गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था देखकर खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत त्रिपाठी,प्रधानाध्यापक,शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने मोहा मन

● मेधावियों को किया पुरस्कृत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सेंट जोसफ ग्लोरियस पब्लिक स्कूल देवराहर में रविवार को आयोजित वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। मंच पर नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर को 2100 रुपये का चेक प्रदान कर विशेष रूप से उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इसौली समाजवादी विधायक प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान गनीखान, बी.के. बहन जी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तेजिंदर सिंह बग्घा, पी.पी. सिंह, ज्योतिषाचार्य अंजनी तिवारी, प्रबंधक चन्द्रभान यादव, राजकली यादव, अंशुमान यादव एवं प्रधानाध्यापक गौरव यादव सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मोहम्मद रिजवान गनीखान ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि स्कूल चले हम जैसे कार्यक्रम बच्चों और बड़ों दोनों को अपने बचपन की याद दिलाते हैं। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। अतिथियों ने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकाउंटेंट वैभव यादव, शिक्षक शैलेश यादव, ओम कुमार वर्मा, मारुत सिंह, नितिन श्रीवास्तव, मो. अहतेशाम, रामराज, बृजेंद्र यादव, हिमांशु, धर्मराज, सागर, इंद्र कुमार त्रिपाठी, ज्योति पाठक, रागिनी तिवारी, सरोज यादव, निकिता यादव, सारा त्रिपाठी, अफरोज, लक्ष्मी पाशाखा, प्रधानाध्यापक संदीप यादव, संतोष पाल, प्रदीप, विनय शुक्ला, आर्या श्रीवास्तव, अंकिता रंजन, सीमा और शिवानी तिवारी आदि का विशेष योगदान रहा।

# पूर्व नौसैनिकों का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**रायबरेली।** नौसेना दिवस के पावन अवसर पर रायबरेली जनपद के पूर्व नौसैनिकों ने एक यादगार और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। शहर के एक होटल में आयोजित इस समारोह में दर्जनों पूर्व नौसैनिकों ने एकत्र होकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया और नई पीढ़ी को देशसेवा की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय नौसेना की परंपरा के अनुसार केक काटकर की गई। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने मंच पर आकर अपने-अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान भावुक पल भी आए जब कई सैनिकों ने समुद्र में बिताए खतरनाक दिनों और देश की रक्षा में दिए योगदान की कहानियां सुनाईं।

ऑनरेरी लेफ्टिनेंट उमाशंकर ने कहा, जब हम नौसेना में थे तब जहाजों में सुविधाएं सीमित थीं, लेकिन आज की नौसेना अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। जहाज, हथियार, रहन-सहन सब कुछ बेहतर हो गया है। फिर भी सैनिक का जज्बा और देशभक्ति आज भी वैसी ही है जैसी पहले थी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेवल वेटरन धीरेंद्र सिंह, एसजेएस पब्लिक स्कूल के पीआरओ मनोज शर्मा, आरबी सिंह, श्याम भवन सिंह, आबकारी निरीक्षक कुलदीप बहादुर सिंह, बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, आरपी सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के विकल्प श्रीवास्तव, दीपक कुमार मिश्रा, शैलेंद्र दीक्षित, दिलीप कुमार, सत्येंद्र सिंह सहित कई अन्य पूर्व नौसैनिकों ने अपने नौसेना जीवन और रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी के रोचक किस्से सुनाए। कई सैनिकों ने बताया कि नौसेना ने उन्हें अनुशासन, टीमवर्क और मुश्किल हालात में भी हार न मानने की सीख दी, जो आज उनके सिविल जीवन में भी काम आ रही है।

कार्यक्रम में सिर्फ पूर्व सैनिक ही नहीं, उनके परिवार के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों से लेकर पत्नियां तक ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कई परिवारों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से उन्हें अपने परिजनों के बलिदान और गौरव का एहसास होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों और आयोजकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। माहौल में देशभक्ति के नारे और तालियों की गूंज लगी रही। उल्लेखनीय है कि जनपद के वरिष्ठ नौसैनिक धीरेंद्र सिंह की प्रेरणा से संभव हो सका।

## राम को समझने के लिए सत्य, संयम व सनातनी भाव का होना आवश्यक है

**तिलोई, अमेठी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़ेहरी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी उर्फ राजू के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि भगवान राम को समझने के लिये सत्य, संयम एवं सनातनी भाव का होना आवश्यक है ।कथा वाचक ने भक्तों को श्रीमद भागवत कथा प्रसंग के दौरान भगवान राम के चरित्र से अवगत कराया भक्ति गीतों से सराबोर परिसर में कथा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुये कथा वाचक ने कहा कि भागवत कथा लोगों को सदमार्ग पर चलने को प्रेरित करती है। इसके श्रवण मात्र से पापों से मुक्ति मिलने के साथ सत्य कर्म में वृद्धि होती है। कथा प्रस्तुति के दौरान आचार्य ने सूर्य वंश का वर्णन किया ।इस अवसर यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक संतोष तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया ।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी तिलोई आर के कश्यप,राजेंद्र प्रताप सिंह, सोनू सिंह, कामता दीक्षित, अजय मिश्रा, रनबहादुर सिंह,हरि शंकर सिंह,जगदीश उपाध्याय, हरपाल सिंह, गुरुसेवक श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव,बलकरन तिवारी, श्रीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में कथा प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# महाभारत कथा नहीं बल्कि, धर्म, कर्तव्य व सत्य के मार्ग का शाश्वत संदेश है : ऋषि राज




**कूरेभार, सुलतानपुर।** विकास खंड कूरेभार के सलीमपुरग्रंट शुक्लहिया में चल रही श्रीमद्भागवत संगीतमय कथा के 7वें दिन कथाव्यास आचार्य ऋषि राज जी महाराज ने दिव्य प्रसंगों का विस्तृत वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा की शुरूआत भगवान श्रीहरि द्वारा सम्पन्न राज सूर्य यज्ञ के महत्व और उसके आध्यात्मिक फलों के वर्णन से हुई। आचार्य जी ने बताया कि किस प्रकार धर्म की स्थापना और लोककल्याण हेतु इस यज्ञ का आयोजन किया गया था। इसके पश्चात महाराज ने जय-विजय का भावपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए उनके उद्धार, तपस्या और भक्ति मार्ग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान के पार्षदों का कल्याण स्वयं प्रभु की कृपा से ही संभव हुआ, जो भक्त और भगवान के अटूट प्रेम को दशार्ता है। सातवें दिन के मुख्य आकर्षणों में महाभारत की कथा का विस्तृत वर्णन भी शामिल रहा। आचार्य ने धृतराष्ट्र, पांडवों, कौरवों, श्रीकृष्ण की नीति व धर्मयुद्ध के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाभारत केवल युद्ध की कथा नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य और सत्य के मार्ग का शाश्वत संदेश है। कथा के दौरान द्रौपदी चीरहरण, गीता उपदेश और अर्जुन-विषाद योग के प्रेरक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथास्थल पर प्रतिदिन की भांति रविवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य यजमान सीताराम शुक्ला, केडी शुक्ला, बब्बन प्रसाद तिवारी, संतराम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। संगीतमय भजनों और मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। आयोजक ने बताया कि सोमवार को कथा के समापन पर हवन, मंगलवार को भंडारा तथा पूणार्हुति का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

जिला संवाददाता (vol)

● 130 से अधिक पुलिस परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया

**रायबरेली।** वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) द्वारा आयुष मंत्रालय, उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित ह्लवामा वेलनेस कैंपह्व के तहत आज रिजर्व पुलिस लाइन, रायबरेली में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली संजीव कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं एवं अन्य सदस्यों को होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक दवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं।

शिविर में पुलिस परिवार की 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए निःशुल्क पैप स्मीयर एवं मैमोग्राफी जांच के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कूपन कार्ड वितरित किए गए। इन कूपन की वैधता 31 मार्च 2026 तक है। इस सुविधा से 20 महिलाएं लाभान्वित हुईं। कुल मिलाकर शिविर में 130 से अधिक पुलिस परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, मैनेजर दुवे, प्रतिसार निरीक्षक, रिजर्व पुलिस लाइन, डॉ. दीपक कुमार केसरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अनामिका जैसवाल, चिकित्सा अधिकारी (रागिणी), आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, भक्ति संगीत के साथ निकली कलश यात्रा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के माधवपुर छतौना क्षेत्र में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वेद मंत्रों और पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचन का पावन कार्य राष्ट्रीय युवा संत रामानुज श्री वैष्णवाचार्य स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य जी महाराज (श्रीधाम अयोध्या) के मुखारविंद से किया जा रहा है। कलश यात्रा का विधिवत पूजन मुख्य यजमान पं रीता शर्मा, बृजभान शर्मा, नीलेश शर्मा एवं विवेक शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश, श्रीफल धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालु भक्ति रचनाओं पर झूमते हुए आगे बढ़ते नजर आए और पूरे रास्ते जयघोष होता रहा, जिससे वातावरण भक्तिमय संगीत से गूंज उठा। इस मौके पर आशुतोष शर्मा, चंद्रभान शर्मा, अर्थ शर्मा, अंकुर, शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।

## गायत्री परिवार के लोगों को दिया गया संघ साहित्य




**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंचे गायत्री परिवार के लोगों को जिला प्रचारक अजीत के द्वारा संघ साहित्य भेंट किया गया। जिला प्रचारक अजीत ने गायत्री परिवार के लोगों से संघ के शताब्दी वर्ष पर चर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में की थी। संघ कार्य के 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं जिसके चलते आरएसएस ने समाज हित में कई निर्णय लिए हैं। उसी के संदर्भ में वर्तमान समय में घर-घर संपर्क अभियान चल रहा है और लोगों को भारत माता के चित्र के साथ-साथ शताब्दी वर्ष के कार्यों से ओतप्रोत संघ साहित्य भेंट किया जा रहा है। गायत्री परिवार की मुखिया प्रेमा सिंह चैहान ने संघ कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों की वजह से ही भारत में सनातन धर्म और सनातन संस्कृति सुरक्षित है। इस अवसर पर नगर प्रचारक पुष्पम, राजेश सोनी, शीतला गुप्ता, अविनाश आदि संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय में एसआईआर की हुई समीक्षा



**गौरीगंज, अमेठी।** आज जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय रहे। जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा अपने स्वागत उद्बोधन में जनपद की वर्तमान स्थिति एवं एसआईआर अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

प्रदेश महामंत्री संजय राय ने समीक्षा एवं संबोधन के दौरान कहा कि भाजपा का संकल्प है कि पात्र मतदाता का नाम कटने न पाए और अपात्र का नाम जुड़ने न पाए। उन्होंने बताया कि पूर्व में मतदाता सूची में अनेक प्रकार की विकृतियाँ देखी जाती थीं। एक व्यक्ति का कई स्थानों पर नाम होना, विस्थापित अथवा विलोपित व्यक्तियों के नामों का सूची में बने रहना आदि। इस कारण मतदाता सूची प्रभावित होती थी और मतदान प्रतिशत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था ।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत करता है, किंतु विपक्ष इस अभियान को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपासदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है। विपक्ष पर विदेश-प्रभावित विचारधाराओं से देश को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें तथा सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में पूर्ण सहायता प्रदान करें।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी निर्देशित किया कि मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक और त्रुटिरहित बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर सूची का अध्ययन कर दावे एवं आपत्तियाँ समय से प्रस्तुत करें, इसके लिए भी विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई।

समीक्षा बैठक के उपरांत प्रदेश महामंत्री संजय राय ने गौरीगंज विधानसभा के काशी सुरपुर क्षेत्र के एक बूथ का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद उन्होंने अमेठी विधानसभा के कतरा महारानी क्षेत्र के दो बूथों का निरीक्षण कर वहां भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, भाजपा पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, जिला उपाध्यक्ष भागीरथी मौर्य, जिला महामंत्री केशव सिंह, प्रभात शुक्ला, अतुल सिंह, जिला मंत्री मनोज जायसवाल, राजीव शुक्ला, संतोष द्विवेदी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डेवलपिंग लाइब्रेरी इंटरनेशनल सेमिनार में डॉ. राजेश पांडेय ने रखे विचार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुणे, महाराष्ट्र में डेवलपिंग लाइब्रेरी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कमला नेहरू संस्थान की ओर से डॉ. राजेश पांडेय, उप-पुस्तकालयाध्यक्ष ने प्रतिभाग कर जिले का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय सेमिनार में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने आधुनिक पुस्तकालय प्रबंधन, डिजिटलाइजेशन और पढ़ने की संस्कृति को गाँव तक पहुँचाने पर अपने विचार साझा किए। अपने प्रभावी वक्तव्य में डॉ. पांडेय ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान मात्र एक शिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि पूज्य बाबू केदारनाथ सिंह का साकार हुआ स्वप्न है, जिन्होंने 1972 में संस्थान की स्थापना हर हाथ को काम और हर युवा को उच्चस्तरीय शिक्षा के संकल्प के साथ की थी। उन्होंने कहा कि संस्थापक केवल स्वप्नदर्शी ही नहीं, बल्कि उन्हें पूर्ण करने वाले महान दूरदर्शी व्यक्ति थे। डॉ. पांडेय ने वर्तमान प्रबंधक एवं विधायक विनोद सिंह, संस्थान के प्राचार्य तथा संपूर्ण शिक्षक-कर्मचारी दल को धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मंच पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सेमिनार में पुस्तकालय सेवाओं को अंतिम गाँव तक पहुँचाने और जनता में पढ़ने की रुचि बढ़ाने के लिए कई उपयोगी सुझाव मिले, जिन्हें संस्थान में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। सेमिनार के दौरान 4 दिसंबर को आईआईटी पुणे की निदेशक एवं पुस्तकालय निदेशिका डॉ. अनीता देशपांडेय ने उन्हें पुस्तकालय भ्रमण हेतु आमंत्रित किया तथा पुस्तकालय उन्नयन पर विस्तृत चर्चा कर सम्मानित भी किया।

संक्षेप

## बैठक में पूर्व सैनिकों ने रखे विचार

**फिरोजाबाद।** भारतीय पूर्व सैनिक लीग की कार्यकारिणी की मासिक बैठक सूबेदार मेजर मानद लेफ्टिनेंट रामवीर सिंह की अध्यक्षता में शिकोहाबाद स्टेशन रोड स्थित होटल रस-वेदा में संपन्न हुई। बैठक के दौरान एक अट्ठारह सूत्रीय सुझाव पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ अनेक मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इसमें सभी ने पूर्व में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कार्यालय में पूर्व सैनिकों के सालों से समस्याओ के निपटान पर कोई भी प्रगति नहीं हुई है। पूर्व सैनिकों के भूमि विवाद खासकर जसराना तहसील में अनेक सैनिक सालों से परेशान हैं। इसके अतिरिक्त जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिए भूमि आवंटन पर लीग के प्रयास से अब मामला अंतिम चरण में है। बैठक में कैप्टन रवींद्र सिंह, कैप्टन रामनरेश, शेर सिंह, मदन गोपाल, राजेंद्र सिंह, वाई एन यादव, नरेश चंद्र, राजेश कुमार, ओमकार सिंह, दिनेश कुमार, सुनील कुमार हवलदार संनेष, नरेन्द्र सिंह, राम सनेश, दया प्रकाश, सोपान, दयाराम, दया प्रकाश, नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## बैटरी रिक्शा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के छीतेपट्टी बाजार में रविवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बिरसिंहपुर निवासी 49 वर्षीय रामजीत निषाद अपनी बाइक से दोस्तपुर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह छीतेपट्टी बाजार के पास पहुँचे, तभी सामने से रॉन्ग साइड आ रहे एक बैटरी रिक्शा ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बैटरी रिक्शा चालक तेज रफ्तार में था और उसके नशे में होने का संदेह है। स्थानीय लोगों के मुताबिक चालक शराब के नशे में था, जिस कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामजीत निषाद का पैर दो हिस्सों में टूट गया और वे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहाँ डॉ. नौशाद ने प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल अंबेडकर नगर रेफर कर दिया। इधर हादसे के बाद बैटरी रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने के साथ-साथ नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** जिले के चांदा क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर उसकी हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि चांदा थाना क्षेत्र के साढ़ापुर गांव निवासी अमन यादव (24) को शनिवार की रात पड़ोस के गांव सफीपुर के रहने वाले कुछ अराजक तत्व मारपीट कर जबरन कार में बैठकर कहीं ले गये और फिर उसकी हत्या कर दी। एसपी ने रविवार को बताया कि अमन का शव रविवार को इब्राहिमपुर पुल के पास मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अब हर लेबर मंडी बनेगी डिजिटल

## मजदूरों को काम मिलेगा मोबाइल पर

**गोरखपुर।** शहर में श्रमिकों के लिए एक नई डिजिटल पहल की शुरूआत की गई है। अद्भुत कंस्ट्रक्शन ने पारंपरिक लेबर मंडी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने की घोषणा की है, जिससे मजदूरों को अब काम के लिए रोज चौराहों और लेबर मंडियों में खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी द्वारा तैयार किए गए मोबाइल ऐप के माध्यम से राज मिस्त्री, सामान्य मजदूर, लाइट लेबर, फिनिशिंग मिस्त्री, गड्ढा खोदने वाले श्रमिक सहित अन्य कुशल और अकुशल मजदूर अपनी योग्यता (स्किल) को ऐप पर दर्ज कर सकेंगे। जैसे ही संबंधित काम उपलब्ध होगा, श्रमिकों को सीधे उनके मोबाइल पर सूचना मिल जाएगी। कंपनी के अनुसार, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ठेकेदार, इंजीनियर और मजदूर—तीनों को एक ही जगह जोड़ा जाएगा, जिससे काम दिलाने की प्रक्रिया पारदर्शी और तेज होगी। पोस्टर के मुताबिक यह योजना मजदूरों की

- यह योजना मजदूरों की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है

सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। अद्भुत कंस्ट्रक्शन का दावा है कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से केवल मजदूरी से जुड़ी सेवाएं ही नहीं, बल्कि बिल्डिंग मटेरियल, सेंटरिंग, स्कैफोल्डिंग, प्लाई, हार्डवेयर, ट्रांसपोर्ट, जेसीबी और लेबर मैनेजमेंट जैसी सुविधाएं भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को बड़ी सहूलियत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यह नई पहल मजदूरों को तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें बेहतर अवसर और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

## तेज रफ्तार कार मकान में घुसी

**इटावा।** सैफई हवाई पट्टी रोड पर उझियानी गांव में शनिवार देर रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। रात करीब 11 बजे एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलटकर चारों पहियों के बल ऊपर की ओर उलटी मकान की दीवार में अटक गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो सामने आया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्घटना के समय कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रही होगी। कार में दो युवक सवार थे, जो हादसे में मामूली रूप से घायल हुए। ग्रामीणों की सहायता से दोनों को तुरंत सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय भेजा गया। हादसे के बाद कई देर तक उनकी हालत की जानकारी जुटाने के लिए भीड़ लगी रही। मकान मालिक ने बताया कि जोरदार टक्कर से घर के बाहर तेज धमाका हुआ, जब बाहर निकलकर देखा तो समझ नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है, यह कार उल्टी खड़ी होकर घर बाहर खड़ी थी।

## ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे में दरोगा गंभीर घायल

**इटावा।** चकरनगर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रहे दरोगा गंभीर रूप घायल हो गए। हादसे में दरोगा के चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

चकरनगर थाने में तैनात दरोगा बृजेश सिंह गौर रविवार दोपहर लगभग 1 बजे हीरो होंडा मोटरसाइकिल से क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकले थे। जैसे ही वह चकरनगर से पुरी रोड की ओर बढ़ रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। देखते ही देखते दरोगा सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल ऑटो रिक्शा की मदद से घायल दरोगा को राजपुर सीएचसी पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया है, हालांकि उनकी हालत स्थिर बताई गई है। इमरजेंसी विभाग में तैनात डॉक्टर ओम राजपूत ने बताया कि घायल अवस्था में दरोगा को पुलिस कर्मियों द्वारा लाया गया था। उनके चेहरे एवं शरीर पर कई गंभीर चोटें हैं और पैर में फ्रैक्चर होने की आशंका जताई जा रही है। चेकअप और एक्स-रे रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घायल दरोगा बृजेश सिंह गौर ने बताया कि वह पिछले डेढ़ वर्ष से चकरनगर थाने में तैनात हैं और मूल रूप से हमीरपुर जिले के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि रोज की तरह वे क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान सामने से आ रहे नाबालिग बाइक सवार किशोर को बचाने के प्रयास में हादसा हुआ। बाइक अनियंत्रित होते ही सड़क पर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## आज चार घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**जसवंतनगर, इटावा।** एसडीओ आनंद पाल सिंह ने जानकारी दी कि नगरीय उपकेंद्र से पोषित कोल्ड-2 फीडर के विभक्तिकरण कार्य के चलते आज 8 दिसंबर को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान केस्त गांव और हाईवे किनारे सागर होटल तक सप्लाई बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा पर खेद जताया है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**टूंडला।** प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। मेहनत एवं लगन से की गई पढ़ाई ही बच्चों को उनकी सफलता के मुकाम तक पहुंचाती है। यह बात खंड विकास अधिकारी प्रभात रंजन व बसई मोहम्मदपुर प्रधान निहारिका वर्मा ने आदित्य उत्तम विद्यालय गदलपुरा में समाज कल्याण विकास सेवा समिति द्वारा आयोजित हाईस्कूल स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावियों को सम्मानित करते हुए कही। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रभात रंजन ने दीप प्रज्वलित किया। प्रतियोगिता में 95 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कल्पना को प्रथम पुरस्कार साइकिल, निधि को द्वितीय पुरस्कार सिलाई मशीन व नेहा वर्मा को तृतीय पुरस्कार तूफानी पंखा दिया गया। शिवानी को चतुर्थ पुरस्कार प्रेस प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र सिंह मझवार एवं संचालन नारायण शास्त्री ने किया। इस अवसर पर योगेश उपाध्याय ब्रजेश कुमार, रामनिवास प्रमोद कुमार सीमा वर्मा, सुनील कुमार रामवीर सिंह सत्यार्थी आदि के अलावा ग्रामीण व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## 900 ग्राम गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत थाना सिरसागंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने एक शातिर अपराधी छोटे उर्फ छुटईया को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में की गई चेकिंग के दौरान अभियुक्त छोटे उर्फ छुटईया पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर अभियुक्त छोटे उर्फ छुटईया के विरुद्ध थाना सिरसागंज मे एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त छोटे उर्फ छुटईया एक शातिर अपराधी है, जिसका आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके विरुद्ध फिरोजाबाद के विभिन्न थानों में पहले से ही कई गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने बताया हमारी टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इस अपराधी को अवैध गांजे के साथ पकड़ा गया है। इसका लंबा आपराधिक इतिहास है, जिसमें एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के मामले भी शामिल हैं। हम मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराधों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नार्थ ईस्ट एक्स. में धुंआ उठने से यात्रियों में हड़कंप

**टूंडला।** नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कोच संख्या एस 3 में आग भुजाने का यंत्र अचानक तेज आवाज किया और इस मे से धुआँ निकलने लगा और कोच के फर्श पर आटा जैसा फैल गया। गनीमत रही कि कोच के किसी भी रेलयात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ। गाड़ी संख्या 12506 डाउन नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 6 पर समय 10:15 बजे आकर टूंडला स्टेशन रुकी। गाड़ी खड़ी होने के दौरान अचानक कोच संख्या एसथ्री से धुंआ जैसा निकलता दिखाई दिया तो सीसीटीवी ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल भारद्वाज मीणा द्वारा तुरंत प्लेटफॉर्म पर क्यूआरटी टीम को सूचना दी। जिस पर सहायक उपनिरीक्षक ओमवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक मुकेश उपाध्याय, उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और रेलयात्री मनीष व मोहित सीट नंबर 78 व 80 ने बताया कि यह आग भुजाने का यंत्र अचानक तेज आवाज किया और इस मे से धुआँ निकलने लगा और कोच के फर्श पर आटा जैसा फैल गया। कोच के किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस दौरान गाड़ी प्लेट नंबर 6 से 10:33 बजे सकुशल रवाना किया।

## नर-नारी का संतुलित समन्वय ही मानव जाति का भविष्य करेगा उज्ज्वल : डॉ.सुधाकर सिंह

**अमेठी।** नर नारी का संतुलित समन्वय ही मानव जाति का भविष्य उज्जवल करेगा, असंतुलन दूर होना ही चाहिए। पिछड़ता हुआ पुरुष भी आज नहीं तो कल आत्मग्लानि अनुभव करेगा और कुमार्ग गामिता छोड़कर वह रीति-नीति अपनाएगा जिसके आधार पर नर नारी दोनों ही भगवान की दाई- बाई भुजा के रूप में पारस्परिक सहयोग और सद्भाव का परिचय देते हुए सुखी समाज का सृजन कर सकें। उक्त उक्त बातें नारी जागरण की गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर आयोजित नारी जागरण जनपदीय कार्यकर्ता बैठक में बताते हुए सुल्तानपुर के बाल चिकित्सक जिला समन्वयक डॉक्टर सुधाकर सिंह ने नारी शक्ति को आगे बढ़कर स्वयं दूसरों के लिए अपना उदाहरण प्रस्तुत करने का निवेदन किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में नारी जागरण जनपदीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर दराज से आई नारी शक्तियों ने गायत्री परिवार के साथ समाज में आगे बढ़कर विकास की नई आधारशिला रखने के लिए उत्साहित हुई। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ उप्र प्रतिनिधि प्रभाकर सक्सेना ने कहा कि न्याय, औचित्य और स्वतंत्रता का समर्थन करने वाले मानवी आदर्श को मान्यता देने वाले उन्नत लोगों की पंक्ति में हमें खड़ा होना चाहिए और इस बात का प्रयत्न करना चाहिए कि नारी घर के उत्तरदायित्व को संभाले पर उतने ही क्षेत्र में न रहे। समाज की बिगड़ी दशा को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके। जिला समन्वयक डा त्रिवेणी सिंह ने कहा कि मानव जाति की आधी शक्ति की मूर्छित आत्मा को जागने का पाठ परम पूज्य गुरुदेव व वन्दनीया माता जी ने प्रशस्त किया है। समूची मानव जाति को इस प्रगतिशील कदम का लाभ मिलेगा प्रगतिशील, शिक्षित, प्रबुद्ध नारियां आगे आएं और समाज की बिगड़ी दशा को सुधारने में अपना योगदान दें। साथ ही उपस्थित बहिनों को पूर्व डीएचओ डॉ. चन्द्रा वती सिंह व डा विजय लक्ष्मी सिंह व सरिता सिंह ने परम पूज्य गुरुदेव का साहित्य और मंत्र पट्टिका से सम्मानित किया। कार्यक्रम में परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा ने युग निर्माण के गीत प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया तथा अपने घर पर देवस्थान निर्धारण बलिवैश्व यज्ञ संस्कार परंपरा संचालन पर विशेष उद्बोधन दिया।

# डॉ. भीमराव की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनायी गयी



**इटावा।** ग्राम खादर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर पुष्प माला पहना कर समान किया, प्रदेश उपाध्यक्ष नरसेन्द्र यादव ओबीसी वर्ग ने कहा परिनिर्वाण शब्द बौद्ध परंपराओं से जुड़ा है यह उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसने अपने जीवन काल में और मृत्यु के बाद परिनिर्वाण प्राप्त किया है। ग्राम खादर के लोगों को बताया डॉ. अनिल कुमार ने कहा ने कहा 6 दिसंबर को समाज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की उपलब्धियां के लिए उनके अथाह योगदान की स्मृति में मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि हमें हर समस्या का सामना करते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करनी चाहिए व्यक्ति अपनी योग्यता एवं क्षमता से उच्च स्थान एवं सम्मान प्राप्त करता है। इस अवसर पर अंकित कुमार, हरगोविंद यादव, अभिनंदन, देव सिंह, अश्वनी, आकाश आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी की मौत के मामले में महिला सिपाही पर केस दर्ज

**जालौन।** जिले केकुठौंद थाना प्रभारी की संदिग्ध हालात में खुद उनकी ही सर्विस रिवाल्वर से चली गोली के लगने से हुई मौत के मामले में एक महिला सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुठौंद थाने के प्रभारी अरुण कुमार राय की पिछली पांच दिसंबर की रात को अपनी सर्विस रिवॉल्वर से चली गोली लगने से मौत हो गयी थी। घटना के बाद अपने गृह जनपद संत कबीर नगर से परिजन के साथ आयी राय की पत्नी माया ने सिपाही मीनाक्षी शर्मा पर अपने पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक कुमार ने बताया कि इस मामले में सिपाही मीनाक्षी के खिलाफ शनिवार को हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज करके उसे हिरासत में ले लिया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

# कड़कड़ाती ठंड में भी गोमती मित्रों ने की गोमती तट की सफाई



जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** कड़ाके की ठंड ने भले ही लोगों की दिनचर्या प्रभावित करनी शुरू कर दी हो, लेकिन गोमती की स्वच्छता को समर्पित गोमती मित्रों के साप्ताहिक श्रमदान पर मौसम का कोई असर दिखाई नहीं दिया। रविवार को अचानक बढ़ी ठंड के बावजूद सुबह 06:30 बजे सभी गोमती मित्र सीताकुंड धाम पहुँचकर पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ साफ-सफाई में जुट गए।

तीन घंटे की अथक मेहनत के दौरान गोमती मित्रों ने पूरे धाम परिसर, तट क्षेत्र और नदी के भीतर तक जमा कचरा व अवरोधक सामग्री निकालकर एक किनारे कर दी, जिससे जलधारा का प्रवाह सुचारू किया जा सके।

श्रमदान पूरा होने के बाद शाम को होने वाली मां गोमती की आरती और अन्य तैयारियों में भी सभी ने सहयोग दिया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि गोमती की रक्षा और स्वच्छता के लिए समर्पण ही सबसे बड़ा संकल्प है। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, डॉ. कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अजीत शर्मा, ओम प्रकाश कसौधन, मुन्ना सोनी, रामू सोनी, सच्चिदानंद सिंह सोनू, अर्जुन यादव, अरुण अग्रहरी, अभय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## रूसी राष्ट्रपति को आगरा निर्मित शतरंज का सेट दिये जाने से कारीगर उत्साहित

**आगरा।** भारत के दौरे पर हाल में आये रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगरा निर्मित शतरंज (चेस) का सेट तोहफे में दिये जाने से ताज नगरी के कारीगर और शिल्पकार बेहद खुश हैं। शतरंज का यह सेट संगमरमर का बना था और उसमें खूबसूरत नक्काशी और पच्चीकारी से घिरी बिसात बनायी गयी थी। ताज नगरी के हस्तशिल्पी अदनान शेख ने रविवार को बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी को इस बात के लिये धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने सदियों पुरानी आगरा की हस्तकला का ध्यान रखा, आज पूरी दुनिया में आगरा में बने शतरंज सेट की चर्चा हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शिल्पकारों के हाथ से बना शतरंज का सेट देने से दुनिया में आगरा की हस्तशिल्प कला के कद्रदान बढ़ जायेंगे और संगमरमर निर्मित सेट एक बार फिर लोगों के नजरों में आयेगा। उम्मीद है कि इससे दुनिया भर में हस्तकला वाली वस्तुओं की मांग बढ़ जाएगी। कारोबारी आयुष गुप्ता ने बताया कि आगरा में करीब पांच हजार कारीगर और व्यापारी हस्तकला से जुड़े हैं और सालाना इसका करोड़ों रुपए का कारोबार है। रूसी राष्ट्रपति को आगरा के कारीगरों द्वारा बनाया गया शतरंज सेट भेंट किये जाने से कारीगर खासे उत्साहित हैं। गुप्ता ने कहा कि वह अपने शोरूम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पुतिन को शतरंज सेट भेंट किए जाने का फोटो भी लगाएंगे और रूस से आने वाले पर्यटकों को भी बताएंगे कि पुतिन को तोहफे में दिया गया शतरंज आगरा में बना है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चार दिसंबर को भारत के दौरे पर आये थे और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई तोहफे भेंट किये थे, इनमें आगरा का बना शतरंज का सेट भी शामिल था।

## तनावमुक्त जीवन पर शिक्षकों ने रखे विचार




**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** साहित्य संगीत कला को समर्पित संस्था शब्दम् संस्था ने तनाव मुक्त जीवन और श्रीमद भगवत गीता विषय पर आचार्य ने अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वक्ता आचार्य डॉ. ध्रुवेन्द्र भदौरिया ने गीता के माध्यम से तनाव से मुक्ति कैसे पाए विषय पर प्रकाश डाला। गीता के विभिन्न अध्यायों के श्लोकों के माध्यम से तनाव मुक्त जीवन के लिए सूत्र बताए। आचार्य ने बताया कि गीता का मूल सिद्धान्त समता है, समता ही योग है। जिसके जीवन में समता आ जाती है उसके मन में काम, क्रोध, भय, लोभ, शोक आदि विकार नहीं रहते और वह तनाव मुक्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि सात्विक आहार, सात्विक व्यवहार और सात्विक स्वाध्याय जीवन को तनाव मुक्त कर देता है। शब्दम्‌की अध्यक्ष किरण बजाज ने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि किस प्रकार से मुनष्य को रहना चाहिए और अपने कर्म की तरफ ध्यान देना चाहिए और फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। अगर से सभी लोग गीता के सिद्धांत को अपने जीवन में अपना लें तो सारी समस्या का समाधान खुद ही हो जाएगा। गीता ने जीवन जीने का पूरा सार मौजूद है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में दिए उपदेश के माध्यम से अर्जुन को पूरा ज्ञान दिया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन दीपक औहरी ने दिया। कार्यक्रम में अरविन्द तिवारी, डॉ राम प्रकाश गुप्ता, पुष्कर तिवारी, डॉ. समीर विश्वास, सुनील राजपूत, शोभित गुप्ता, आशीष यादव, डॉ. टी.एन. यादव, विनीत बसंत, डॉ. संत शोभित भारद्वाज, डॉ. भावना दुबे, रितु अग्रवाल, विकास गुप्ता, अनिकेत चौहान, रश्मि सिंह, सतीश कुमार समर्थ, प्रिंयम, मधु शुक्ला, कीर्ति शुक्ला, डॉ. आश मुहम्मद, रविन्द्र सिंह, अनिल पालीवाल, स्नेहलता, सिल्पा श्रीवास्तव, डॉ. अजय, सौरभ चंदेल, संतोष यादव, भूपेन्द्र सिंह, राजीव प्रताप सिंह, मोहित जादोंन, प्रीती औहरी आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक

**इटावा।** थाना सैफई पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम भागीपुर में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरण किया गया व हेल्पलाइन, साइबर क्राइम नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में जानकारी दी। इस दौरान उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इन योजनाओं का लाभ अपने और परिवार के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाने एवं हेल्पलाइन नंबर और योजनाओं की जानकारी परिवार और दोस्तों के साथ साझा करने। छात्र, छात्राओं को पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने। सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और सीखी हुई जानकारी परिवार व यातायात दोस्तों से साझा करें।

## 51 महिलाओं ने पाए निशुल्क गैस कनेक्शन

**चकरनगर, इटावा।** केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के अंतर्गत चकरनगर इंडेन गैस सर्विस के डीलर वरुण पांडेय ने शनिवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न दूर-दराज गांव से पहुंची महिलाओं को कनेक्शन वितरण किए। बीहड़ांचल क्षेत्र की चूल्हा जलाने वाली महिलाएं गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश दिखाई दीं। इस मौके पर महिला मीरा देवी आदि ने बताया कि चूल्हा फूंकते-फूंकते आंखे फूटी जा रहीं थी, जिससे अब प्रधानमंत्री मोदी ने निजात दिला दी। बताते चलें कि उक्त एजेंसी पर शुक्रवार को भी 51 महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरण किए गए थे और आगे भी कनेक्शन वितरण किए जायेंगे। निशुल्क गैस कनेक्शन पाकर क्षेत्र की महिलाओं में खुशी का माहौल है।

# परशुराम सेवा समिति की बैठक संपन्न




जिला संवाददाता (vol)

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक रविवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में संपन्न हुयी स बैठक की अध्यक्षता परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी ने किया स बैठक में वर्ष 2026 की सदस्यता पर एवं संगठन की आगे की गतिविधियों पर चर्चा की गयी इसके साथ ही सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया गया स बैठक में सर्व सम्मति से गोपाल जी मिश्रा को सदस्यता प्रभारी बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि वर्ष 2026 की सदस्यता सक्रिय रूप से चलाने के लिए गाँव स्तर पर सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा स बैठक में निर्णय लिया गया कि अक्षय तृतीया पर परशुराम जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित की जायेगी आगे चलकर परशुराम मन्दिर बनाया जायेगा। बैठक में संरक्षक हरिप्रकाश चैधरी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट, प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश मंत्री मुकेश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल प्रकाश दीक्षित, प्रदेश संगठन मंत्री अनिल चैधरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल

**हापुड़।** जिले के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के डिवाइडर पार कर एसयूवी कार से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बाबूगढ़ क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार देर रात एक कार मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ तेज रफ्तार से जा रही थी, तभी शिवा ढाबे के पास वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर सामने से आ रही एसयूवी कार में जा घुसी। थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान शाकिब (17) और मौज्जम (22) के रूप में हुई है, जबकि गुलज़ार, मुजीब और इसरार को इलाज के लिए मेरठ के एक अस्पताल में रेफर किया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## पेंशन बचाओ मंच फिरोजाबाद ने पेंशन शहादत दिवस के रूप में मनाया

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान पर रविवार को पेंशन बचाओ मंच फिरोजाबाद द्वारा पेंशन शहादत दिवस के रूप में मनाया गया इसमें संघ के बैनर तले नारायण इण्टर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया इस दौरान पेंशन विहीन साथियों द्वारा डॉ रामाशीष जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज द्वारा सभी साथियों को संकल्प दिलाया गया कि डॉ राम आशीष का अन्तिम सपना पुरानी पेंशन बहाल करा कर ही दम लेंगे इसके लिए हम सबको चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े चुकाने को तैयार हैं। मण्डल अध्यक्ष डा० राधवेद्र सिंह ने कहा की पुरानी पेंशन डा०रामाशीष का अंतिम सपना था हम सबका कर्तव्य है कि इसे पूर्ण कराने में सहयोग करें। डा० सहदेव सिंह चौहान ने कहा हम सभी को मिलकर विजय कुमार बंधु जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए जिससे पुरानी पेंशन को बहाल कराया जा सके। अंत में सभी शिक्षकों के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण करते हुए रामाशीष जी की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई इस दौरान गौरीशंकर बिन्द, हरीश यादव, चन्दन यादव, विकास यादव, सुधीर यादव, सुमन पांडे डा०मदालसा त्रिपाठी मेघा अग्रवाल अविनाश यादव, विमल यादव, विपिन चन्द्र दयाशंकर सिंह रविंद्र प्रसाद मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कामधेनु लिमिटेड करेगी अपनी उपस्थिति को और मजबूत

नोएडा। कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को 15% और बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। हम सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाती है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है। कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मजबूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं।

## सौर कृषि पंप स्थापित कर महाराष्ट्र ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने मात्र 30 दिनों में 45,911 ऑफ-ग्रिड सौर कृषि पंपों की सफल स्थापना कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस ऐतिहासिक पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि महाराष्ट्र को भारत का सबसे तेजी से सौर कृषि प्रणालियाँ लागू करने वाला राज्य बनाती है तथा एक ही प्रशासनिक क्षेत्र द्वारा सौर पंप स्थापना के पैमाने और गति के मामले में विश्व स्तर पर चीन के बाद दूसरा स्थान दिलाती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और उनके परिवर्तनकारी पीएम-कुसुम पहल के तहत, महाराष्ट्र ने स्वच्छ और किसान-केंद्रित सिंचाई की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं।

## एडिडास ने किया ऑल न्यू टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 जर्सी का अनावरण

बंगलुरु। एडिडास ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया के साथ साझेदारी में ऑल-न्यू टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 जर्सी का अनावरण किया है। यह जर्सी सबसे पहले इस स्टेडियम में मौजूद लोगों ने देखी, जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के वन डे इंटरनेशनल मैच में नाटकीय रूप से अपने असली आकार में यह जर्सी पेश की गई। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट के साथ पूरा स्टेडियम जश्न के माहौल में डूब गया था। एडिडास हमारे क्रिकेटर्स को विश्वस्तर का परफॉर्मेंस गियर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हर जर्सी उस खिलाड़ी या फैन की कहानी कहती है, जो इसे पहनता है। हर जर्सी एक विरासत प्रदर्शित करती है। बीसीसीआई के साथ हमें भारतीय क्रिकेट फैंस के बीच इस जर्सी का अनावरण करने की खुशी है। हम चाहते हैं कि आगामी टूर्नामेंट्स, खासकर वर्ल्ड कप में देश इन रंगों को गर्व के साथ पहने।

## वित्तपोषण रोकने को कोई परामर्श जारी नहीं

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने रविवार को साफ किया कि उसने वित्तीय संस्थानों को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाइयों को ऋण देना रोकने के लिए कोई परामर्श जारी नहीं किया है। मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह कहा। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बीच आया जिनमें कहा जा रहा था कि एमएनआरई ने अत्यधिक क्षमता की चिंताओं के मद्देनजर ऋणदाताओं को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए नई वित्त सहायता रोकने की सलाह जारी की है। मंत्रालय ने बयान में कहा, यहां स्पष्ट किया जाता है कि एमएनआरई ने वित्तीय संस्थानों को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण संयंत्रों को ऋण देना रोकने के लिए कोई परामर्श जारी नहीं किया है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि मंत्रालय ने ने वित्तीय सेवा विभाग और पीएफसी, आरईसी तथा आईआरईडीए जैसे एनबीएफसी को सौर पीवी विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में वर्तमान स्थापित घरेलू क्षमताओं के बारे में बताया है।

# एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर संबंधी फैसला इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के रूझान तय करने वाला प्रमुख कारक होगा। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक गतिविधियां और विदेशी निवेशकों का रुख भी बाजार की भावना को प्रभावित करेगा।

पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में सुस्ती रही, जहां प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिना किसी खास बदलाव के बंद हुए। इस सप्ताह बाजार 12 दिसंबर को आने वाले भारत के सीपीआई आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर ध्यान रहेगा, जो उभरते बाजारों की जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकता है। निवेशक रुपये की चाल पर भी नजर रखेंगे, जो पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले 90 के स्तर से नीचे चली गई थी। निवेशकों का ध्यान अब पूरी तरह 910 दिसंबर 2025 को होने वाली अमेरिकन फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर है। एफओएमसी के फैसले के साथ ही प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। नौ दिसंबर को जारी होने वाले अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों से अमेरिकी श्रम बाजार के बारे में पता चलेगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स ने 5.7 अंक की मामूली बढ़त दर्ज की, जबकि एनएसई निफ्टी 16.5 अंक गिरा।

# दिसंबर के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 11820 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। इस महीने के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है।

नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये की लिवाली की थी, जिससे तीन महीने की भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा। सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार इस महीने के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इक्विटी से 11,820 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। इससे 2025 में कुल निकासी 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गई। विश्लेषकों के अनुसार ताजा बिकवाली का मुख्य कारण मुद्रा संबंधी चिंताएं हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इस साल रुपया करीब पांच प्रतिशत कमजोर हुआ है, जिस वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि एफपीआई की निकासी के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की मजबूत खरीदारी से बाजार को सहारा मिला। इसी अवधि में डीआईआई ने 19,783 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## कोकिंग कोयले का आयात बढ़ा

नयी दिल्ली। अक्टूबर में कोयला आयात में मिश्रित रुझान देखा गया, जिसमें सामान्य कोयले के आयात में गिरावट आई जबकि कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि हुई।

कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रही। वहीं, कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो गया। यह बढ़ोतरी मुख्यतः इस्पात उद्योग द्वारा सर्दियों में भंडारण बढ़ाने की गतिविधियों के कारण हुई। कोकिंग कोयला इस्पात उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। अक्टूबर में कुल कोयला आयात 3.9 प्रतिशत घटकर 2.09 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 2.18 करोड़ टन था। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, इस्पात निर्माता आमतौर पर सर्दियों से पहले कोकिंग कोयले की खरीद बढ़ाते हैं, ताकि सर्दियों में उत्पादन निर्बाध रूप से जारी रह सके, जब परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में संभावित बाधाएं रहती हैं। इसी मौसमी मांग के कारण, सामान्य कोयले के आयात में धीमापन के बावजूद कोकिंग कोयले के आयात में वृद्धि देखी गई। कुल कोयला आयात में गिरावट का मुख्य कारण घरेलू बाजार में कोयले की अधिक उपलब्धता रहा। कोकिंग कोयले के आयात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अक्टूबर में 45 करोड़ टन से बढ़कर 50.4 लाख टन हो गया। इस वृद्धि का मुख्य कारण इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों में भंडारण करने की गतिविधियां रही।

## कंपनियों की पूंजी 72285 करोड़ रुपये बढ़ी



नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ।

इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और एलआईसी में गिरावट हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स महज 5.7 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 16.5 अंक गिरा। इस दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 35,909.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,71,862.37 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 23,404.55 करोड़ रुपये बढ़कर 6,71,366.53 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,720.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,52,396.39 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 3,791.9 करोड़ रुपये बढ़कर 12,01,832.74 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 35,116.76 करोड़ रुपये घटकर 20,85,218.71 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

## इंडिगो ने अब तक 610 करोड़ के रिफंड की प्रक्रिया पूरी की: सरकार

मुंबई। इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है और शनिवार तक 3,000 नग सामान यात्रियों तक पहुंचा दिया गया है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि देश का विमानन नेटवर्क तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और परिचालन पूरी तरह स्थिर होने तक सभी सुधारात्मक कदम लागू रहेंगे।

सरकार ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया था कि रद्द उड़ानों से संबंधित टिकटों का रिफंड रविवार शाम तक पूरा किया जाए और यात्रियों के छूटे हुए सामान को अगले 48 घंटे के भीतर उन तक पहुंचाया जाए। मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के हालिया परिचालन संकट के कारण उत्पन्न व्यवधान को दूर करने के लिए तेज और प्रभावी कदम उठाए गए हैं, ताकि यात्रियों को आगे कोई असुविधा न हो। इंडिगो अब तक 610 करोड़ रुपये का रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर चुका है। रद्द उड़ानों से प्रभावित यात्रियों के यात्रा पुनर्निर्धारण में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की सहायता के लिए विशेष सहायता केंद्र बनाए गए हैं, ताकि रिफंड और दोबारा बुकिंग से जुड़े मुद्दों का त्वरित समाधान हो सके। देशभर में हवाई सेवाएं तेजी से सामान्य हो रही हैं।

# सरसों तेल-तिलहन में गिरावट, पाम-पामोलीन में सुधार



नयी दिल्ली। बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में जाड़े तथा शादी विवाह के मौसम की मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर ऊंचे दाम के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बड़ी मिलों के पास सरसों का पर्याप्त स्टॉक है और वे विभिन्न रास्तों से सरसों के दाम में तेजी लाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन सरसों के दाम ऊंचा होने की वजह से इसकी लिवाली प्रभावित है जिसके कारण बीते सप्ताह अपने पूर्व सप्ताहांत के मुकाबले सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि कई तेल समीक्षकों को सरसों के भाव की तेजी को लेकर चिंता जताते पाया जा सकता है लेकिन उन्हें सोयाबीन डीगम तेल के लागत से कम दाम पर बिकवाली की चिंता व्यक्त करते नहीं पाया जाता है जिसकी वजह से तेल-तिलहन उद्योग की पूरी कारोबारी धारणा प्रभावित हो रही है। सूत्रों ने कहा कि इन समीक्षकों को सोयाबीन का आयात घटने की तो चिंता हो रही है लेकिन आयात क्यों घटा है, इस बात की जानकारी सामने नहीं आती। उन्होंने कहा कि कुछ आयातकों के द्वारा बैंकों का कर्ज लौटाने की जल्दबाजी और बैंकों में अपना ज्ण साखपत्र (एलसी) प्रचलन में रखने के लिए काफी लंबे समय से लागत से 6-7 प्रतिशत नीचे दाम पर सोयाबीन डीगम तेल की बिक्री की जा रही है। लंबे समय से जारी घाटे के इस कारोबार की स्थिति को देखते हुए बाकी आयातकों ने आयात की मात्रा को घटाना शुरु कर दिया है। सोयाबीन का हाजिर दाम एमएसपी से लगभग 15-16 प्रतिशत नीचे चल रहा है। आयात कम होने के साथ सस्ता होने और शादी विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल-तिलहन में बीते सप्ताह सुधार आया है। सूत्रों ने कहा कि मलेशिया में सट्टेबाजी के कारण बीते सप्ताह पाम-पामोलीन के दाम में भी सुधार दिखा। सट्टेबाज पाम-पामोलीन का दाम कभी घटाते हैं कभी बढ़ाते हैं। इन अनिश्चितता को देखते हुए देश में तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता का महत्व समझ में आता है। यह भी सच्चाई है कि भाव ऊंचा जरूर बोले जा रहे हैं पर मांग कमजोर बनी हुई है। सूत्रों ने कहा कि नमकीन बनाने वाली कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने से बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी मामूली सुधार आया। बीते सप्ताह सरसों दाना 10 रुपये की गिरावट के साथ 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल 75 रुपये की गिरावट के साथ 14,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,460-2,560 रुपये और 2,460-2,595 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

# इंडिगो: भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन लड़खड़ायी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने अब तक के सबसे बड़े परिचालन संकट के कारण सैकड़ों उड़ानों को रद्द कर दिया। नए नियमों के तहत पायलटों की ड्यूटी समय सीमा में बदलाव और इंडिगो के लीन-स्टाफिंग मॉडल ने मिलकर संकट को जन्म दिया।

डीजीसीए ने उड़ान ड्यूटी समय-सीमा (एफडीटीएल) नियमों में बदलाव किए। नए नियमों के तहत पायलटों का साप्ताहिक आराम 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे किया गया, रात में उड़ानों की संख्या सीमित की गई, और लगातार रात की ड्यूटी को केवल दो तक सीमित किया गया। इससे प्रत्येक पायलट द्वारा संचालित उड़ानों की संख्या में काफी कमी आई। इंडिगो ने अपने एयरबस ए320 बेड़े के लिए 2,422 कप्तानों की आवश्यकता बताई थी, लेकिन केवल 2,357 कप्तान उपलब्ध थे और फर्स्ट ऑफिसर्स में भी कमी थी। इसके साथ ही एयरलाइन का उच्च विमान उपयोग और रात की उड़ानों पर निर्भरता वाला मॉडल काम नहीं आया, जिसके कारण दो दिसंबर से बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने लगीं। रविवार को 2,300 में 650 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें, खोया हुआ सामान और परेशान यात्री देखने को मिले। कई यात्रियों की महत्वपूर्ण बैठकें, साक्षात्कार और शादी समारोह छूट गए। इंडिगो ने तीन दिसंबर को समस्याओं की पुष्टि की और इसके लिए तकनीकी गड़बड़ी, मौसम, सर्दियों का शेड्यूल और नए क्रू नियमों को जिम्मेदार ठहराया। एयरलाइन ने यात्रियों को पूरा रिफंड, शुल्क माफ करने और वैकल्पिक व्यवस्था की पेशकश की। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने पांच दिसंबर को माफी मांगी और 10-15 दिसंबर तक पूर्ण परिचालन बहाल करने का वादा किया। डीजीसीए ने पांच दिसंबर को इंडिगो के ए320 बेड़े को रात की उड़ानों और लैंडिंग में अस्थायी छूट दी, जबकि औपचारिक जांच भी शुरू की। डीजीसीए ने एयरलाइन को पायलट ड्यूटी और कर्मचारी व्यवस्थापन में सुधार पर रिपोर्ट देने को कहा।

पेज एक का शेष

## साइबर अपराध

जिसके ऐवज में पैसे लिये। पुलिस ने बताया कि शुभम की तलाश में एक टीम ने कई सप्ताह तक दिल्ली-एनसीआर में व्यापक छापेमारी की। पुलिस ने बताया कि शुभम पकड़े जाने से बचने के लिए सिम कार्ड बदलता रहा। आखिरकार उसे शनिवार को तिलक नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया, टीम ने शुभम के कब्जे से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पांच चेकबुक और छह डेबिट कार्ड बरामद किए। पूछताछ के दौरान, शुभम ने गिरोह के वित्तीय नेटवर्क का खुलासा किया, जिसमें कई फर्जी कंपनियां शामिल थीं। अधिकारी ने बताया, शुभम ने यह भी दावा किया कि उसने यूएसडीटी (एक तरह की क्रिप्टोकरेंसी) प्राप्त की और उसे एक चीनी हैंडलर को बेच दिया, जिससे बार-बार धनशोधन का चक्र चलता रहा।

## विशाल गीता

है। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पश्चिम बंगाल की आध्यात्मिक विरासत को जागृत करना और धर्मग्रंथों के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इसे (कार्यक्रम) राज्य और संभवतः देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ बताया जा रहा है। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे, क्योंकि आयोजकों ने पांच लाख लोगों के भाग लेने का अनुमान जताया था। विशाल आयोजन स्थल पर तीन बड़े मंच बनाए गए थे और मध्य कोलकाता में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। आध्यात्मिक नेतृत्व गीता मनीषी महामंडल के स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज ने किया। जानकारी के मुताबिक, यह आयोजन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की नींव रखे जाने के एक दिन बाद सामने आया। दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले ब्रिगेड में इसी तरह का एक लाख स्वर वाला गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके ठीक दो साल बाद आज यानी रविवार को पंच लाखो कोंठे गीता पाठ नामक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## गोवा के नाइट

दी थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं जबकि बाकी सात की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने इस घटना में लोगों की मौत होने पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नाइट क्लब में आग लगने की घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से बात की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गोवा के अरपोरा में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग पहली मंजिल पर लगी थी और भीड़भाड़ होने एवं छोटे दरवाजों के कारण ग्राहक बाहर नहीं जा सके।

मुख्यमंत्री सावंत ने कहा कि कुछ लोग भूतल पर भाग गए और वहीं फंस गए। हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन होने के बावजूद इसे संचालित करने की अनुमति दी।

उन्होंने कहा कि नाइट क्लब के मालिक एवं महाप्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। तटीय राज्य में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ऐसे समय में हुई है जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। हम घटना की मजिस्ट्रेट से विस्तृत जांच कराएंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राज्य पुलिस ने शुरुआत में कहा था कि आग सिलेंडर विस्फोट के कारण लगी थी लेकिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया था कि आग क्लब की पहली मंजिल पर लगी थी, जहां पर्यटक नाच रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि जब आग लगी तो कम से कम 100 लोग डांस फ्लोर पर मौजूद थे और स्वयं को बचाने के लिए उनमें से कुछ लोग नीचे की ओर रसोईघर में भाग गए जहां वे कर्मचारियों के साथ फंस गए। हैदराबाद की निवासी एक पर्यटक फातिमा शेख ने कहा कि आग की लपटें उठते ही अचानक अफरा-तफरी मच गई। हम क्लब से बाहर भागे तो देखा कि पूरा क्लब आग की लपटों में घिरा हुआ था। सप्ताहांत होने की वजह से नाइट क्लब खचाखच भरा हुआ था और डांस फ्लोर पर कम से कम 100 लोग थे। शेख ने बताया कि आग लगने के बाद कुछ पर्यटक नीचे की ओर भागे और भूतल पर स्थित रसोई में चले गए। वे अन्य कर्मचारियों के साथ वहीं फंस गए। कई लोग क्लब से बाहर निकलने में कामयाब रहे। कुछ ही देर में पूरा क्लब आग की चपेट में आ गया। वहां ताड़ के पत्तों से बना एक अस्थायी ढांचा था, जिसने तेजी से आग पकड़ ली।

नाइट क्लब संकरी गलियों में स्थित होने के कारण दमकल गाड़ियों के लिए क्लब तक पहुंचना संभव नहीं है और उनके टैंकरों को घटनास्थल से लगभग 400 मीटर दूर खड़ा करना पड़ा। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संकरी गलियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचना मुश्किल हो गया जिससे आग पर काबू पाना एक चुनौतीपूर्ण काम बन गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित भूतल पर ही फंस रहे, जिसके कारण अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई। अरपोरा-नागोआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर ने बताया कि क्लब सौरव लूथरा संचालित करते थे जिनका अपने साझेदार के साथ विवाद था और उन्होंने पंचायत में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हमने परिसर का निरीक्षण किया और पाया कि उनके पास क्लब निर्माण की अनुमति नहीं थी। रेडकर ने बताया कि पंचायत ने क्लब ढहाए जाने का नोटिस जारी किया था, जिस पर पंचायत निदेशालय के अधिकारियों ने रोक लगा दी थी। उन्होंने बताया कि परिसर के मूल मालिक ने लूथरा को यह जगह किराए पर दे दी थी। आग लगने की घटना दुर्भाग्यूर्ण है। हम उन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर रहे हैं जो नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं। अब हमें और अधिक सतर्क रहना होगा। कलंगुटे के विधायक माइकल लोबो ने भी घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी क्लब का अग्नि सुरक्षा ऑडिट करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

नाइट क्लब में आग लगने की घटना के पीड़ितों के रिश्तेदार और परिचित एक सरकारी अस्पताल के शवगृह के बाहर एकत्र होकर अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। झारखंड के कुछ लोगों ने कहा कि वे शवों को स्वीकार नहीं करेंगे और उन्होंने मांग की कि नाइट क्लब मालिक शवों को घर वापस भेजे जाने की व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि उनके मूल निवास के चार लोग उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब में सहायक और रसोइये के रूप में काम करते थे। झारखंड के मजदूरों का समूह अपने परिजनों के बारे में जानकारी लेने के लिए सुबह से ही पणजी के पास गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शवगृह के बाहर बैठा है।

असम के पांच लोगों का एक और समूह भी शवगृह के बाहर बैठा देखा गया। उन्होंने मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया, लेकिन उनमें से एक ने दावा किया कि घटना में मारे गए लोगों में उनके दोस्त शामिल हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी शवों की पहचान करने और पोस्टमॉर्टम करने में एक दिन लगेगा, उसके बाद ही शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर

से बदल रही है और सैनिकों को दुर्गम इलाकों में अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम बना रही है। उन्होंने कहा, आज, हमारे सैनिक दुर्गम इलाकों में मजबूती से खड़े हैं क्योंकि उनके पास सड़कें, वास्तविक समय की संचार प्रणाली, उपग्रह सहायता, निगरानी नेटवर्क और रसद कनेक्टिविटी उपलब्ध है। सिंह ने कहा, सीमा पर तैनात एक सैनिक का हर मिनट, हर सेकंड बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए, कनेक्टिविटी को केवल नेटवर्क, ऑप्टिकल फाइबर, ड्रोन और रडार तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षा की रीढ़ माना जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर वह देश के किसी भी कोने में सशस्त्र बलों से मिल पाते हैं, तो यह मजबूत संचार नेटवर्क और कनेक्टिविटी की वजह से ही संभव है। उन्होंने कहा, संचार को सिर्फ बुनियादी ढांचे के लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिए। यह एक बहुत व्यापक शब्द है। शांति, सद्भाव और समाज की समझ के लिए संचार जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास लद्दाख समेत सभी सीमावर्ती इलाकों के साथ संचार और कनेक्टिविटी को मज़बूत करना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती इलाकों के समग्र विकास के लिए पूरे उत्साह से काम कर रही है। रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी सरकार, हमारे सशस्त्र बल और बीआरओ जैसे संगठन आपके साथ खड़े हैं। हमें बस इस संबंध को मजबूत करते रहना है ताकि हमारे संबंध किसी बाहरी तत्व से प्रभावित ना हो। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी ना सिर्फ सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि आर्थिक विकास को भी गति दे रही है। वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि मजबूत संचार और कनेक्टिविटी नेटवर्क एक प्रमुख कारक रहे हैं, जिसे सरकार की विकास-समर्थक नीतियों और राष्ट्रव्यापी सुधारों का समर्थन प्राप्त है।

## भीषण सर्दी

शाम को बंद हो जाएगा। झारखंड के कुछ हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं और राज्य के आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, बोकारो, देवघर, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा और रांची इन आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी मौसम बुलेटिन के अनुसार, गुमला में राज्य में सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि खूंटी में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। झारखंड की राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि डाल्टनगंज में 6.5 डिग्री और जमशेदपुर में 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में रविवार को भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहा। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब के फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 4.4 डीग्री सेल्सियस दर्ज किये जाने के साथ यह राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जबकि हरियाणा में सबसे कम न्यूनतम तापमान (4.6 डिग्री सेल्सियस) नारनौल में दर्ज किया गया। पंजाब में बठिंडा और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि फिरोजपुर में छह डिग्री, अमृतसर में 6.1 डिग्री, लुधियाना में 6.8 डिग्री और पटियाला में 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, हरियाणा के भिवानी में न्यूनतम तापमान छह डिग्री, हिसार में 6.2 डिग्री, सिरसा में 6.6 डिग्री, करनाल में सात डिग्री, रोहतक में 7.8 डिग्री और अंबाला में 9.8 डिग्री रहा। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कार का टायर

सिंह ने बताया कि दो मरीज गंभीर हालत में लाए गए, जबकि तीन लोगों को मृत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि घायलों के परिजन चाहते थे कि उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाए इसलिए उन्हें लखनऊ भेज दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।




## डीआरएस लेने में गलत रहता हूं : कुलदीप यादव



विशाखापत्तनम। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।

कुलदीप ने बीसीसीआई के वीडियो में कहा, साफ जाहिर है कि डीआरएस लेने के मामले में मेरा आकलन सही नहीं रहता। मुझे लगता है कि एक डीआरएस मेरे लिए आरक्षित रहता है। उन्होंने कहा एक गेंदबाज होने के कारण आपको हमेशा यह लगता है कि यह आपका विकेट है, यह आउट है। लेकिन रोहित भाई, केएल भाई, वे विकेट के पीछे खड़े होते हैं इसलिए उन्हें बेहतर अंदाजा होता है कि गेंद स्टंप्स को छोड़कर जा रही है या नहीं। गेंद की ऊंचाई और प्रभाव के बारे में उन्हें बेहतर जानकारी होती है। कुलदीप ने कहा, लेकिन मैं हमेशा यही सोचता हूं कि बल्लेबाज आउट हो गया है।

कुलदीप ने इस मैच में चार विकेट लिए, जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 270 रन पर आउट करने के बाद आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया था। उन्होंने कहा केवल दो डीआरएस होते हैं, इसलिए आपको सही मार्गदर्शन के लिए ऐसे लोगों की जरूरत होती है, अन्यथा आप डीआरएस को बर्बाद कर सकते हैं। इसलिए मुझे यह बताने के लिए उन्हें भी श्रेय देना चाहिए कि डीआरएस का बुद्धिमानी से उपयोग किया जाए और हम यह नहीं सोचें कि हमने उन्हें बर्बाद कर दिया है। कुलदीप ने कहा, रोहित भाई हमेशा वहां मौजूद रहते हैं। वह मुझसे पूछते हैं कि मैं इस लाइन के बारे में क्या सोचता हूं।

## रोहित व कोहली का अनुभव महत्वपूर्ण, युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय : गंभीर



विशाखापत्तनम। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद पत्रकारों से कहा, वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं।

वे इस प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, वे वही कर रहे हैं जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को विश्राम दिए जाने तथा शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति ने भारत को कुछ युवा खिलाड़ियों के कौशल को परखने का मौका दिया। गंभीर हर्षित राणा के गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरने से विशेष रूप से प्रसन्न थे।

उन्होंने कहा, हम हर्षित जैसे खिलाड़ी को इस तरह से तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तव में नंबर आठ पर बल्लेबाजी करते हुए अपना योगदान दे सके। हमें इसी तरह संतुलन बनाना होगा, क्योंकि दो साल बाद (2027 वनडे विश्व कप के लिए) दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हमें तीन अच्छे तेज गेंदबाजों की भी ज़रूरत होगी। अगर वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में खुद को स्थापित करता है तो यह हमारे लिए अच्छा होगा। गंभीर भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध



कृष्णा के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा इस श्रृंखला में अर्शदीप, प्रसिद्ध और हर्षित का प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा।

इन तीनों के पास विशेषकर 50 ओवर के प्रारूप में बहुत अनुभव नहीं है। उन्होंने मुश्किल से 15 से भी कम वनडे खेले हैं लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का पिछले कुछ वर्षों में प्रदर्शन को देखते हुए उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए और वनडे टीम में उनकी जगह को लेकर कभी भी बहस नहीं होनी चाहिए।

राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीनियर जोड़ी के 2027 विश्व कप तक फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने को लेकर भले ही संशय में हो सकते हैं, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने पिछले छह वनडे मैचों में तीन शतक (कोहली के दो) और पांच अर्धशतक (रोहित के तीन) लगाकर बतला दिया है कि उनका कोई सानी नहीं है। बांगड़ ने जिओस्टार से कहा, मुझे नहीं लगता कि टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की जगह को लेकर सवाल उठाए जाने चाहिए।

## संक्षेप

### प्रतीका रावल को 1.5 करोड़ पुरस्कार की घोषणा : सीएम

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वाईट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता। गुप्ता ने एक पोस्ट में कहा आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में हमने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रतीका रावल का स्वागत किया। हमारी प्रतिभाशाली बेटी प्रतीका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली सरकार उन्हें 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी।

### आईपीएल मैचों की मेजबानी करता रहेगा चिन्नास्वामी : डी के

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने रविवार को घोषणा की कि चिन्नास्वामी स्टेडियम भविष्य में आईपीएल मैचों की मेजबानी करता रहेगा। यह घोषणा चार जून को स्टेडियम में हुई भगदड़ के बाद कर्नाटक में इस आयोजन की मेजबानी को लेकर उठे संशय के बीच की गई है। यह भगदड़ उस समय हुई थी जब आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हुई थी। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना मतदान करने के बाद शिवकुमार ने पत्रकारों से कहा कि भविष्य में एक नया बड़ा स्टेडियम भी बनाया जाएगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कहा, मैं क्रिकेट का प्रशंसक हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कर्नाटक में हुई दुर्घटना दोबारा न हो और चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट कार्यक्रम इस तरह आयोजित किए जाएं जिससे बेंगलुरु का सम्मान बना रहे। उन्होंने कहा कि केएससीए कानून के दायरे में स्टेडियम का संचालन करते हुए दर्शकों के प्रबंधन के उचित उपाय लागू करेगा।

### स्पेन ने अर्जेंटीना को हराकर फाइनल में

चेन्नई। स्पेन ने रविवार को यहां एक कड़े मुकाबले में दो बार के चैंपियन अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर पहली बार एफआईएच जूनियर विश्व कप फाइनल में जगह बनाई। स्पेन ने मैच की शुरुआत में ही दबदबा बनाते होते हुए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और मारियो मेना ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त बना ली। एक मिनट बाद अर्जेंटीना को भी अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए। स्पेन ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और 17वें मिनट में एक शॉर्ट कॉर्नर हासिल किया जिसे अर्जेंटीना के गोलकीपर जोकिन एस रुइज ने शानदार तरीके से बचा लिया। अर्जेंटीना ने आखिरकार 21वें मिनट में पेनल्टी पर जुआन फर्नांडीज के गोल से बराबरी कर ली।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

## स्मिथ के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट जीता, एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल की

एजेंसी

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000




टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए। इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी।

### यशस्वी ने भारत के तरकश में जोड़ा एक और तीर

विशाखापत्तनम। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां तीसरे और अंतिम वनडे मैच में संयम और आक्रमण की नई मिसाल पेश करके भारत की एकदिवसीय टीम के तरकश में एक और तीर जोड़ दिया। जायसवाल ने पहले ओवर में ही मार्को यानसन की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को छोड़कर दिखाया कि वह किसी तरह का बेमतलब का जोखिम उठाना नहीं चाह रहे हैं। जायसवाल ने इस गेंद पर कट करने की कोशिश नहीं की और उसे क्विंटन डी कॉक के पास जाने दिया।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में यह एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसमें भारत ने नौ विकेट से जीत हासिल की। यह जायसवाल की बदली हुई मानसिकता का पहला संकेत था। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि वह अपने आक्रामक तेवरों पर लगाम लगाए रखेंगे मुख्य सलामी बल्लेबाज तथा टीम के नियमित कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण उन्हें जो मौका मिला है, उसका पूरा फायदा उठाएंगे।

## विश्व कप पदार्पण में ऐश्वर्य तोमर ने जीता रजत पदक

दोहा। भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया जिससे उन्होंने इस खेल में सभी संभावित विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पदकों का सेट पूरा कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ऐश्वर्य चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की से 0.9 अंक पीछे रहे। जिरी ने आईएसएसएफ के 40 शॉट के नए प्रारूप में खेले गए फाइनल में 414.2 का स्कोर किया।

ओलंपिक चैंपियन लियू युकुन ने कांस्य पदक जीता। दो बार के ओलंपियन, पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और मौजूदा एशियाई चैंपियन ऐश्वर्य ने पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन में 595 का स्कोर किया और चीन के टियान जियामिंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे। टियान ने 598 के विश्व रिकॉर्ड के साथ शानदार प्रदर्शन किया। एथलीट ऑफ द ईयर नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और हंगरी के दिग्गज इस्तवान पेनी शीर्ष आठ में शामिल अन्य शीर्ष निशानेबाज थे। ऐश्वर्य नीलिंग पोजीशन में 10 शॉट में 102.8 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थे। दूसरी प्रोन पोजीशन के अगले




10 शॉट में ऐश्वर्य ने अपनी लय पकड़ी। वह 52.9 और 52 की मजबूत सीरीज के साथ लीडरबोर्ड पर दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

इस बीच प्रिव्रात्स्की 3.3 आगे थे। ओलंपिक चैंपियन लियू तीसरे स्थान पर थे। इसके बाद ऐश्वर्य ने अगले 10 शॉट्स में प्रिव्रात्स्की को पछाड़ दिया और अंतर को 1.5 तक कम कर दिया। 31वें शॉट के बाद यह 0.5 तक कम हो गया। 33वें शॉट के बाद ऐश्वर्य ने बढ़त बना ली। अंतिम दो शॉट्स से पहले अंतर महज 0.3 का था।

## मेहर-शैलेंद्र ने जीता पुरुष युगल खिताब

एजेंसी

लखनऊ। मेहर व शैलेंद्र ने द्वितीय डा.केएल गर्ग स्कालरशिप टेनिस टूर्नामेंट में कोर्ट पर बेहतरीन जुगलबंदी की बदौलत पुरुष युगल खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर अंडर-12 में अन्वेशा व तेजस, अंडर-14 बालक में कृष्णा सिंह व अंडर-10 बालक में सार्थक शुक्ला चैंपियन बने। पुरुष एकल सेमीफाइनल

**अंडर-12 में अन्वेशा व तेजस चैंपियन**

में जीत से अनुरुद्ध व अनुज ने खिताबी भिड़ंत तय की। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूनार्मेंट के दूसरे दिन पुरुष युगल फाइनल में शैलेंद्र व मेहर ने अनुज व अनुरुद्ध को 7-5 से हराया। अन्य फाइनल मुकाबलों में बालिका अंडर-12 में अन्वेशा ने सिया को 8-6 (4-3) से हराया जबकि बालक अंडर-12 में तेजस ने अभय पाल को 4-0 से हराया। बालक



अंडर-14 में कृष्णा सिंह ने अर्णव श्रीवास्तव को 6-3 से, बालक अंडर-10 में सार्थक शुक्ला ने अधिराज सिंह को 4-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। पुरुष एकल सेमीफाइनल में अनुरुद्ध ने यश को 7-5 से और अनुज ने राहुल को 7-4 से हराया। बालक अंडर-18 सेमीफाइनल में अनुरुद्ध कुमार ने अथर्व गोयल को 7-1 से व अनुज कुमार ने रोहिन राज को 7-2 से पराजित किया। बालक अंडर-16 सेमीफाइनल में रोहिन ने मोहम्मद आरिज को 7-5 से एवं अर्णव चौहान ने शौर्य सिंह को 7-4 से हराया। टूनार्मेंट का समापन व पुरस्कार वितरण

**द्वितीय डा.केएल गर्ग स्कालरशिप टेनिस टूर्नामेंट**

समारोह सोमवार आठ दिसंबर को शाम 5 बजे आयोजित होगा।

### जीशान के अर्धशतक से केएसीसी की सात विकेट से जीत

लखनऊ। धारदार गेंदबाजी के बाद मैन ऑफ द मैच जीशान अजहर (62) के अर्धशतक से केएसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में स्मैश क्रिकेट क्लब को सात विकेट से शिकस्त दी। एनईआर स्टेडियम पर स्मैश क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 142 रन बनाए। टीम से निचले क्रम में नरिंदर ने 29 गेंदों पर सर्वाधिक 44 रन बनाए जबकि दुष्यंत ने 29 रन का योगदान किया।

### स्मृति मंधाना ने पुष्टि की, शादी रद्द कर दी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने अपनी जिंदगी को लेकर पिछले कुछ सप्ताह से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए रविवार को पुष्टि की कि संगीतकार पलाश **मुछाल** के साथ उनकी शादी रद्द कर दी गई है। उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया है। भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाह तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं। मंधाना की 23 नवंबर को मुछाल से शादी होने वाली थी, लेकिन इस स्टार क्रिकेटर के पिता श्रीनिवास को दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जिसके कारण शादी स्थगित कर दी गई थी।

## मेस्सी ने इंटर मियामी को जिताया खिताब

एजेंसी

फोर्ट लॉडरडेल। थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के शनिवार को खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में

**मुलर पर भारी पड़े मेस्सी**

से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेस्सी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन शनिवार को अर्जेन्टीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को एमएलएस कप फाइनल में मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेस्सी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।



मेस्सी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रैंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। वहीं दूसरी ओर मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर एक का खिताब 12वीं बार अपने नाम कर लिया। चिंगखामायुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें मिनट), लोंगजाम नीरा चानू (29वें, 55वें, 59वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि याइफाबी थोकचोम (68वें, 76वें मिनट) ने दो और मोंगजाम पुष्परानी देवी (75वें मिनट) ने एक गोल किया। महान भारतीय फुटबॉलर डॉ. तालीमेरेन एओ के नाम पर आयोजित इस चैंपियनशिप में मणिपुर का दबदबा रहा है। बंगाल ने फाइनल में पहुंचने के बाद मणिपुर की बादशाहत को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन पूर्वोत्तर की इस मजबूत टीम ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। मणिपुर ने इसके साथ इस खिताब की हैट्रिक जीत पूरी की। टीम ने इससे पहले 2023-24 और 2024-25 में भी इस खिताब को जीता था।

## गुवाहाटी मास्टर्स : सारस्वत ने पहला सुपर 100 खिताब जीता

एजेंसी

गुवाहाटी। राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच

**तन्वी उप विजेता रहीं**

यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। वह पिछले साल ओडिशा मास्टर्स के फाइनल में




पहुंची थीं जबकि इस साल के अमेरिकी ओपन सुपर 300 और विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भी उप विजेता रही थीं।

भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी।

अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया।

मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सारस्वत ने आक्रामक खेल जारी रखा और अपने तेज स्मैश से 8-2 की बढ़त बना ली जिससे मंजूनाथ दबाव में आ गए। हालांकि कर्नाटक के शटलर ने जोरदार वापसी की और लगातार पांच अंक जीतकर बराबरी की और ब्रेक तक 11-10 से आगे हो गए। मंजूनाथ ने हालांकि लय हासिल करते हुए पिछड़ने के बाद 18-16 की बढ़त हासिल कर ली।

### भारत सरकार का फोकस खेलों पर, ओलंपिक की मेजबानी दूर की बात नहीं : एफआईएच अध्यक्ष

चेन्नई। भारत की मेजबानी में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2030 में हॉकी की मजबूती से वापसी का दावा करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि खेलों पर भारत सरकार के फोकस को देखते हुए ओलंपिक की मेजबानी अब दूर की बात नहीं है। भारत को दो दशक बाद राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है जो 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होंगे जिसे 2036 ओलंपिक की भारत की दावेदारी पुख्ता करने के लिये एक अहम कदम माना जा रहा है।

यहां जूनियर हॉकी विश्व कप से इतर भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में भारत की ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी के बारे में पूछने पर इकराम ने कहा हमें इस तरह की उम्मीदवारी पसंद है और यह अच्छा भी है क्योंकि इसमे अलग हितधारक और प्रतिस्पर्धी होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2030 भी भारत में हो रहे है।

# लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा आज

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे, 150वीं वर्षगांठ

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। लोकसभा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य



द्वारा संगीतबद्ध वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था। सात नवंबर को, मोदी ने वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और छात्रों के बीच इस गीत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया, चर्चा के दौरान वंदे मातरम् से जुड़े कई महत्वपूर्ण और अनजाने पहलू देश के सामने आएंगे।

गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे और स्वास्थ्य मंत्री एवं राज्यसभा के नेता जे पी नड्डा दूसरे वक्ता होंगे। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर भी चर्चा होगी, जिसमें मंगलवार और बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित इसके सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। राज्यसभा में बुधवार और बृहस्पतिवार को चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी। एक दिसंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही एसआईआर पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बाधित रही।

# चीनी सैन्य विमान ने जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया, जापान ने जताया विरोध

तोक्यो। चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रडार लॉक का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके।



जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी।

मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि रडार लॉक करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं। जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने रविवार की सुबह पत्रकारों से कहा कि जापान ने चीन के समक्ष विरोध जताया और इसे एक खतरनाक कृत्य करार देते हुए कहा कि यह सुरक्षित विमान संचालन के नियमों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा ऐसी घटना का होना अत्यंत निंदनीय है। हमने चीनी पक्ष के समक्ष सख्त विरोध जताया है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने मांग की है।

## संक्षेप

### धार्मिक आधार पर मत विभाजन की कोशिश कर रहीं ममता

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राज्य में धार्मिक आधार पर मत विभाजन कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले कट्टरपंथी और सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा दिया है। मजूमदार ने यहां एक सामूहिक गीता पाठ के अवसर पर कहा कि यह आयोजन हिंदू समुदाय का एक आध्यात्मिक समागम है और इसे राजनीति से परे रखना रहना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, हिंदू मतदाताओं को विभाजित करने की एक स्पष्ट साजिश है। मजूमदार ने दावा किया कि 2021 के विधानसभा चुनाव में अधिकांश हिंदू मतदाताओं ने तृणमूल कांग्रेस का समर्थन नहीं किया था। उन्होंने दावा किया कि समुदाय के कुछ वर्ग ममता बनर्जी के नेतृत्व पर विश्वास नहीं करते। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आध्यात्मिक शक्ति और सामूहिक आत्मविश्वास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज असुरक्षित महसूस करता है और एकजुट नहीं हो पाया है।

# भारत ने शंघाई में वाणिज्य दूतावास के अत्याधुनिक भवन का किया उद्घाटन

एजेंसी

बीजिंग। भारत ने शंघाई स्थित अपने वाणिज्य दूतावास के नए अत्याधुनिक भवन का रविवार को उद्घाटन किया। भारत ने चीन के मुख्य व्यापारिक केंद्र स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को 32 साल में पहली बार दूसरे भवन में स्थानांतरित किया है।

शंघाई वाणिज्य दूतावास चीन के पूर्वी क्षेत्र में भारत के तेजी से बढ़ते व्यापारिक समुदाय की सेवा करता है, जहां यिवू जैसे शीर्ष व्यापार और व्यवसाय केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय व्यवसाय मौजूद हैं। चांगनिंग जिले के प्रमुख डॉनिंग सेंटर में 1,436.63 वर्ग मीटर में फैले विशाल नए वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने किया।

यह भवन पिछले भवन के आकार की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक वह आठ दिसंबर को अपने नए परिसर से पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा।

# बेनिन में तख्तापलट को किया विफल

एजेंसी

कॉन्टोनू (बेनिन)। बेनिन में रविवार को घोषित तख्तापलट को विफल कर दिया गया है। गृह मंत्री ने फेसबुक पर एक वीडियो में यह जानकारी दी। गृह मंत्री अलास्साने सेइदोउ ने कहा, रविवार, सात दिसंबर, 2025 की सुबह, सैनिकों के एक छोटे समूह ने देश और उसकी संस्थाओं को अस्थिर करने के उद्देश्य से विद्रोह शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, इस स्थिति का सामना करते हुए, बेनिनी सशस्त्र बल और उनका नेतृत्व गणतंत्र के प्रति प्रतिबद्ध रहे। इससे पहले बेनिन में सैनिकों के एक समूह ने सरकारी टीवी



पर संबोधन के जरिये सरकार के तख्तापलट की घोषणा की थी। खुद को मिलिट्री कमेटी फॉर रीफाउंडेशन कहने वाले सैनिकों के समूह ने राष्ट्रपति और सभी सरकारी संस्थाओं को हटाये जाने की घोषणा की। समूह ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल तिगरी को सैन्य समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्ष 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद, इस पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्र ने तख्तापलट की कई घटनाओं को देखा है। राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन 2016 से सत्ता में थे और अगले साल अप्रैल में राष्ट्रपति चुनाव के बाद उन्हें पद छोड़ना था। टैलोन की पार्टी के उम्मीदवार, पूर्व वित्त मंत्री रोमुआल्ड वडाग्नि को चुनाव जीतने की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है।

# सोनम वांगचुक की याचिका पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को अवैध और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाली एक मनमानी कार्वाई बताया गया है। इस मामले की सुनवाई संभवतः न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी।

पीठ ने 24 नवंबर को मामले की सुनवाई उस वक्त टाल दी थी जब केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वांगचुक की पत्नी के जवाब पर अपना पक्ष रखने (रिज्वाइंडर) के लिए मोहलत मांगी।

इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारम्भ



शुभ्रान्त कुमार शुक्ल (आई.ए.एस.)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
प्रदर्शनी समिति
इटावा द्वारा
किया जाएगा।





विक्रम सिंह राघव
(पी.सी.एस.)
उपजिलाधिकारी सदर
जनरल सेक्रेटरी, प्रदर्शनी इटावा

संदीप कुमार श्रीवास्तव
(पी.सी.एस.)
अपरजिलाधिकारी न्यायिक
इटावा

आपकी गरिमामयी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है

# एयरलाइन क्षेत्र में किराये की सीमा लागू रहनी चाहिए

एजेंसी



नयी दिल्ली। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के मद्देनजर सरकार द्वारा हवाई किराए की सीमा तय किए जाने के बीच कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है, और उन्होंने मांग की कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक इस तरह की मूल्य नियंत्रण व्यवस्था लागू रहनी चाहिए। इंडिगो के परिचालन में व्यवधान के कारण पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं, जिससे देश भर में हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे खुशी है कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है और उसने इकोनॉमी क्लास के किराये की सीमा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक, इकोनॉमी क्लास में किराया सीमा लागू रहनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा, कड़ी प्रतिस्पर्धा के अभाव में, जनहित की रक्षा का एकमात्र उपाय कीमतों पर नियंत्रण है। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि इंडिगो के परिचालन में व्यवधान और देश भर के हवाई अड्डों पर अराजक माहौल इंडिगो प्रबंधन, नागर विमानन मंत्रालय, डीजीसीए और पूरी सरकार की भारी विफलता को दर्शाती है। यह उल्लेख करते हुए कि पायलट ड्यूटी समय से जुड़े नये नियम जनवरी 2024 में अधिसूचित किए गए थे, चिदंबरम ने कहा, फिर भी पिछले 23 महीनों में, सरकार एयरलाइन को उसके संचालन को नए नियमों के अनुरूप ढालने में विफल रही।

### नेपाल में महसूस किये गये भूकंप के झटके

काठमांडू। पश्चिमी नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में रविवार सुबह 4.6 तीव्रता का भूकंप आया हालांकि किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 28 मिनट पर आया और इसका केंद्र दारचुला जिले के घुसा क्षेत्र में स्थित था। पड़ोसी जिलों में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि, भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। पश्चिमी नेपाल में अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'अवतार फायर एंड ऐश' रिलीज को तैयार

**मुंबई।** हॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार फायर एंड ऐश' रिलीज को तैयार है। जैसे-जैसे साल की सबसे बड़ी फिल्म का काउंटडाउन तेज होता जा रहा है, फिल्म और फिल्म के किरदार सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक नाम लगातार चर्चा में है- वरंग।

वह सिर्फ एक नया किरदार नहीं है, बल्कि इस फिल्म के इर्द-गिर्द बनी सनसनी, रहस्य और अपार उत्सुकता का धड़कता हुआ केन्द्र है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' में दर्शक पहली बार पैंडोरा की गहराइयों में उतरेंगे, जहां एक बिल्कुल नई सभ्यता

**महान एक्टर चार्ली चैपलिन की पोती हैं एक्ट्रेस, वरंग के किरदार में दिखायेंगी दम**

उनका इंतजार कर रही है, मंगक्वान कबीला, यह कबीला कठोर जीवन, निरंतर संघर्ष और अनवरत पीड़ा से ढला हुआ है। इनकी दुनिया पैंडोरा के उन अंधेरों और जटिलताओं की झलक देती है जिन्हें अब तक हमने नहीं देखा। इस कबीले के शिखर पर खड़ी है वरंग, दर्द से तपकर बनी, उद्देश्य से संचालित और इस गाथा के भावनात्मक दांव-पेच को नए सिरे




से परिभाषित करने के लिए तैयार एक अतुलनीय नेता। इस असाधारण किरदार को पर्दे पर जीवंत कर रही हैं ऊना चैपलिन, दिग्गज चार्ली चैपलिन की पोती। वरंग को सिर्फ.विरोधी पात्र की तरह नहीं, बल्कि एक ऐसी प्राकृतिक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है जो अपनी ऊर्जा से कहानी को दिशा देती है। वरंग की तीव्रता और उग्रता को महसूस करने के लिए ऊना चैपलिन ने शूटिंग के दौरान विशेष संगीत, माहौल और प्रतीकात्मक साज-सज्जा का सहारा लिया, एक तरह का अनुष्ठान जिससे वह इस किरदार की आग, उसके घावों और उसकी अटूट दृढ़ता से जुड़ सकें। शुरूआती संकेत बताते हैं कि उनका अभिनय इस फ्रैंचाइजी के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक माना जा सकता है।

ओमैटिकाया और मेटकायना के विपरीत, मंगक्वान एक ऐसा कबीला है जिसे हालात ने टूटने की कगार पर पहुंचा दिया है, एक समुदाय जिसने गहरी चोटें और हताशा को झेला है। उनकी पीड़ा ने उन्हें पैंडोरा की संरक्षक शक्ति एवा से दूर कर दिया है। फिल्म की शुरूआती प्रतिक्रियाओं में इसे साहसिक और अत्यंत प्रभावशाली फिल्म बताया जा रहा है। इसी के साथ वरंग इस वर्ष के सबसे चर्चित किरदारों में तेजी से उभर रही है।

### पियानो स्टार नतालिया स्ट्रेलचेंको, पति ने हत्या की

**मुंबई।** रूस की जानी-मानी पियानो स्टार नतालिया स्ट्रेलचेंको की लाश उनके घर पर खून से लथपथ मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि उन्हें इतनी बेरहमी से मारा गया कि उनके शरीर पर 70 चोटों के निशान थे और उनका चेहरा भी पूरी तरह बिगड़ा हुआ था। पुलिस

**शरीर पर मिले 70 चोटों के निशान**

की जांच में यह खुलासा हुआ कि नतालिया की हत्या उनके पति ने की थी, जिसने सभी को चौंका दिया। घटना के समय नतालिया की दोस्त भी मौजूद थी, लेकिन कोर्ट में उसने न तो कुछ बोला और न ही किसी तरह से नतालिया को बचाने का प्रयास किया। इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर नतालिया के पति ने उन्हें क्यों मारा? उनकी दोस्त ने मदद क्यों नहीं की?

### इंडिगो स्टाफ के सपोर्ट में आए सोनू सूद-वीर दास

मुंबई। पिछले चार दिनों में इंडिगो की 2,000 से अधिक फ्लाइट रद्द हुई हैं। इसकी वजह से देश भर के अलग-अलग एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर काफी पैनिक और परेशान नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों के कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वो ग्राउंड स्टाफ से लड़ते-भिड़ते दिख रहे हैं। इस बीच एक्टर सोनू सूद और एक्टर कॉमेडियन वीर दास ने लोगों से अपील की है कि वो एयरलाइन के फ्रंटलाइन कर्मचारियों पर अपना गुस्सा न निकालें। शनिवार को वीर ने एक्स के माध्यम से पैसेंजर्स से आग्रह किया कि वे अपनी भड़ास ग्राउंड स्टाफ पर न निकालें। उन्होंने सुझाव दिया कि गुस्साए पैसेंजर्स को हैंडल करने के लिए काउंटर पर फ्रंटलाइन कर्मचारियों के बजाए सीनियर मैनेजमेंट को आना चाहिए।

# फिल्म : 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस कमाये 28 करोड़

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने पहले ही दिन 28 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने शुक्रवार को इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 28.60 करोड़ रुपए कमाए, जिसके बाद यह फिल्म रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग देने वाली फिल्मों में शामिल हो गई है।

दरअसल, रणवीर की फिल्म 'पद्मावत' ने पहले दिन 24 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, रोहित शेट्टी की 'सिंबा' ने पहले दिन लगभग 20.72 करोड़ रुपए कमाए थे। सिर्फ इतना ही नहीं, धुरंधर ने




सलमान खान की 'सिकंदर' और अनीत पड्डा और अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सिकंदर ने जहां 26 करोड़ कमाए थे तो सैयारा ने 21 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं दूसरी ओर, 'तेरे इश्क में' पहले से ही थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन इसके बावजूद 'धुरंधर' ने सबसे मजबूत ओपनिंग हासिल की है तेरे इश्क में ने 7 दिनों में अब तक 86 करोड़ रुपए कमाए है। वहीं दूसरी ओर रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई।

डायरेक्टर आदित्य धर की यह फिल्म रिलीज के साथ ही दर्शकों और पहले शो देखने वालों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म की खासियत यह है कि यह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि जासूसी, थ्रिलर और खतरनाक मिशनों की कहानी है, जिसमें हर सीन रोमांच और सस्पेंस से भरा है। धुरंधर को जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनाया गया है, जिसमें ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर निमार्ता हैं। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी 1999 में हुए कउ-814 विमान अपहरण और 2001 के भारतीय संसद हमले की पृष्ठभूमि से प्रेरित है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com